सूर्योदय 6:13 सूर्यास्त 6:08

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.2 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.4 न्यू | 24.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85571.85 |
| निफ्टी | 26178.95 |
| सोना 77,815 | चांदी 96,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 29 सितंबर 2024 | 14 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 283, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




हरियाणा को भाजपा ने कर दिया बर्बाद : राहुल गांधी

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### वित्त मंत्री सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक स्पेशल कोर्ट के आदेश के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंत्री पर चुनावी बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें आरोप लगाया कि चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा उठाया।



### मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट, सुरक्षा बढ़ाई



**महाराष्ट्र।** मुंबई में एक बार फिर से आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है। आतंकी खतरे को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसी के अलर्ट के बाद चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है और मुंबई के सभी धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कर्मचारियों को इस बार सैलरी पहली को, पेंशन 9 को मिलेगी -पेज 2
- टांडा में लिफ्टें खराब, सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते सांसें फूलने से मरीज बेहाल -पेज 3
- चलती स्कूटी से निकला सांप फायर ब्रिगेड की टीम ने किया रेस्क्यू -पेज 9
- पर्यटन विकास को सरकार दे रही सर्वोच्च प्राथमिकताः बाली -पेज 10
- त्रीशा-गायत्री की जोड़ी मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में हारी -पेज 14


### प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और हिसार में किया धुआंधार चुनावी प्रचार, साधा निशाना

# नया भारत घर में घुसकर मारता है, गोली का जवाब गोले से : मोदी

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए 'भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद' से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

पीएम मोदी ने जम्मू के एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि '2016 में आज की रात ही सर्जिकल स्ट्राइक की थी। यह नया भारत है, घर में घुस



कर मारता है। अब गोली का जवाब गोले से दिया जाता है। आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ निकालेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने जम्मू क्षेत्र के साथ भेदभाव किया। यह मंदिरों का शहर है। मौका मत बर्बाद कीजिए, भाजपा सरकार बनेगी और यह आपके सभी मुद्दों को हल करेगी। यह चुनाव एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। पहले कांग्रेस, नेकां, पीडीपी नेता एवं उनके परिवार अपनी सरकारों से लाभान्वित हुए, जबकि आपने बर्बादी झेली है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस में हर कोई बनना चाह रहा हरियाणा का मुख्यमंत्री, 'बापू और बेटा' भी दावेदार : मोदी

**हिसार।** पीएम मोदी ने हरियाणा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में हर कोई मुख्यमंत्री बनने के लिए मारामारी कर रहा है। बापू (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) और बेटा' (दीपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार हैं। मोदी ने कहा कि हरियाणा की माताओं-बहनों ने नारा दिया है 'म्हारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा' और हरियाणा का विकास बिना रुके जारी रहना चाहिए, इसलिए लोगों ने भाजपा को तीसरी बार मौका देने का मन बना लिया है। हरियाणा में 5 अक्तूबर को मतदान होना है। मतदान का दिन नजदीक आने के साथ कांग्रेस नेताओं ने कहना शुरू कर दिया है कि हरियाणा में भी उन्हें मध्यप्रदेश जैसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। मध्यप्रदेश और राजस्थान के चुनावों में कांग्रेस ने झूठ का सहारा लिया, लेकिन उनके झूठ का गुब्बारा फूट गया और हरियाणा में भी यही होने जा रहा है।

### हरियाणा विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने जारी किया मेनिफेस्टो

# 25 लाख तक फ्री इलाज, महिलाओं को हर माह 2 हजार रुपए देने का वादा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**हरियाणा** चुनाव के लिए कांग्रेस ने 40 पन्नों का मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। इसे चंडीगढ़ में चुनाव ऑब्जर्वर अशोक गहलोत, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने जारी किया। मेनिफेस्टो में सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए, किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी व फसल खराब पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया है।

**2 लाख सरकारी नौकरी और सरकारी विभागों में ठेके पर भर्ती होगी बंद**

दो लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी और सरकारी विभागों में ठेके पर भर्ती बंद होगी।



**घोषणापत्र**

- मेनिफेस्टो में एसवाईएल नहर विवाद सुलझाने का वादा किया।
- किसान आंदोलन में मारे गए 700 से अधिक शहीद किसानों के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का वादा। किसानों की हर फसल एमएसपी पर बिकेगी।
- महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपए आएंगे। लोगों को 25 लाख तक फ्री इलाज मिलेगा। महिलाओं को नौकरी में मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण।
- सरकारी नौकरी और सरकारी विभागों में ठेके पर भर्ती बंद होगी। परिवार पहचान पत्र पोर्टल को रिव्यू करेंगे। सरकारी नौकरी में खेल कोटा बहाल होगा।
- शिक्षकों के खाली पद भरेंगे। राज्य शिक्षक चयन आयोग गठन व श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और संत रविदास जी के नाम पर विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। मेवात में यूनिवर्सिटी बनाएंगे। हर विधानसभा में एक महिला कॉलेज, हर ब्लॉक में महिला आईटीआई बनाएंगे। शिक्षकों की सेवा में 2 साल की बढ़ोतरी होगी।
- हर जिले में सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल सरकारी नर्सिंग कॉलेज, पैरा मेडिकल, मेडिकल तकनीशियन संस्थान खोले जाएंगे।

## एचपीयू हॉस्टल की 5वीं मंजिल से गिरा लॉ का छात्र, मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के हॉस्टल की 5वीं मंजिल से शुक्रवार रात को एक छात्र की गिरने से मौत हो गई। मृतक युवक विधि विभाग (लॉ) में प्रथम वर्ष का छात्र था। मृतक की पहचान किन्नौर जिले के रहने अखिल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्र पांचवीं मंजिल से कैसे गिरा, इसकी छानबीन की जा रही है।

## कुलगाम में मुठभेड़, जवानों ने 2 आतंकी किए ढेर

### पांच सुरक्षाबल भी घायल, श्रीनगर के बेस अस्पताल में करवाया भर्ती

**एजेंसी, कुलगाम**

**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। दोनों आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे।



वहीं, सेना के चार जवान और कुलगाम के एएसपी भी घायल हुए हैं। घायल जवानों को श्रीनगर के बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सेना को शनिवार सुबह कुलगाम के गदूरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ समेत सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाकर आतंकियों को घेर लिया। वहीं, मुठभेड़ स्थल से दो एके-47, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। जवानों ने शव बरामद कर लिए हैं। उधर, कठुआ जिले के सुदूर गांव में सूचना के आधार पर सेना के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त बल भेजकर इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## इसराइली हमले में मारा गया हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह ने इसराइली हमले में चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। इसराइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया। इसराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा। वहीं, ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का डिप्टी कमांडर अब्बास भी मारा गया।



## केंद्र से मिली 66 परियोजनाओं की एफसीए क्लीयरेंस : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है कि वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के मामलों को जल्द स्वीकृति मिले, ताकि लंबित परियोजनाओं का समय पर कार्यान्वयन हो सके।



राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने जनहित से जुड़ी विभन्न 66 परियोजनाओं को एफसीए क्लीयरेंस प्रदान की है। इसके अलावा, 77 सैद्धांतिक स्वीकृतियां भी सुनिश्चित की हैं, जिनमें शोंगटोंग, थाना पलाऊं विद्युत परियोजना, कई शैक्षणिक संस्थान, हेलिपोर्ट, पेयजल आपूर्ति और सड़क अधोसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार ने एफसीए और एफआरए मामलों की निगरानी के लिए उपायुक्तों, मंडलीय वन अधिकरियों और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया है।




## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल कॉलेज में सीएससीए कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय डिग्री कॉलेज चौपाल में महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ (सीएससीए) की कार्यकारिणी का गठन किया गया। महाविद्यालय की प्रेस सचिव सहायक आचार्य हिंदी विभाग बबिता ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में छात्र प्रतिनिधियों का चयन शैक्षणिक मेरिट के आधार पर किया गया, जिसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान को अध्यक्ष, सलोनी को उपाध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रेयांशी को सचिव तथा बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र राहुल को सह सचिव नियुक्त किया गया। इसी प्रकार आकृति को बीए प्रथम वर्ष, शगुन शर्मा बीए द्वितीय वर्ष, दिव्या बीए तृतीय वर्ष तथा अजय बीकॉम प्रथम वर्ष को कक्षा प्रतिनिधि चुना गया। रंजन बीए तृतीय वर्ष एवं काजल बीए तृतीय वर्ष को खेल प्रतिनिधि के रूप में तैनाती दी गई, जबकि बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं इशिता व मुस्कान को सांस्कृतिक प्रतिनिधि सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। बीए फाइनल ईयर की छात्रा तमन्ना तथा इसी कक्षा के छात्र मयूर को विभिन्न क्लब तथा सोसाइटी प्रतिनिधि सदस्य पद पर तैनात किया गया तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका व सन्नी को राष्ट्रिय सेवा योजना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

### डुंडी माता मंदिर कमेटी व व्यापार मंडल ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शरद नवरात्र एवं हर साल नवमी के दिन डुंडी माता मंदिर में होने वाले भंडारे की चर्चा हेतु महामाई डुंडी माता मंदिर कमेटी एवं व्यापार मंडल नेरवा की एक बैठक मंदिर के मीटिंग हॉल में मंदिर कमेटी अध्यक्ष बलदेव तंगड़ाईक तथा व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव भिख्टा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें दो दर्जन से अधिक कमेटी व व्यापार मंडल सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान सदस्यों ने कहा कि नवमी वाले दिन 11 अक्टूबर को चूड़धार में होने वाले शांद महायज्ञ में क्षेत्र के अधिकांश लोग इसमें शामिल होने के लिए चूड़धार जाएंगे। इनमें से कई लोग तो खाना बनाने एवं अन्य कार्यों के चलते दस अक्टूबर को ही चूड़धार के लिए प्रस्थान करेंगे। लिहाजा डुंडी मंदिर में हर साल नवमी के दिन होने वाले भंडारे को 11 अक्टूबर की जगह आठ अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बलदेव ने कहा कि इसके अंतिम निर्णय के लिए प्रथम नवरात्र वाले दिन तीन अक्टूबर को अंतिम बैठक की जाएगी एवं इसी दिन माता से भंडारे का दिन बदलने की इजाजत भी ली जाएगी। माता की इजाजत और सभी के निर्णय से भंडारे के आयोजन का अंतिम फैसला तीन अक्टूबर को लिया जाएगा।

### गर्भवती महिलाओं को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला में 3 दिवसीय एएनसी गुणवत्ता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें सीएचओ, हेल्थ वर्कर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण का आयोजन एनएचएम और जे एचपीआईईजीओ के समन्वय में किया गया। प्रशिक्षण का नाम एएनसी गुणवत्ता प्रशिक्षण और कार्यक्रम का नाम बॉर्न हेल्दी था। प्रशिक्षण में मशोबरा, मटियाना और सुन्नी ब्लॉक के लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

### पखवाड़ा का भव्य समापन और प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान ने हिन्दी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर एक उल्लेखनीय प्रदर्शनी की मेजबानी की। जिसका उद्घाटन शनिवार को हुआ। प्रदर्शनी का विषय 'ब्राह्मी से देवनागरी लिपि की विकास यात्रा' था, जिसे टैगोर अध्येता प्रो. ओम प्रकाश शर्मा ने सजाया था। संस्थान के सचिव मेहर चंद नेगी ने उद्घाटन किया और प्रो. शर्मा ने विषय पर एक गहन व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने देवनागरी लिपि के ऐतिहासिक विकास और इसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में उपस्थित सभी अध्येता, अधिकारी और कर्मचारियों ने इस विषय के महत्व को सराहा और इसे बहुत सराहना प्राप्त हुई। संस्थान ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया था। इस तरह के आयोजन संस्थान की समग्र विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कदम साबित होते है।

### टेक फेस्ट में छाए घुमारवीं कॉलेज के विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा एडवांस्ड न्यू एज ग्लोबल मैनेजमेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं के बीबीए विभाग ने अपनी विभिन्न प्रस्तुतियों अपने कौशल का परिचय दिया। इस कार्यक्रम के लिए हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने लीडरशिप स्किल और टीम बिल्डिंग के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी उनके समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मेजबान विश्वविद्यालय द्वारा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने, नवाचार, नेतृत्व कौशल और टीम निर्माण जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बीबीए विभाग से विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम प्रभारी रजनी ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों ने 'मेज ऑफ सीक्रेट्स गतिविधि में विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसमें टैगलाइन,पर्सनैलिटी पहचानना, ऑडियो-विजुअल राउंड, रैपिड फायर लोगो और प्रोडक्ट्स जैसी श्रेणियां शामिल थीं। इसके साथ ही, निवेशकों के शो केस गतिविधि में भी विद्यार्थियों का प्रयास सराहा गया।



### बेटियां हर क्षेत्र में निभा रहीं अहम भूमिकाः मंजू

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय उच्च विद्यालय गाहर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापिका मंजू देवी ने कार्यक्रम का आयोजन गाहर विद्यालय में करवाने के लिए विभाग का धन्यवाद किया और बेटी का महत्व विषय पर जानकारी दी। सके उपरांत वृत्त पर्यवेक्षक विक्रांत चैहान ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियां आज के समय में हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या खेल कूद के साथ प्रसाशनिक क्षेत्र सब जगह बेटियाँ अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रही है एपरतुं बेटियों को सही समय पर सही शिक्षा व सही पोषण देना भी हम सभी का कर्तव्य है।




**संजौली मस्जिद विवाद** | शिमला सहित 16 स्थानों पर हिंदू संगठनों का विरोध

# देवभूमि संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संजौली मस्जिद विवाद को लेकर मामला थम नहीं रहा है। हिमाचल प्रदेश में शनिवार को शिमला सहित 16 स्थानों पर संजौली मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को लेकर देवभूमि संघर्ष समिति के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने जमकर प्रदर्शन किए। देवभूमि संघर्ष समिति के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने एकत्रित होकर शिमला डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया।

इस दौरान हिंदू संगठनों ने सरकार से मस्जिद में हुए अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं बाहर से हिमाचल प्रदेश में आने वाले लोगों का वेरिफिकेशन करवाने की मांग की। देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक भारत भूषण ने कहा प्रदेश में शनिवार को संजौली मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को लेकर 16 स्थानों पर प्रदर्शन हो रहा है। मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को लेकर 5 अक्टूबर को आने वाले फैसले का हम इंतजार कर रहे हैं. सरकार इस मामले में किसी तरह की लीपापोती न करे।


प्रदर्शन करते हुए देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य।

हाल में संजौली की मस्जिद में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के नेता शोएब जमई आए थे। इसको लेकर देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक भारत भूषण ने सवाल किया कि वह शख्स मस्जिद में कैसे पहुंचा जबकि मस्जिद को पुलिस ने सील किया था, बावजूद इसके अभी तक शोएब जमई के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### गुम्मा बाजार में निकाला सद्भावना मार्च

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** गुम्मा बाजार में देव भूमि संघर्ष समिति ने संयोजक सुंदर सिंह नरसैईक की अध्यक्षता में सद्भावना मार्च का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुंदर सिंह नरसैईक, राजिंद्र शर्मा, यूधवीर सिंह और अंशुल चौहान थे। मार्च का समापन हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## बच्चों के सीडब्ल्यूएसएन के लिए होंगे यूनिफाइड स्पोर्ट्स

**अनंत ज्ञान, शिमला**

समग्र शिक्षा हिमाचल के स्कूलों के विशेष अवश्यक्ता वाले बच्चों सीडब्ल्यूएसएन के लिए यूनिफाइड स्पोर्ट्स का आयोजन करेगा। इसके लिए समग्र शिक्षा ने स्पेशल ओलंपिक भारत के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू किया है।

समग्र शिक्षा की ओर से राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा और स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से स्पेशल ओलंपिक्स हिमाचल के क्षेत्रीय निदेशक परिक्षित मेहदुडिया ने 28 सितंबर को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इसके बाद अब हिमाचल के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सीडब्ल्यूएसएन के लिए यूनिफाइड स्पोर्ट्स का आयोजन किया जा सकेगा। इसके तहत पहले चरण में शिक्षकों और कोचों को उनकी क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित स्कूलों के कोचों को यूनिफाइड स्पोर्ट्स में विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके दूसरे चरण में राज्य स्तर पर विशेष आवश्यकता वाले और सामान्य छात्रों के लिए यूनिफाइड गेम्स का आयोजन किया जाएगा।

यूनिफाइड स्पोर्ट्स में स्कूलों के विशेष अवश्यक्ता वाले और अन्य बच्चे एक ही टीम का हिस्सा बनकर खेलेंगे।


समग्र शिक्षा और स्पेशल ओलंपिक भारत के बीच एमओयू साइन

### सीमा कॉलेज में युवा उद्यमी क्लब ने करवाई पावर प्वाइंट प्रतियोगिता

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में वाणिज्य विभाग के युवा उद्यमी क्लब द्वारा एक पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रही।

कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग से प्रो. परमिला कायथ एवं प्रो. दिव्यांशी शर्मा के निर्देशन में किया गया। निर्णायक मंडल में रेणु चौहान, प्रो. रवि प्रकाश एवं प्रो. दीपक नेगी रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीकॉम द्वितीय वर्ष की श्रुति ने प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)


प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र व अन्य।

### जुब्बल के मगावटा में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

**रोहड़ू।** जुब्बल के मगावटा में ओमप्रकाश शर्मा द्वारा दिवंगत बेटे की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ। अंतिम दिन कथा में क्षेत्रीय देवता कुलथू महाराज की विशेष उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को धार्मिक गरिमा प्राप्त हुई। कथा का समापन आचार्य व्यास सुनील शर्मा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए किया गया। आचार्य सुनील शर्मा को विदाई दी गई।

## थुनाग हॉर्टिकल्चर कॉलेज को बंद करना साजिश : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार पूर्व सरकार के कामों को एक-एक कर बंद कर रही है। अब थुनाग उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज को भी बंद कर रही है। पूर्व सरकार द्वारा कॉलेज के निर्माण के लिए दी गई 10 करोड़ रुपए की धनराशि भी वापस मंगवा ली। सत्ता में आने के साथ ही सुक्खू सरकार ने अपना इरादा साफ़ कर दिया था कि वह सिर्फ विनाश के काम करेगी विकास के नहीं। यह सरकार इतिहास में स्कूल-अस्पताल-कॉलेज बंद करने के लिए जानी जाएगी। विकास के काम रोकने और शिक्षा व्यवस्था बर्बाद करने के लिए जानी जाएगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी विधान सभा सत्र के दौरान 30 अगस्त को मेरे द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में कहा था कि सरकार थुनाग के उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज को बंद नहीं कर रही है। उसे पूरी मजबूती के साथ चलाएगी। उसका हर संभव विकास करेगी लेकिन सदन में वादा करने के बाद भी सरकार अपने वादे से मुकर गई है। सत्ता में आने के साथ ही तालाबंदी की मुहिम पर काम कर रही सुक्खू का यह कदम शर्मनाक हैं। भाजपा सरकार के समय के कामों को टारगेट करना भाजपा सहन नहीं करेगी।

## कांग्रेस ने हमेशा भारतीय सेना का अपमान किया : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हरियाणा चुनाव के अंतर्गत शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने चुनावी रैली में जनता को संबोधित करते हुए कहा वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा से ही लोकसभा चुनाव प्रचार शुरू किया था।

उस वक्त उन्होंने कहा था कि सेना के जवानों एवं परिवारों की वन रैंक वन पेंशन की जो लंबित मांग है उसे भारतीय जनता पार्टी पूरा करेगी। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी-मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार तक, 40 सालों तक कांग्रेस की सरकारों ने वन रैंक वन पेंशन की मांगें पूरी नहीं की। हरियाणा के लोगों ने वर्ष 2014 मे नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया और माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2015 में वन रैंक वन पेंशन की मांग को लागू कर दिया। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा संस्करण भी लागू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने हमेशा भारतीय सेना का अपमान किया है। कांग्रेस ने देश के सेना अध्यक्ष को गुंडा कहा। कांग्रेस ने भारतीय सेना का सम्मान नहीं किया और सेना के बारे भ्रांतियां फैलाई है। भाजपा ने हरियाणा में भ्रष्टाचार का नामोनिशान समाप्त कर दिया।

हरियाणा में पहले कांग्रेस की सरकार कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। कांग्रेस की सरकार में डीलर, दलालों एवं दमादों का राज चलता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में न डीलर बचे और न ही दलाल बचे, दामाद की बात ही नहीं।

### बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चिड़गांव ई. सत्यपाल भटवान ने जारी प्रेस बयान में बताया कि विद्युत उपमंडल चिडगांव-1 की आम जनता को सुचित किया जाता है कि 22 केवी कंट्रोल प्वाइंट चिड़गांव याक्ष एचटी लाइन की मरम्मत के चलते अनुभाग गुशाली, चिडगांव, जांगला, देवीधार, चिडगांव बाजार, बडियारा, मसली, ढाकगांव, जिगाह, संदासू, खशधार, रणसार आदि का क्षेत्र में 29 सितंबर को सुबह 10 बजे से बंद रहेगी।

## कर्मचारियों को इस बार सैलरी पहली को, पेंशन 9 को मिलेगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा सरकारी कोषागार में होने वाले 'नकदी के प्रवाह' की समीक्षा करने के पश्चात निर्णय लिया गया है कि सरकारी कर्मचारियों को सितम्बर माह का वेतन 1 अक्टूबर तथा पेंशन का भुगतान 9 अक्टूबर को किया जाएगा। पिछले माह प्रदेश के कर्मचारियों को वेतन 5 सितंबर व पेंशनरों को 10 सितम्बर 2024 को पेंशन का भुगतान किया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीकों से उपयोग करने की दिशा में यह कदम उठाया गया था।

प्रवक्ता ने कहा कि 4 सितंबर को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्पष्ट किया था कि सितम्बर महीने के वेतन के लिए वित्तीय स्थिति का आकलन करने के बाद 28 या 29 सितंबर को निर्णय लिया जाएगा क्योंकि कई कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने बैंकों से ऋण लिया है तथा मासिक किश्त पहली तारीख को अदा करनी पड़ती है।

# बिलासपुर में चार अक्तूबर को 10 हजार भाजपा कार्यकर्ता करेंगे नड्डा का स्वागत

### केंद्रीय मंत्री शहर में जनसभा, एम्स विजिट, जिला बार संघ व दुर्गा पूजा में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और उर्वरक रसायन मंत्री बनने के बाद पहली बार जगत प्रकाश नड्डा 4 अक्तूबर को बिलासपुर पहुंच रहे हैं। जेपी नड्डा के बिलासपुर दौरे को लेकर शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा, सदर विधायक त्रिलोक जम्बाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा के आगमन को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन भी किया गया। इसमें सभी बूथों से भाजपा कार्यकर्ता इस आयोजन पर पहुंच रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि बिलासपुर जिला से 10 हजार भाजपा कार्यकर्ता जेपी नड्डा का स्वागत करेंगे। 4 अक्तूबर को बिलासपुर आ रहे जेपी नड्डा सुबह भाषा विभाग के नए भवन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद नड्डा जिला बार संघ की बैठक में भाग लेंगे, उसके बाद वह बिलासपुर एम्स को दौरा भी करेंगे। उसके बाद जेपी नड्डा नगर के धौलरा मंदिर में प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले दुर्गा पूजा में भाग लेंगे।



आपको बता दें कि जेपी नड्डा का एक दिवसीय दौरा बिलासपुर का ही है। उनके स्वागत के लिए बिलासपुर में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पहुंच रहे हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि बिलासपुर के बाद जेपी नड्डा शिमला व अन्य जिला का भी दौरा कर सकते हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। ऐसे में बिलासपुर जिला में 1 लाख सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और अभी तक 50 हजार कार्यकर्ताओं की सदस्यता पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 लाख लोगों की सदस्यता रखी गई है। भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से इतिहास दोहराएगी।

## महेंद्र धर्माणी ने महिला अपराधों पर घेरी प्रदेश की सुक्खू सरकार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार को जमकर घेरा। शनिवार को दिए अपने बयान में धर्माणी ने कहा कि अपराधियों के सामने प्रदेश की पुलिस बौनी साबित हो रही है, क्योंकि पिछले काफी समय से प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। लेकिन सरकार तथा पुलिस रोकने में नाकाम साबित हुई है।

उन्होंने बीते बुधवार को घुमारवीं में एक महिला के बर्बरता के साथ की गई मारपीट व अश्लील हरकत के मामले में पुलिस के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस घटना को चार दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले में कोई भी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार के नेता तथा पुलिस के अधिकारी बड़े.बड़े बयान देते हैं कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है । शीघ्र ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे, लेकिन अपराधी किस प्रकार शहर में राज कर रहे हैं। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अपराधी शहर की गलियों में रात्रि के समय अकेली महिलाओं को देखकर उनके साथ छेड़छाड़ तथा मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस रात को सोई रहती है।

उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ बिल्कुल निकल चुका है। कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था को लागू करने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## जुखाला में आदित्य बने केंद्रीय छात्र परिषद के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सत्र 2024-25 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद का गठन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी की अध्यक्षता में हुआ।

सभी मनोनीत सदस्यों का चयन मैरिट के आधार पर किया गया है। कार्यकारिणी में प्रधान पद के लिए आदित्य ठाकुर, उपप्रधान अंशिता चौधरी, सचिव आस्था पाठक और संयुक्त सचिव के लिए रिमझिम मनोनीत किए गए हैं। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में शिवानी ठाकुर,रीना देवी, रिजूल, रश्मि, सपना देवी को मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य क्लब और समिति से अन्य सदस्य अभिषेक, पलक, निशा साहनी, रंजीता शर्मा, मानवेंद्र सिंह ,श्वेता ठाकुर, सुदीक्षा धीमान, मोहित शर्मा, मोहित ठाकुर, भावना शर्मा को मनोनीत किया गया है। इस बात की पुष्टि महाविद्यालय के प्राचार्य ने की है।

**अंशिता चौधरी उपप्रधान आस्था पाठक सचिव और रिमझिम संयुक्त सचिव**

## महिला से छेड़छाड़ और मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में बीते बुधवार देर रात एक महिला के साथ हुई छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आरोपियों का फोन ट्रैक पर लगाकर लगातार पुलिस उनकी हर हलचल पर नजर रखे हुए थी। शनिवार दोपहर जैसे ही पुलिस को इन आरोपियों को में से एक युवक के ठिकाने का पता चला तो पुलिस ने दबिश देकर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस मामले में पुलिस द्वारा पीड़ित महिला के बयान शुक्रवार को ही कोर्ट में दर्ज करवा दिए गए थे। शनिवार को हुई इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा पीड़ित महिला को युवक की शिनाख्त करने के लिए पुलिस थाना बुलाया गया। जहां पर पीड़ित महिला ने युवक को पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ शुरू कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## बरठीं में 100 दिव्यांगों का किया आकलन

**गोपाल कपिल, झंडूता**

स्पर्श कार्यक्रम के अंतर्गत अडिप तथा व्योश्री योजना के माध्यम से झंडूता ब्लॉक के अंतर्गत शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार के देखरेख में विश्राम गृह बरठीं में आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार ने बताया कि जिला रेड क्रॉस कमेटी और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलोल और बरठी में आकलन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर तथा वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने हेतू आकलन किया गया। उन्होंने बताया कि गत दिन कलोल में भी 136 लोगों का आकलन किया गया और बरठीं में 100 से ज्यादा लोगों का आकलन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के पिछले लोगों को हर संभव सहायता करने के लिए वचनबद्ध है उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत निराश्रित को आश्रय देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देने के लिए सबल योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्ता वाली शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सहायता का उपयोग करने का हक होना चाहिए। मुख्यमंत्री सबल योजना का लक्ष्य विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों और उनके साथियों के बीच की खाई को पाटना है, ताकि उनकी प्रतिभा और क्षमता की देखभाल करने वाला एक वातावरण प्रोत्साहित हो सके। (अनंत ज्ञान)



**जानकारी** | भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत कामगारों का करवाई जाएगी केवाईसीः नरदेव सिंह कंवर

# प्रदेश में खोले जाएंगे 42 कार्यालय, 250 पद होंगे सृजित

**निक्कू राम, बरठी**

भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेश में 42 कार्यालय खोले जाएंगे और कार्यालयों के संचालन के लिए 250 पद सृजित होंगे। यह जानकारी बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने झंडूता के बरठी में विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कामगार लोगों को विभाग की ओर से चलाई जारी रही योजनाओं का लाभ घर द्वार पर उपलब्ध करवाने के लिए कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि मजदूरों को अपना पंजीकरण और विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए अपने काम और दिहाड़ी का नुकसान न हो।



इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने मूर्तिकार, कुम्हार, पत्तल ढोने बनाने वाले और ट्रेक्टर चलाने वालों को भी विभाग की अंतर्गत पंजीकृत करने का नीना लिया गया है इसके अतिरिक्त एक नारियों पंचायतों में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित बेरोजगारों युवाओं जिसने फिटर इलेक्ट्रीशियन पलंबर इत्यादि को भी विभाग माध्यम से पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली भाजपा सरकार ने विभाग के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ को रोक दिया था जिसके चलते लंबे समय से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विभाग की सभी योजनाओं को दुबारा से लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि गरीब कामगार लोगों के लिए पुरानी सभी बिलो और सुविधाओं का निपटारा जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही विभाग सभी शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग की सभी योजनाओं को हाईटेक माध्यम से सुलझाया जाएगा और विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए सभी योजनाओं को ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग के अंतर्गत 4 लाख 50 हजार लोग पंजीकृत हैं और जल्द ही सभी लोगों की केवाईसी करवाई जाएगी, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल सके। इस अवसर पर विभाग की ओर से 60 से अधिक लोगों को इंडक्शन हीटर और सोलर लैंप वितरित किए गए। (अनंत ज्ञान)

# चूड़धार को शिरगुल महाराज के नाम से भी जाना जाता, यहां भगवान शिव अपने परिवार के साथ रहते थे







हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में सबसे ऊंची चोटी चूड़धार को शिरगुल महाराज के नाम से जाना जाता है। चोटी पर 'शिरगुल महाराज' मंदिर की भी स्थापना की गई है। इन्हें सिरमौर और चौपाल का देवता माना जाता है। यह मंदिर प्राचीन शैली में बना है, जिससे इसके स्थापना काल का पता चलता है। यहां वर्ष भर सैलानियों का तांता लगा रहता है। इस देव स्थान को ट्रैकिंग के लिए भी जाना जाता है। इसके अलावा चट्टान का नाम चूरु रख गया है। कहा जाता है कि हिमाचल प्रवास के दौरान आदि शंकराचार्य ने इस स्थान पर शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर एक चट्टान भी मिलती है, जिसे लेकर मान्यता है कि यहां पर भगवान शिव अपने परिवार के साथ रहते थे। मंदिर के पास ही दो बावड़ियां हैं। मंदिर जाने वाले सभी श्रद्धालु पहले बावड़ी में स्नान करते हैं। उसके बाद मंदिर में प्रवेश करते हैं। (फोटो व विवरण: रवींद्र जस्टा)

## शौयरी मेला



हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में व्यासर में शौयरी मेले के दौरान परंपराओं का निर्वहन करते हुए लोग। इस मेले की दूर-दूर तक मान्यता है।

## जमासनी देवी




ऊना जिला के बंगाणा में प्राचीन मंदिर जमासनी देवी जी जहां पीपल के पेड़ ने मंदिर का स्वरूप ले रखा है।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर



बिलासपुर शहर के बीचों बीच स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का चित्र। वास्तुकला की दृष्टि से यह मंदिर शिखर शैली में बनाया गया है। इस मंदिर के ईष्टदेव भगवान विष्णु हैं। यहां उनकी पूजा पत्नी लक्ष्मी के साथ की जाती है। इस मंदिर में भगवान विष्णु के अलावा शिव, रंगनाथ, मां दुर्गा, बाबा बंगाली की तरह अन्य देवताओं की मूर्तियां भी मौजूद हैं।

## वोट की सवारी



बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में मोटर वोट सवारियों को नगर के नाले के नौन से ऋषिकेश लेकर जाता हुआ। यहां अक्सर लोग वोटिंग का लुत्फ उठाते हैं।





छोटी काशी मंडी में ऐतिहासिक गोल पौड़ियों के पास नगर निगम मंडी द्वारा बनाई गई बौद्ध गुरु पद्मसंभव व राजकुमारी मंदर्वा की मनमोहक प्रतिमाएं। गौर हो कि पास ही इनके मंदिर में विश्वभर से बौद्ध दर्शन करने आते हैं। बौद्ध अनुयायी रिवालसर की यात्रा को तभी सफल मानते हैं, जब इनके मंदिर में शीश नवाते हैं। (फोटो व विवरण: अनिल शर्मा)

## कांगड़ा वैली कार्निवल



जिला कांगड़ा के धर्मशाला में कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान उपायुक्त कार्यालय परिसर से पुलिस मैदान तक निकाली गई शोभा यात्रा में स्थानीय कलाकार और नाट्य दल पारंपरिक परिधान में झूमते हुए नजर आए। स्थानीय सांस्कृतिक दलों ने गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य को दर्शाती हुई प्रस्तुतियों से शोभा यात्रा को जीवंत बना दिया। शोभा यात्रा के पुलिस मैदान पहुंचने पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन और लोक नृत्यों के समागम से पूरे महौल ने एक सुंदर उत्सव का रूप धारण किया। इस दौरान सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ स्थानीय लोग अपनी उत्सवधर्मी संस्कृति के रंगों में रंगे नजर आए। (फोटो व विवरण: पुनीत)





## श्री चिंतपूर्णी महोत्सव



माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार लखविंद्र वडाली प्रस्तुति देते हुए, तथा (नीचे) सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार, व (दाएं) मेले के दौरान लगे झूलों का आनंद लेते लोग।

अनंत ज्ञान
आपका अखबार... आपके लिए
हर गांव कुछ कहता है
सीरीज
कल पढ़िए कहानी
जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में बसे एक खूबसूरत गांव की

## न्यूज ब्रीफ

### चेस में लॉरेंट ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता जिसका आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा में किया गया था। उसमें लॉरेंट ग्लोबल स्कूल के पांच विद्यार्थियों आरुष, अक्षज, दिव्यांश, आयुष्मान तथा अभय ने अंडर-19 चेस में भाग लिया। सभी विद्यार्थियों के टीमवर्क द्वारा लॉरेंट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हैरानी की बात यह है कि यह सभी खिलाड़ी बहुत छोटे तथा कुशाग्र हैं। इसके अतिरिक्त दो खिलाड़ियों दिव्यांश व आयुष्मान का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी स्कूल के विद्यार्थी, अध्यापक गदगद हैं। स्कूल के एमडी डॉ. रन सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत हार पहनाकर किया। स्कूल की प्रधानाचार्य व अध्यापक गण ने भी बच्चों को बधाई दी है।

### जुजुपुर की खुशी ने ताईक्वांडो में जीता गोल्ड



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शहीद रणजीत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय जुजुपुर की दसवीं कक्षा की छात्रा खुशी देवी ने अंडर-19 ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे चंगर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 26 सितंबर तक देहरा स्कूल में हुई। खुशी देवी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 28 से 30 अक्तूबर तक शिमला में भाग लेगी। स्कूल पहुंचने पर मुख्य अध्यापक ओमकार शर्मा और स्टाफ सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर इस बच्चे का जोरदार स्वागत किया। मुख्य अध्यापक ने कहा कि यह बच्चा खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल आता है। उन्होंने इसका श्रेय स्कूल के शारीरिक शिक्षक राजेश ठाकुर और खुशी के माता-पिता को दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### तीन स्कूलों के छात्रों ने किया विज्ञान केंद्र का भ्रमण



**अनंत ज्ञान, डरोह।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्कृति दिवस के उपलक्ष्य पर विज्ञान केंद्र पालमपुर में आज तीन विद्यालयों के 73 छात्रों ने भ्रमण किया, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सल्हू के 27 छात्र, भौंडा के 16 और 30 विद्यार्थी एबीएम ठाकुर द्वारा के थे। केंद्र के शिक्षा सहायक अमितेश ने बताया कि विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक विधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एबीएम ठाकुरद्वारा के छात्रों ने बाजी मारी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने में उक्त केन्द्र महत्पूर्ण योगदान दे रहा है। इस दौरान तीनों स्कूलों के अध्यापक भी मौजूद रहे।

### जयसिंहपुर में विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर के खिलाड़ी छात्रों का शनिवार को स्कूल प्रांगण में स्वागत किया गया ।खिलाड़ी बच्चों के सम्मान में बाजार में एक रैली भी निकाली गई। वर्ष 2024-25 खिलाड़ी छात्रों ने भिन्न भिन्न खेलों में खंड एवम जिला स्तर पर पांच ट्रॉफी जीती हैं।इस वर्ष 16 खिलाड़ी छात्र और छात्राएं राज्य स्तरीय खेलों में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। स्कूल और पूरे इलाके के लिए हर्ष की बात है।

### बच्चों को सुनाई शहीद भगत सिंह की गाथा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की 117 जयंती पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कछियारी में भगत सिंह ग्रुप के लड़कों ने बच्चों को भगत सिंह के द्वारा जो देश के लिए बलिदान दिया उसके बारे में बताया। लड़कों ने टांडा मेडिकल कॉलेज में जाकर ब्लड डोनेशन भी किया। इसमें इशांत चौधरी, सौरव चौधरी, रबल गुप्ता, पंकज चौधरी, पंकज, अभिषेक, अब्बू कौशल सैनी, राहुल सैनी, मोहित राणा जोभी भाई, बनी भाई, शिवचरण नंदन शर्मा, नवदीप सैनी, मिलन आदि मौजूद रहे।

### ढाटी में किया युवा संसद कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में युवा संसद कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें नवमी से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अध्यक्ष, महासचिव, प्रधानमंत्री, विदेशी मेहमान, प्रेस एवं पक्ष तथा विपक्ष की भूमिका बड़े अच्छे ढंग से निभाई। अध्यक्ष की भूमिका सलोनी ने, महासचिव की भूमिका निशांत ने, प्रधानमंत्री की भूमिका प्राची ने, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका आर्यन ने एवं मार्शल की भूमिका अभिषेक ने निभाई।इस दौरान विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर तीखे प्रश्नों की बौछार की। इस बीच युवा संसद में महिला सुरक्षा, नई शिक्षा नीति, कर व्यवस्था इत्यादि विषयों पर विपक्ष द्वारा तीखे प्रश्न किए गए, जिनका सत्ता पक्ष ने नकारात्मक तरीके से उत्तर दिए। प्रश्न काल के पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने परीक्षाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरुद्ध विधेयक पेश किया गया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।



### गवाल टिक्कर में आपदा में बचाव के तरीके सिखाए

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** हिमाचल प्रदेश होम गार्ड 9वीं बटालियन कंपनी पालमपुर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गवाल टिक्कर में आपदा प्रवंधन के तहत मार्क ड्रील की गई । इस मौके पर उन्होंने बच्चो को आपदा के समय हिम्मत व हौसला बनाए रखते हुए आपदा से बचाव के बारे मे विभिन्न तरीके बताए। प्राचार्य प्रदीप सिंह व शरीरिक अध्यापक रंजीत सिंह ने भी आपदा प्रवंधन की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने होमगार्ड टीम का भी आभार व्यक्त किया ।



# टांडा में लिफ्टें खराब, सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते सांसें फूलने से मरीज बेहाल

## अस्पताल में व्यवस्थाएं चरमराईं, रस्सियों से बांधकर खींचे जा रहे स्ट्रेचर और व्हील चेयर्स

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा में मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों की सांसे अब फूलने लगी हैं, क्योंकि अस्पताल की लिफ्टें हांफने लगी हैं व दम तोड़ती नजर आ रही हैं। इसकी वजह अस्पताल प्रशासन द्वारा लिफ्टों की मेंटिनेस का काम समय पर नहीं करवाया जाना है।

बता दें मेडिकल कॉलेज टांडा में स्थापित लिफ्टों में एकाध लिफ्टें ही कार्य कर रही हैं, लेकिन ये लिफ्टें भी कितना समय काम करती हैं, इसका भी कोई भरोसा नहीं है। लिफ्टों के बंद होने के कारण मरीजों सहित स्टाफ को भी सीढ़ियों के रास्ते प्रथम मंजिल से लेकर चौथी मंजिल तक जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।







टांडा में बंद पड़ी लिफ्ट

गौरतलब है कि टांडा अस्पताल में रोजाना हजारों की तादाद में मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं, लेकिन उन्हें सुविधाएं देने में अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। ये लिफ्टें लगभग चार माह से खराब पड़ी हुई, जिसकी तरफ शायद अभी तक प्रशासन की नजर नहीं जा रही है। या यूं कहें कि प्रशासन सब कुछ जानकार मूकदर्शक बना हुआ है। प्रशासन के इस उदासीन रवैए से मरीजों व स्टाफ के लोगों को भारी परेशानियों को झेलना पड़ रहा है।

लिफ्टों के खराब होने से मरीजों खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों वा इमरजेंसी से वार्डों में शिफ्ट होने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बजट करोड़ों का, सुविधाएं नाममात्र

**टांडा** मेडिकल कॉलेज को हर साल करोड़ों का बजट मिलता है, बावजूद इसके अस्पताल में व्यवस्थाएं चरमराई रहती हैं। कभी अस्पताल में मरीजों को लिफ्ट के लिए परेशान होना पड़ रहा है तो कभी अस्पताल में मिलने वाली मुफ्त दवाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में पड़े स्ट्रेचर और व्हील चेयर को भी रस्सियों से बांधकर चलाया जा रहा है।

### क्या कहते हैं टांडा अस्पताल के एमएस



**टांडा** अस्पताल के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा ने कहा की बंद पड़ी इन लिफ्टों की मेंटिनेस का एस्टीमेट बनाकर पीडब्ल्यूडी को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक यहां नई लिफ्टें नहीं लग जातीं, तब तक ऐसा ही चलता रहेगा। जब उनसे पूछा गया कि यह तो स्थिति ऐसी है कि स्ट्रेचर और व्हील चेयरों को रस्सियों से बांधकर काम चलाया जा रहा है तो उन्होंने कहा की 50 खराब व्हील चेयरों और स्ट्रेचरों को ठीक करवाने के लिए भेजा है।

# सुरक्षित भवन निर्माण के लिए जागरूक किए जाएंगे लोग

## उपायुक्त ने किया 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ, घर-घर दस्तक देंगी टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अपने परिवार के लिए सुरक्षित और मजबूत घर बनाना हर व्यक्ति का सपना होता है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि घर बनाते समय सुरक्षित निर्माण की तरफ ध्यान नहीं देने की वजह से विकट परिस्थितियों में घर ही जीवन के लिए खतरा बन जाता है। इसलिए घर बनाने के पूर्व उसकी सुरक्षा और मजबूती से जुड़े हर पहलू पर कार्य करना जरूरी है।

समर्थ-2024 के तहत सुरक्षित भवन निर्माण को लेकर दस्तक अभियान का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने यह बात कही। दस्तक अभियान के पैम्फलेट को लांच करते हुए उपायुक्त ने सुरक्षित भवन निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण 13 अक्तूबर तक घर-घर दस्तक देकर लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के बारे में जागरूक करेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र भुकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं को लेकर अति संवेदनशील है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भूकंप जान नहीं लेते, बल्कि इमारतें जान लेती हैं। इन सभी बातों को देखते हुए सुरक्षित और सुदृढ़ निर्माण अति आवश्यक हो जाता है।

डीसी ने कहा कि यह ध्यान रखा जाना भी जरूरी है कि यदि हमारे निर्माण के स्थान का चयन उपयुक्त हो और निर्माण में बुनियादी नियमों का ध्यान रखा जाए तो हम आपदाओं से होने वाले नुकसान को व्यापक रूप से कम कर सकते हैं।



### स्थिर और सुरक्षित भूमि पर ही बनाएं भवन

**उपायुक्त** ने कहा कि भवन बनाने के लिए भूमि का चयन करते समय कोशिश करें कि वह नदी, नालों, सीधी पहाड़ियों से दूर हो और ऐसी भूमि को भी न चुने, जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। घर बनाने से पहले मिट्टी की जांच कराएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह स्थिर और सुरक्षित है। जहां तक संभव हो, घर बनाते समय किसी कुशल अभियंता से सलाह लें या प्रयास करें कि घर का निर्माण किसी प्रशिक्षित मिस्त्री से ही करवाएं। प्रशिक्षित मिस्त्री आपको सुरक्षित और सुदृढ़ निर्माण में मदद कर सकते हैं।

### हर पंचायत से 5-5 मिस्त्रियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**उन्होंने** कहा कि आम जनमानस के लिए सुरक्षित भवन निर्माण में सुविधा देने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हर पंचायत से 5-5 मिस्त्रियों का प्रशिक्षण कर रहा है। आप अपने नजदीकी खंड विकास अधिकारी के दफ्तर से इनका विवरण प्राप्त कर सकते हैं और सुरक्षित भवन निर्माण में इनकी सहायता ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने कहा कि विस्तार में भूकंप रोधी मकान बनाने के बारे में जानकारी के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइट में भूकंप रोधी भवन निर्माण मार्गनिर्देशिका देखें।

# खटेहड़ में परोसा लुगड़ी का खट्टा, गुलगुले और पतरोड़े



**अनंत ज्ञान, गगल**

जागोरी संस्था ने महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेहड़ में पारंपरिक पौष्टिक आहार महोत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्रों को पारंपरिक पोषक आहार के प्रति जागरूक करना था, जो आधुनिक समय में बाजार में उपलब्ध पैकेट और फास्ट फूड के बढ़ते प्रचलन के कारण विलुप्त होते जा रहे हैं। जागोरी टीम और समिति के सदस्यों ने विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें रागी की खीर, गुलगुले, घड़ी रोटियां, आटे का हलवा, विभिन्न दालों के पकौड़े, लुगड़ी का खट्टा, धुग्नि, कद्दू की सब्जी, पतरोड़े, स्यूल की लस्सी, मीठी रोटियां और देशी चावल जैसे पोषक व्यंजन शामिल थे। जागोरी की वरिष्ठ कार्यकर्ता आशा ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हम अपने बच्चों को फास्ट फूड के माध्यम से स्वास्थ्य समस्याएं दे रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को फास्ट फूड से हटाकर घरेलू, पारंपरिक भोजन की ओर प्रेरित करना चाहिए, और कम से कम महीने में एक बार पारंपरिक व्यंजन अवश्य घर में बनाना चाहिए। स्कूल के प्रिंसिपल अरुण शर्मा ने जागोरी संस्था का आभार करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों और समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और उनके स्वस्थ भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बच्चों के मध्यान भोजन में पारंपरिक आहार को शामिल करने के लिए विचार करने के लिए आश्वासन दिया।

# नुक्कड़ नाटक व रैली से जागरूक किए लोग

**सालबिया शर्मा, गरली**

ठाकुर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एमडी डॉ. राजेश ठाकुर के आदेशानुसार पैरा वेटरनरी साइंसेज विभाग ने विश्व रेबीज दिवस पर एक रैली का आयोजन किया और साथ ही एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। प्रिंसिपल डॉ. विनोद राणा ने कहा कि इस रैली का हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था कि रेबीज एक बहुत ही जानलेवा बीमारी है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अगर उनके घर में कोई पालतू जानवर है तो उसे रेबीज का टीका जरूर लगवाना चाहिए, ताकि वे अपने कुत्ते को इस जानलेवा बीमारी से बचा सकें और खुद को भी बचा सकें। पैरा वेटरनरी विंग के द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षित ने नुक्कड़ नाटक की टीम का नेतृत्व करते हुए बहुत ही शानदार तरीके से लोगों को रेबीज के बारे में जागरूक किया और पैरा वेटरनरी साइंसेज के छात्र शिवांश, शिवम, अनिल चंदन, हिमांशु और रमन ने ढलियारा, देहरा और नेहर पुखर के आवारा कुत्तों को एंटी रेबीज के टीके भी लगाए। (अनंत ज्ञान)




# धीरा फीडर के तहत एक अक्तूबर को पावर कट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड के अधीन विद्युत उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि 1 अक्तूबर दिन मंगलवार को 11केवी धीरा फीडर की मरम्मत व उचित रखरखाव हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों धीरा, कुहाना, नौरा, डईं और गांव रक्कड़ में सुबह 9:30 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।




# पुलिस ने नशे और नकदी के साथ 3 युवक किए गिरफ्तार



नशे की खेप और नकदी के साथ पकड़े गए आरोपी।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर पुलिस ने 3 युवकों से 3.08 ग्राम चिट्टा, 140 ग्राम चरस, 2,40,000 रुपए नकद और एक छोटा तराजू बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने थाना प्रभारी भूपिंदर ठाकुर के नेतृत्व में की। पुलिस ने यह गिरफ्तारी बीएसएनएल कार्यालय के सामने शुभकरण के घर पर छापेमारी के दौरान की। इस दौरान पुलिस ने शुभकरण के अलावा आईमा से गौरव और पंचरुखी के साहिल को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों की नकदी मिलना संकेत करती है कि आरोपी लंबे समय से नशे के व्यापार में लिप्त हो सकते हैं। पुलिस आरोपी तीनों युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि इन युवकों का संबंध किन-किन अन्य नशा तस्करों से हो सकता है और यह नशा किस स्रोत से इन तक पहुंचा। थाना प्रभारी भूपिंदर ठाकुर ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बैजनाथ कॉलेज में पोस्टर एवं मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के ऊर्जा क्लब द्वारा शनिवार को पोस्टर और मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल थेउन्होंने कहा कि पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों जैसे कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तेजी से समाप्त हो रहे हैं और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में सौर, पवन, जल और बायोमास जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आवश्यक हो गया है। डॉ. कौंडल ने छात्रों को इन ऊर्जा स्रोतों के बारे में जागरूक होने और उनके उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

### कूड़े का किया निपटान




**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में शनिवार को एक दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्कूल परिसर में स्वास्थ्य अभियान चलाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस कार्यक्रम मे स्वच्छता प्रतिज्ञा, पेंटिंग,नुक्कड़ नाटक, वेस्ट मटेरियल यूटिलाइजेशन, स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने जगह जगह बिखडा कूड़ा-कर्कट बोरियों मे भर कर ठीकाने लगाया।

**उद्‌घाटन** परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही जीवन में मिलती है सफलता : किशोरी लाल

# बीड़ में पौने 13 लाख का भवन लोगों को समर्पित

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने कहा कि कठौर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही जीवन में लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। किशोरी लाल शनिवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले सीपीएस ने अपर बीड़ में 12.72 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर स्थानीय जनता को समर्पित किया।

वहीं, स्कूल के समारोह में उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों और वार्षिक उत्सव का भी बराबर महत्व होता है। ऐसे गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करने के लिये कठौर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही मूलमंत्र हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में छात्रों और शिक्षकों के समक्ष बड़ी चुनौती है। उन्होंने अध्यापकों से छात्रों की प्रतिभा का सही आंकलन कर छात्रों की रुचि के अनुरूप इनका मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। सीपीएस ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को प्राप्त उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि छात्र अपने सहपाठियों को भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव संस्थान में वर्षभर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के लिए सम्मानित करने का अवसर होता है। इसके आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और छात्रों को उचित मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। (अनंत ज्ञान)



### स्कूल के रसोई घर के भवन का किया उद्घाटन

**सीपीएस** किशोरी लाल ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में सुधार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थीयों से केवल पढ़ाई में ध्यान लगाने का आह्वान कर नशे से दूर रहने की अपील की। सीपीएस ने विद्यालय में 2.50 लाख से बने रसोई घर भवन का उद्घाटन भी किया। इसके अतिरिक्त सीपीएस ने प्रधानाचार्य द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यातिथि ने 11 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# डाक विभाग करवा रहा ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता

**पिंकी, डाडासीबा**

- सर्वश्रेष्ठ पत्र लिखने वालों को दिए जाएंगे हजारों रुपए के पुरस्कार

भारत सरकार संचार मंत्रालय के भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय पत्र लेखन प्रतियोगिता ढाई आखर पत्र लेखन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विषय लेखन का आनंद डिजिटल युग में पत्र लेखन का महत्व रखा गया है। यह प्रतियोगिता 14 सितंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में विभाजित की गई है अंतर्देशीय पत्र कार्ड, LIC श्रेणी (अधिकतम 500 शब्द) तथा एनवेलप श्रेणी (अधिकतम 1000 शब्द) प्रत्येक श्रेणी से सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को परिमंडल स्तर पर क्रमशः 25000, 10000 तथा 5000 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा चयनित पत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को महानिदेशालय डाक विभाग नई दिल्ली द्वारा क्रमशः 50000 , 25000 तथा 10000 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अधीक्षक डाकघर देहरा, डाक मंडल देहरा द्वारा सभी आयु वर्ग के लोगों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की जाती है। इस प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डाकपाल देहरा या निकटम डाकघर से संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



बलवीर चंद
अधीक्षक देहरा

# स्थानीय संस्कृति को दर्शाती शोभायात्रा के साथ कांगड़ा वैली कार्निवल का आगाज

## कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने किया न्यूट्री-सीरियल फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त कार्यालय परिसर से पुलिस मैदान धर्मशाला तक शोभायात्रा के साथ शनिवार को कांगड़ा वैली कार्निवल का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा की अगुवाई करते हुए कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने धर्मशाला के पुलिस मैदान में महोत्सव की शुरुआत की।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने पुलिस मैदान में कांगड़ा वैली कार्निवल के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा लगाए गए न्यूट्री-सीरियल फूड फेस्टिवल का शुभारंभ भी किया।



उन्होंने कार्निवल में सजाई विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों सहित एनआईएफटी के माध्यम से लगाए गए क्राफ्ट बाजार 'कारु क्रमा' का शुभारंभ भी किया। इस कार्निवल का 2 अक्तूबर को समापन होगा।

### लोगों ने लिया लजीज पकवानों का लुत्फ

**शनिवार** को कार्निवल के पहले दिन मोटे अनाज के विभिन्न स्वास्थ्यपूर्ण और स्वादिष्ट पकवानों का लोगों ने खूब लुत्फ लिया। एक ओर जहां लोगों को एक अद्वितीय खाद्य अनुभव मिला और वे मिलेट्स से बने विभिन्न पकवानों का स्वाद ले सके, दूसरे, इस फेस्टिवल के माध्यम से प्रदेश के उत्पादकों को अपने मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री का बढ़िया मौका मिला है।

### उत्सव के रंगों में रंगी शोभायात्रा

**उपायुक्त** कार्यालय परिसर से पुलिस मैदान तक निकाली गई शोभा यात्रा में स्थानीय कलाकार और नाट्य दल पारंपरिक परिधान में झूमते हुए नजर आए। स्थानीय सांस्कृतिक दलों ने गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य को दर्शाती हुई प्रस्तुतियों से शोभा यात्रा को जीवंत बना दिया। शोभायात्रा के पुलिस मैदान पहुंचने पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन और लोक नृत्यों के समागम से पूरे महौल ने एक सुंदर उत्सव का रूप धारण किया। इस दौरान सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ स्थानीय लोग अपनी उत्सवधर्मी संस्कृति के रंगों में रंगे नजर आए। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा, अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वस्थ आहार का दिया संदेश

**कार्निवल** में सजे न्यूट्री-सीरियल फूड फेस्टिवल में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए आठ स्वयं सहायता समूहों ने मोटे अनाज से बने व्यंजनों के स्टॉल लगाकर लोगों को स्वस्थ आहार का संदेश दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषकों के साथ-साथ आम लोगों का रूझान भी मोटे अनाज के प्रति बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल में जिन स्वयं सहायता समूहों ने न्यूट्री-सीरियल फूड फेस्टिवल के तहत स्टॉल लगाए हैं, उन्हें विभाग द्वारा पूर्ण रूप प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस न्यूट्री-सीरियल फूड फेस्टिवल का उद्देश्य आम लोगों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करना और इसे अपने प्रतिदिन आहार में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण पोषण और बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज का सेवन बहुत जरूरी है।

# जो भी कार्य शुरू करें, उन्हें संपूर्ण करें पंचायत प्रतिनिधि : राजन सिंह

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा विकास खंड अधिकारी सभी पंचायत के लिए एक वरदान साबित हो रहे हैं। उनका काम करने का अंदाज ही कुछ अनोखा है। अनोखा इसलिए क्योंकि उन्होंने पंचायत में आदेश जारी कर दिए हैं कि आप जिस भी तरह कार्य करें, लेकिन अपने कार्य को संपूर्ण तरीके से करें, ताकि हर पंचायत एक आदर्श पंचायत बनकर उभरे। विकास खंड कांगड़ा के अधिकारी राजन सिंह ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि उनका जन्म 27 अप्रैल, 1967 को जिला चंबा में हुआ व कॉलेज में पीएसी की परीक्षा पास की। उनकी पहली नौकरी 28 फरवरी, 1987 को सलूणी में बतौर क्लर्क के रूप में शुरू हुई। कड़ी मेहनत व संघर्ष से उन्होंने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। काफी वक्त तक वहां सेवाएं देने के बाद उन्हें 19 मार्च, 2022 को नगरोटा में बतौर बीडीओ के पद पर तैनाती मिली साथ में उन्हें बड़ोह का भी अतिरिक्त कार्यभार मिला। उन्होंने 5 जनवरी, 2024 को कांगड़ा विकास खंड अधिकारी के रूप में सेवाएं देना शुरू कीं। उनके यहां कार्यभार संभालते ही 47 पंचायतों के प्रधानों के साथ बैठक कर पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उनका यही उद्देश्य है कि सभी पंचायतें स्वच्छ व आत्मनिर्भर बनें। सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठाएं, ताकि गरीब आदमी अपनी आय में वृद्धि कर सके और हमारी पंचायत और भी ज्यादा विकसित हो सके। (अनंत ज्ञान)



# मलबा गिरने से एक घंटे बंद रहा शिमला-मटौर हाईवे

**कांगड़ा।** मटौर-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पुराना कांगड़ा के पास पहाड़ी का मलबा गिरने से यातायात करीब एक घंटे तक पूरी तरह रुक गया। इससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम देखने को मिला। इसके कारण स्कूली बच्चों व दूर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंच गया और जेसीबी की सहायता से सड़क पर गिरे मलबे को हटाया गया और यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया गया।

# पॉलिसी होल्डर को 96582 रुपए देने के दिए आदेश

**धर्मशाला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को शिकायतकर्ता शामशेर सिंह निवासी वरंज, तहसील शाहपुर को 96,582 रुपए मुकदमा खर्च 20,000 रुपए एवं मानसिक उत्पीड़न खर्च 10,000 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज के साथ देने के आदेश दिए हैं।




# नेमप्लेट पर हंगामा है क्यों बरपा...?

## मामला पार्टी हाईकमान तक पहुंचा, मंत्री विक्रमादित्य से जवाबतलबी

*पीडब्ल्यूडी एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान ने प्रदेश की राजनीति में उथल-पुथल मचा दी है। हाल ही में उनके द्वारा दिए गए एक बयान के बाद हिमाचल प्रदेश में रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए नेमप्लेट लगाने का मामला गरमा गया है। विक्रमादित्य सिंह ने यूपी की तर्ज पर रेहड़ी-फड़ी वालों को लाइसेंस देने और उन्हें दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने की पैरवी की थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस बयान से किनारा करते हुए कहा कि इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और कैबिनेट इस विषय पर विचार कर रही है। अब मामला पार्टी हाईकमान तक जा पहुंचा है। विक्रमादित्य से जवाबतलबी हुई तथा पार्टी लाइन से बाहर न जाने की हिदायत दी गई। आखिर नेमप्लेट के इस मसले पर इतना हंगामा क्यों बरपा है और इसका अंत कब होगा।*

### विपक्ष और जनता की प्रतिक्रिया विवाद की जड़

**विक्रमादित्य** सिंह के बयान के बाद विपक्षी दलों ने इसे सरकार की दोहरी नीति करार दिया है। विपक्षी भाजपा ने सवाल उठाए कि सरकार एक ओर गरीबों और छोटे व्यापारियों की भलाई का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर उनके व्यवसाय को अनावश्यक नियमों और प्रतिबंधों में उलझाकर उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। जनता के बीच भी इस फैसले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने इसे आवश्यक बताया ताकि शहरों में सफाई और व्यवस्था बनी रहे, तो वहीं कुछ का मानना है कि यह कदम छोटे व्यापारियों को और अधिक परेशान करने वाला है।

### कैबिनेट लेगी अंतिम फैसला

**सरकार** ने अब तक कोई स्पष्ट दिशा नहीं दी है, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संकेत दिया है कि विभिन्न वर्गों से मिली राय को ध्यान में रखते हुए ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। शहरी विकास विभाग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो इस मामले पर सिफारिशें देगी। इस समिति में विक्रमादित्य सिंह समेत अन्य मंत्री और विधायकों को शामिल किया गया है। अंतिम फैसला कैबिनेट के गहन मूल्यांकन के बाद ही लिया जाएगा।

### इस्तीफे की खबरें सिर्फ खबरें : विक्रमादित्य

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा, इस्तीफे की खबरें सिर्फ खबरें हैं। उन खबरों में हम नहीं जाते हैं। मैंने शीर्ष नेतृत्व के सामने हिमाचल प्रदेश की बात पूरी मजबूती के साथ रखी है। संगठन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। शीर्ष नेतृत्व की ओर से जो भी आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली अपने विभाग से संबंधित कामों की वजह से भी आया हूं। मैंने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात की है। चूंकि, मैं दिल्ली आया हूं तो मैंने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मैंने हिमाचल प्रदेश से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी है। साथ ही जो एक विवाद प्रदेश में चला है, उस संबंध में भी बात रखी। मैंने संगठन को विश्वास दिलाया है कि हम पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पार्टी की ओर से जारी होने वाले आदेशों का पालन करेंगे। उन्होंने दावा किया कि, मैंने शीर्ष नेतृत्व से कहा है कि हमारे लिए संगठन पहले हैं, लेकिन हमारे लिए हिमाचल प्रदेश के लोगों का हित भी महत्वपूर्ण है। वेंडिंग जोन के मुद्दे पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई निर्देश हैं। इस बारे में भी शीर्ष नेतृत्व को बताया है।

### कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला की सफाई



**नेमप्लेट** मसले पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला ने सफाई देते हुए कहा कि मंत्री विक्रमादित्य ने कहा है कि यह सुधारात्मक कार्रवाई है। यूपी की तर्ज पर ऐसा नहीं किया गया है। वैध लोग ही यहां धंधा कर सकें, यही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रेहड़ी वालों को नियमित करने के लिए लाइसेंस दिए जाएंगे, लेकिन नेमप्लेट लगाने के बारे में सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया है।

### कुछ तत्व बेवजह उठाते हैं मुद्दा : प्रतिभा सिंह



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि वह जब भी दिल्ली आती हैं तो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करती हैं। हम उनके आदेशों का पालन करते हैं। हम कांग्रेस संगठन के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले, हमने उनसे बात की है। कुछ तत्व ऐसे होते हैं जो बेवजह कुछ मुद्दा उठाते हैं, हमें पार्टी के आदेशों का पालन करना है और राज्य की बेहतरी को भी देखना है। विक्रमादित्य ने यहां अपने विभाग की कुछ बैठकें की थीं। कई परियोजनाएं हैं जो केंद्र द्वारा वित्त पोषित हैं, इसलिए उनके साथ, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के साथ समन्वय करना महत्वपूर्ण है।

# भाजपा ने प्रदेश सरकार पर स्मारिका के नाम पर पंचायतों से रुपए वसूलने के जड़े आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने धर्मशाला में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि सरकार पिछले कुछ दिनों से कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी के नाम पर कई तरह के सपने दिखाने का काम किया है, वहीं आज से कांगड़ा कार्निवल शुरू हो गया है और कांगड़ा जिले की पंचायतों को फरमान जारी किए हैं कि स्मारिका के नाम पर 5000 से लेकर 7500 रुपए जमा करवाएं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरे जिले में इस तरह के आदेश पारित कर रहे हैं और कांगड़ा में कार्निवल नाम पर इस तरह की लूट की जा रही है। संजय शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चुनी हुई संस्थाएं इस बात का विरोध करती है की कार्निवल धर्मशाला में हो रहा है और समस्त कांगड़ा जिला की पंचायतों से पैसा वसूला जा रहा है अगर सरकार के पास पैसा नहीं है और आर्थिक तंगी है तो इस तरह के कार्यक्रम नहीं करवाने चाहिए। प्रदेश भर में मस्जिद विवाद चल रहा है और इस विवाद के बीच कल नगरोटा बगवां में हिंदू मंदिर में शिव लिंग को तोड़ा जाना गलत है और सरकार को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



# हरेड स्कूल में विद्यार्थियों को बताए तंबाकू सेवन के नुकसान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राजकीय हाई स्कूल हरेड में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. गुरमीत कटोच चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मैगजीन ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीटीपी) के अंग के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नाबालिगों और युवाओं को तम्बाकू के सेवन से बचाने के लिए शिक्षा संस्थानों को तंबाकू रहित बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए है जिसमें शिक्षण संस्थान के परिसर में तंबाकू मुक्त क्षेत्र' का साइनेज प्रदर्शित करना है शिक्षा संस्थान के प्रवेश द्वार/चहार-दीवारी पर अधिकृत व्यक्ति का नाम,पद कांटेक्ट नंबर के साथ तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान का साइनेज प्रदर्शित करना चाहिए, परिसर के अंदर सिगरेट/बीड़ी के टुकड़े या फेंके गए गुटखा/तंबाकू पाउच, थूकने के स्थान जैसे तंबाकू के उपयोग का कोई सबूत नहीं होना चाहिए। शिक्षा संस्थान के परिसर में तंबाकूसे होने वाले नुकसान पर पोस्टर और अन्य जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करनी चाहिए।

# बिना बिल खनन सामग्री ले जा रहे तीन ट्रक पकड़े

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

बिना बिल के खनन सामग्री ले जा रहे तीन ट्रक पुलिस ने बॉर्डर क्षेत्र से पकड़े हैं। एक ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक गत रात पुलिस नाका कथलोर पर वाहनों की चेकिंग चल रही थी कि इतने में पुलिस को सूचना मिली की कठुआ क्षेत्र से कुछ ट्रक बिना बिल के रेत बजरी लेकर आने वाले हैं। इसके तुरंत बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए पैनी नजर रखनी शुरू कर दी। इसी दौरान एक ट्रक रेत लेकर आता दिखाई दिया तो पुलिस कर्मचारियों की ओर से उसे नाके पर रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक ने स्पीड बढ़ा मौके से ट्रक भगा लिया। पुलिस ने ट्रक चालक का पीछा किया तो उक्त ट्रक चालक चलते ट्रक से रेत सड़क पर गिराकर पुलिस कर्मचारियों का रास्ता रोक मौके से भाग गया। इसी दौरान तीन अन्य ट्रक भी पुलिस नाके के नजदीक पहुंचे और इनमें से एक ट्रक चालक ने भी लिफ्ट ऑन कर ट्रक से माल गिराने की कोशिश की लेकिन, पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर लिया। पुलिस कर्मचारियों ने ट्रैक्टर की सहायता से सड़क पर गिरे रेत सामग्री को साइड पर करवा कर यातायात बहाल करवाया। मामले की जानकारी खनन विभाग के अधिकारियों को दी गई जिस पर खनन विभाग के इंजीनियर इंजीनियर संगम दीप सिंह एवं सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की तो सामने आया कि इन गाड़ियों के पास माल का कोई भी बिल नहीं था। खनन विभाग के अधिकारियों की ओर से अपनी रिपोर्ट बनाकर पुलिस थाना तारागढ़ को सौंप दी है। पुलिस थाना तारागढ़ ने मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)




# पिकअप से 105 पेटी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शराब की बड़ी खेप पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मशाला की टीम ने शुक्रवार रात करीब 10 बजे एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में चीलगाड़ी क्षेत्र में सर्किट हाउस के पास नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान एक वाहन शहीद स्मारक की तरफ से आया। जब शक के आधार पर उक्त पिकअप वाहन एचपी 37जी, 5216 की जांच की गई तो इसमें अवैध रूप से ले जाई जा रही 105 पेटी बीआरवी संतरा देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन चालक शाहपुर क्षेत्र के बसनूर निवासी 33 वर्षीय अमन, पुत्र सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज छानबीन कर रही है।



# पुलिस की हिरासत में शिवलिंग तोड़ने वाली महिला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

- मानसिक तौर से बीमार है महिला
- पुलिस ने शुरू करवाया उपचार

नगरोटा बगवां में वीरवार रात को एक शिवलिंग के तोड़े जाने की घटना के बाद क्षेत्र में उपजे तनाव के बाद शनिवार को क्षेत्र मे शांति रही। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त महिला को पकड़ने में कोई देरी नहीं की और शुक्रवार को करीब 4 बजे उसे पकड़ लिया था। शिवलिंग तोड़ने वाली आरोपी महिला को शुक्रवार को पुलिस ने टोल कैंप के पास धर-दबोचा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उक्त 35 वर्षीय महिला मानसिक रूप से सही नहीं है। पुलिस ने उसे अपनी कस्टडी में लेकर उसका उपचार भी करवाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस महिला के ऊपर पहले भी धर्मशाला क्षेत्र में ऐसी घटनाएं करने के आरोप हैं। इसके ऊपर धर्मशाला में कई एफआईआर दर्ज हैं।

बताया गया कि उक्त मानसिक तौर पर बीमार यह महिला चामुंडा और योल क्षेत्र में घूमती रहती है और जहां पर उसे अंधेरा हो जाता है, वहीं सो जाती है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में उक्त महिला को शिवलिंग तोड़ते हुए देखे जाने के बाद हिरासत में लिया गया है।

# पत्रकार पवन शर्मा को मातृ शोक

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के एक दैनिक समाचार पत्र के धर्मशाला ब्यूरो प्रभारी पवन कुमार शर्मा की माता शांति देवी (78) का शनिवार सुबह निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर को शाहपुर के रेहलु उनके गांव की शिवभूमि श्मशानघाट में किया गया। इलाके के काफी संख्या में लोग उनके अंतिम संस्कार पर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढस बंधाया।

# बटवाल फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शक्ति चंद नहीं रहे

**धर्मशाला।** बटवाल फाउंडेशन खनियारा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शक्ति चंद का निधन हो गया। टांडा अस्पताल में उन्होंने शुक्रवार शाम 8 बजे अंतिम सांस ली। उनके अकस्मात निधन से समूचे परिवार व फाउंडेशन को गहरा आघात पहुंचा हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज कुमार, राजेश गोरा, राजिंदर हिप्पी, राजिंदर जोगी, मदन बतन, सुनील फलु, शशि कुमार सहित अन्यो से इसे फाउंडेशन व बिरादरी के लिए यह एक अपूर्णीय क्षति हैं। भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की हैं। इस दुख की घड़ी में सभी शोकाकुल परिवार के साथ हैं। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



# कांगड़ा घाटी कार्निवल में निफ्ट कांगड़ा करेगा 'शिल्प क्लस्टर पहल' का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), कांगड़ा घाटी कार्निवल में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, निफ्ट कांगड़ा एक जीवंत क्राफ्ट बाजार के माध्यम से अपनी प्रसिद्ध 'शिल्प क्लस्टर पहल' को प्रस्तुत करेगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के 20 से अधिक प्रतिभाशाली कारीगरों का हुनर शामिल होगा।

इस कार्यक्रम में क्राफ्ट बाजार जटिल कुल्लू शॉल, चंबा रुमाल और किन्नौरी ऊनी कपड़ों से लेकर खूबसूरती से तैयार की गई कांगड़ा पेंटिंग, पाइन सुई उत्पादों और धातु हस्तशिल्प तक पारंपरिक हिमाचली शिल्प की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। आगंतुकों को इन कालातीत शिल्पों को संरक्षित करने वाले कारीगरों का समर्थन करते हुए हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने का अवसर मिलेगा।

निफ्ट कांगड़ा निदेशक प्रो. डॉ. राहुल चंद्रा ने क्राफ्ट क्लस्टर पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'कांगड़ा घाटी कार्निवल कारीगरों को अपनी प्रतिभा और शिल्प कौशल दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य न केवल पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना है, बल्कि उन कारीगरों को सशक्तता भी प्रदान करना है जो अपनी रचनात्मकता और लचीलेपन से हमें प्रेरित करते रहते हैं।' निफ्ट की क्राफ्ट क्लस्टर पहल कारीगरों के लिए बाजार संपर्क बनाते हुए टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।



**क्वालिटी एजुकेशन** प्राइमरी शिक्षकों के लिए 10 लाख रुपए की राशि से बनाया जाएगा ट्रेनिंग हॉल : आरएस बाली

# नगरोटा प्राथमिक शिक्षा खंड के 152 शिक्षकों को बांटे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के ओबीसी भवन में प्राइमरी विद्यालय के अध्यापकों को टैबलेट बांटने का खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक आरएस बाली मुख्यातिथि रहे।

खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कश्मीर सिंह, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल भाटिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र राणा और ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिसर निखिल शर्मा ने संबोधन दौरान मुख्य अतिथि को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में कंप्यूटर नहीं होने के चलते कई तरह के कार्य बाधित होते हैं जो कि अब शिक्षकों को टैबलेट मिलने के कारण आसानी से पूरे किया जा सकेंगे। मुख्य अतिथि ने संबोधन के दौरान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया जिनके प्रयासों से प्राइमरी शिक्षकों को टैबलेट दिए जा रहे हैं। उन्होंने सभी प्राइमरी शिक्षकों को टैबलेट मिलने के लिए बधाई दी। कहा प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में किस तरह बच्चों को गुणात्मक शिक्षा मिले इस पर निरंतर नए निर्णय सरकार द्वारा लिए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर नए प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही प्रदेश में नए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल भी खुलने जा रहे हैं जिनका लाभ प्रदेश के लाखों बच्चों को होगा।कार्यक्रम के अंत में उन्होंने नगरोटा प्राथमिक शिक्षा खंड के अंतर्गत आने वाले 83 स्कूलों के 152 प्राइमरी अध्यापकों को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने इंटरनेट सुविधा हेतु शिक्षकों को 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने प्राइमरी शिक्षकों की ट्रेनिंग हेतु खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक ट्रेनिंग हॉल बनाने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।




### योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**नगरोटा बगवां।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि सुख की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्प है तथा इसी को ध्यान में रखते हुए योजनाएं एवं कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा एवं एकल नारियों के उत्थान हेतु विधवा एवं एकल नारी आवास योजना लागू की है जिसके तहत पात्र महिलाओं को घर के निर्माण के लिए डेढ़ लाख के अनुदान का प्रावधान किया है। बाली ने बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 38 बेटियों को एफडी तथा शगुन योजना के अंतर्गत 39 लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत और शहरी निकाय के उपचुनाव आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त 8 पदों और नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर-7 के पार्षद के उपचुनाव हेतु रविवार 29 सितंबर को होने मतदान के लिए इन क्षेत्रों के सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों-निगमों एवं अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और अन्य सभी प्रतिष्ठानों में छुट्टी रहेगी। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों और कामगारों को भी इस दिन मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश मिलेगा। एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि सभी औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानों इत्यादि में कार्य करने वाले कामगारों को भी विशेष सवैतनिक अवकाश मिलेगा।

### अल्पसंख्यकों की सब्सिडी के लिए आय सीमा अब 3 लाख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत सस्ती दरों पर ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए अधिकतम आय सीमा बढ़ाकर अब 3 लाख रुपए कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रेडिट लाइन-1 आय सीमा के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर हुए संशोधन को हिमाचल प्रदेश में भी लागू कर दिया गया है। निगम के प्रबंध निदेशक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए यह आय सीमा पहले 98 हजार रुपए और शहरी क्षेत्रों के निवासी अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए 1.20 लाख रुपए थी। अब यह आय सीमा बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बदलाव का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

### धनेटा और नादौन कॉलेज के बीच एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला हमीरपुर के राजकीय महाविद्यालय धनेटा तथा सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है।



प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने बताया कि इस प्रकार के ज्ञापन से धनेटा महाविद्यालय के लिए अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी करना, शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के हमारे लक्ष्यों के अनुरूप होगा। इस समझौता ज्ञापन एमओयू का मुख्य उद्देश्य पारस्परिक हित के क्षेत्रों में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक, विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, कौशल विकास और शैक्षिक परियोजनाओं में सहयोग के लिए एक सहकारी ढांचा स्थापित करना है। इस समझौता ज्ञापन पर प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा तथा प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापकों के समक्ष हस्ताक्षर किए।

### किसान मोर्चा की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर मंडल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यता अभियान 2024 के तहत हर बूथ पर



50 नए सदस्यों को जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसान समुदाय के बीच भाजपा के सदस्यता अभियान को और मजबूत करना था, ताकि पार्टी का जनाधार बढ़ सके और किसानों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता मुख्यातिथि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने की। उन्होंने बताया कि भाजपा ने किसानों के हित में कई योजनाएं चलाई हैं, जिनका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि हर बूथ पर कम से कम 50 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य पूरा किया जाए, ताकि भाजपा की विचारधारा और योजनाएं अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी दिनों में मंडल और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। महामंत्री संदीप अग्निहोत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत कार्यकर्ता न केवल किसानों को पार्टी से जोड़ेंगे। मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल ने कहा कि यह लक्ष्य केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि यह पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का एक सशक्त प्रयास है। (अनंत ज्ञान)

### कांस्टेबल हरी सिंह के शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**संजीव चैहान, टौणी देवी।** मणिपुर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने और राज्य में दंगा फैलाने की धमकी देने वाले विद्रोही तत्वों के साथ मुठभेड़ में एनके हरि सिंह शहीद हो



गए। स्व. एनके हरि सिंह की 58वी पुण्यतिथि पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। एनके हरि सिंह का जन्म 31 मार्च 1935 को गांव भटेड़ डाकघर ऊटपुर जिला हमीरपुर में हुआ था। उनकी पत्नी कृष्णी देवी भी इस मौके पर मौजूद थीं। एनके हरि सिंह को वीरता के लिए पुलिस पदक से भी सम्मानित किया गया है। 27 सितंबर 1966 को शत्रुओं के साथ मुठभेड़ में, एनके हरि सिंह ने मैतेई विद्रोहियों के साथ एक मुठभेड़ में अदम्य वीरता और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया। वीरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के इस असाधारण कार्य के लिए कांस्टेबल हरि सिंह को मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### मॉडल प्रतियोगिता में जोलसप्पड़ का कार्तिक प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में संपन्न हुआ। इस मॉडल प्रतियोगिता में सभी शिक्षा खंडों से कुल 12 मॉडल सीनियर सेकेंडरी व हाई स्कूल वर्ग में प्रदर्शित किए गए। सीनियर सेकेंडरी वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोलसप्पड़ का कार्तिक प्रथम, लंबलू की दिया कुमारी द्वितीय व बिझड़ी का रिजुल कश्यप तृतीय स्थान पर रहा। इसी तरह हाई स्कूल वर्ग में कक्कड़ की छात्रा अंशिका कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में इंजीनियर संजय कटोच, रश्मि ठाकुर प्रवक्ता फिजिक्स, संजीव कुमार विज्ञान स्नातक व राजेश गौतम जिला विज्ञान पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### शिविर में 92 श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय हमीरपुर ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शनिवार को हमीरपुर के निर्माणाधीन बस स्टैंड की साइट पर श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस दौरान लगभग 92 श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इन श्रमिकों के एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, टीबी और अन्य टेस्ट किए गए तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने हृदय रोग एवं जांच के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

# अवैध मस्जिद विवाद को लेकर हमीरपुर शहर में धरना-प्रदर्शन

## डीसी अमरजीत सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



हमीरपुर के गांधी चौक पर धरना-पद्रर्शन करते देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य।

देवभूमि संघर्ष समिति के प्रदेश स्तरीय धरने-प्रदर्शन के आह्वान पर हमीरपुर शहर में भी समिति के पदाधिकारी ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया है। देवभूमि संघर्ष समिति हमीरपुर ने अवैध मस्जिद विवाद को लेकर हमीरपुर गांधी चौक पर धरना-प्रदर्शन करने के बाद डीसी अमरजीत सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। इस अवसर पर काफी संख्या में समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

इस मौके पर देवभूमि संघर्ष समिति के जिला संयोजक सुरजीत सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में हर मुख्यालय स्तर पर विशाल धरने-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से ही हमीरपुर जिला में अभी मुस्लिम समुदाय के लोगों की गतिविधियां बहुत बढ़ गई हैं और इन गतिविधियों में बाहरी प्रदेशों से आ रहे मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में सालों से रह रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जो लोग बाहर से आकर दूसरे लोगों को उकसा रहे हैं, वह गलत है। सुरजीत सिंह ने कहा कि डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर इस तरह के लोगों के ऊपर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत प्रमुख पंकज भारतीय ने कहा की लव जिहाद की काफी मामले हिमाचल प्रदेश में भी अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से भी मांग की है कि ऐसी मामलों में वे भी पूर्णत सहयोग करें। वहीं, समिति के खिलाफ बिना अनुमति के रैली निकालने पर केस दर्ज कर हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### अवैध मस्जिदों पर लगे रोक : सुरजीत ठाकुर

**देव** भूमि संघर्ष समिति हमीरपुर के संयोजक सुरजीत ठाकुर ने केद्र सरकार से वक्फ बोर्ड को खत्म करने तथा जिला में विभिन्न स्थानों पर मजारों और अवैध मस्जिदों के नाम पर लैंड जिहाद को बंद करने का आह्वान किया हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि पूरा देश आज जेहादी मानसिकता द्वारा अघोषित युद्ध से त्रस्त हैं। कहीं यह लव जेहाद, कहीं लैंड जेहाद, कहीं थूक जेहाद किसी न किसी रूप से हिंदू सनातनी समाज को उत्पीड़ित करने में जूटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अघोषित युद्ध लंबा चलना वाला नहीं है, हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई के लिए अब उठ खड़ा हुआ हैं। भोटा चैक से शुरू विरोध-प्रदर्शन गांधी चौक पर संपन्न हुआ जहां हिन्दू समाज के अग्रणी नेताओं व संतों ने इसे संबोधित किया। इस अवसर पर संत सर्वेश्वरनन्द सरस्वती ने हिन्दू समाज को शास्त्र के साथ शस्त्र विद्या में भी निपुण होने का आग्रह किया।

## शनिदेव मंदिर लंबलू के पास ईंटों से लदा ट्रक खड्ड में गिरा, चालक की मौत



**अनिल कुमार, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत लंबलू के प्रसिद्ध शनिदेव मंदिर के पास शनिवार को सुबह साढ़े 8 बजे के करीब ईंटों से लदा ट्रक नंबर (एचपी 67ए 9600) अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर नीचे खड्ड में जा गिरा। इस हादसे में ट्रक चालक अजमेर सिंह (42) पुत्र दुर्गा दास गांव पौंटा तहसील सरकाघाट की मौत हो गई है। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय शनिदेव मंदिर में लोग माथा टेकने पहुंचे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक ईंटों से लदे ट्रक को लेकर शनिदेव मंदिर के पास चढ़ने लगा तो अधिक वजन होने की वजह से चढ़ाई नहीं चढ़ पाया और अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरा। ट्रक का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, लोगों की भीड़ भी ट्रक के पीछे थी, लेकिन जैसे ही ट्रक पीछे हटने लगा लोग वहां से दौड़ गए। ट्रक के ईंटों में गिरने के बाद शनिदेव मंदिर में आए लोग और लंबलू बाजार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय बाजार के दुकानदारों ने ट्रक चालक को बाहर निकाला और अपनी गाड़ी में बिठाकर अस्पताल ले गए और रास्ते में एंबुलेंस में शिफ्ट कर दिया, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद ट्रक चालक ने दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है जिस एंबुलेंस में ट्रक चालक को शिफ्ट किया गया, लेकिन उसमें आक्सीजन तक नहीं थी। एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि लंबलू शनिदेव मंदिर के पास ईंटों से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है, जिसमें ट्रक चालक की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## रैली में आए कारगु जगीर के व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देवभूमि संघर्ष समिति ने प्रदेश के सभी जिलों में संजौली मस्जिद विवाद मामले को लेकर रोष रैली निकालकर प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। शनिवार को हमीरपुर में भी देवभूमि संघर्ष समिति और हिंदू संगठनों ने रैली निकाली और गांधी चौक पर प्रदर्शन



किया। गांधी चौक पर प्रदर्शन करने के बाद हिंदू संगठनों से जुड़े लोग उपायुक्त हमीरपुर को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे कि डीसी ऑफिस गेट के सामने रैली में भाग लेने आया कांगू के कारगु जगीर गांव का वीरेंद्र परमार (47) पुत्र मिलाप चंद अचानक पीछे की ओर गिर गया। रैली में जा रहे लोगों ने व्यक्ति को उठाने की कोशिश की और सीपीआर दिया, लेकिन वह नहीं उठा। व्यक्ति को गाड़ी में बिठाकर अस्पताल ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले ही वीरेंद्र परमार ने दम तोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि वीरेंद्र परमार आरएसएस से जुड़ा था और विश्व हिंदू परिषद का जिला उपाध्यक्ष भी था। उसने हाल ही में हुए पंचायतीराज चुनावों में भी उपप्रधान का चुनाव लड़ा था।



### एसडीएम ने दिए अतिक्रमण हटाने और प्रवासियों के पंजीकरण के निर्देश

**भोरंज।** एसडीएम संजय स्वरूप ने शनिवार को भरेड़ी के बाजार का औचक निरीक्षण किया और सड़क किनारे सामान सजाने वाले दुकानदारों एवं रेहड़ी-फड़ी वालों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे सामान रखने और रेहड़ी लगाने से बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है तथा हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने व्यापारियों को सड़क पर अतिक्रमण न करने तथा दुकानों पर कार्य कर रहे प्रवासी कामगारों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## नादौन में 32 लड़कियों के विवाह पर सरकार ने दिया 9.92 लाख का शगुन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्लॉक टास्क फोर्स तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की खंड स्तरीय समिति की बैठक शनिवार को एसडीएम अपराजिता चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि नादौन खंड में 290 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छह माह से छह वर्ष तक के 5970 बच्चों तथा 1049 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार दिया जा रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटियों को जागरूक किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि बेटी है अनमोल योजना की लाभार्थी 27 बेटियों के नाम कुल 5,56,000 रुपए की एफडीआर करवाई गई हैं। 200 बेटियों को इसी योजना के अंतर्गत 3,28,250 रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। 18 वर्ष से कम आयु के 15 बेसहारा बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत प्रतिमाह 4000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। 18 से 27 वर्ष तक के 30 युवाओं को इसी योजना के तहत गृह निर्माण, उच्च शिक्षा तथा शादी आदि के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना 14 लड़कियों के विवाह हेतु 7,14,000 रुपए की राशि व्यय की गई। मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत 32 लड़कियों के विवाह पर कुल 9,92,000 रुपए की राशि जारी की गई। बैठक में नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## प्रवासी लोगों को निकालने के लिए पंचायतें देगी मकान मालिकों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



उपमंडल भोरंज के भरेड़ी में तीन पंचायतों धमरोल, पपलाह व गरसाहड़ ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान बीना देवी, प्रधान अंकुश सैणी व प्रधान रेखा देवी ने की, जिसमें भरेड़ी बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने भी भाग लिया। बैठक में यह फैसला लिया गया कि जो प्रवासी लोग यहां किराए के मकान में रह रहे हैं, उनके मकान मालिकों से उन्हें बाहर निकालने का नोटिस दिया जाएगा। क्षेत्र में बाहरी लोग क्षेत्र के भीतर नशे को भी बढ़ावा दे रहे हैं और यहां के भोले भाले लोगों को नशे के जाल में फंसा रहे हैं। इनसे यहां की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। इस मौके पर धमरोल उपप्रधान विजय कुमार, लझयानी उपप्रधान सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने पटवार भवनों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

शनिवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने दो पटवार भवनों उपतहसील भोटा तथा ढटवाल के पटवार भवन धुलेडा का निरीक्षण किया। इस दौरान पटवारखानों में रखे गए दस्तावेजों की छानबीन की। लंबित मामलों की फरद, कब्जा, मौका, तकसीम, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ऑनलाइन प्रमाणपत्रों के साथ-साथ निशानदेही पटवार भवनों में मौजूद आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा



लिया। उपमंडल अधिकारी ने संबंधित पटवारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा अपने कार्यों में पारदर्शिता लाएं, ताकि प्रदेश की गरीब जनता के ऊपर रैवेन्यू विभाग का विश्वास बना रहे। उपमंडल अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी त्रुटियां पाई गई हैं उन्हें 15 दिनों के भीतर ठीक कर उपमंडल कार्यालय में रिपोर्ट करें। उनके साथ-साथ उप मंडलीय कानूनगो, क्षेत्रीय कानूनगो भी मौजूद रहे।

### स्वच्छ और सुदंर वातावरण बनाने के लिए आपसी सहयोग : एसडीएम



**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल की तीन पंचायतों धमरोल, पपलाह, गरसाहड व सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरेड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूली बच्चों के साथ स्कूल से लेकर भरेड़ी बाजार में एक रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने ग्रामीण परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत कर है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए इन दिनों स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पंचायतों और स्कूलों में भी कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुदंर वातावरण बनाने के लिए आपसी सहयोग होना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान से भी जागरूक किया। इस दौरान बीडीओ भोरज कुलवंत सिंह, प्रिंसिपल राजगीर सिंह, प्रधान बिना कुमारी, प्रधान अंकुश सैनी, प्रधान रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

### बॉस्केटबाल में टौणी देवी चैंपियन

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणीदेवी में चल रहे 3 दिवसीय अंडर-19 लड़कों के जिला स्तरीय टूर्नामेंट का समापन भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। बॉस्केटबाल के फाइनल मैच में टौणी देवी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा ज्योति स्कूल रूढान को 81-36 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, ताइक्वांडो मुकाबले में भी टौणी देवी ने अपनी धाक जमाए रखी। टौणी देवी के खिलाड़ियों ने कोच सतीश राणा के मार्गदर्शन में कुल 6 गोल्ड मेडल जीतकर ताइक्वांडो में अव्वल स्थान हासिल किया। इसके अलावा अन्य मुकाबलों में भी स्कूलों ने पहला व दूसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### आंगनबाड़ी के पदों के साक्षात्कार 10 को

**बिझड़ी।** बाल विकास परियोजना बिझड़ी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के पदों के साक्षात्कार की तिथि में बदलाव किया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि पहले ये साक्षात्कार 5 अक्तूबर को सुबह 10 बजे निर्धारित किए गए थे, लेकिन अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से इनकी तिथि अब 10 अक्तूबर कर दी गई है। उन्होंने सभी आवेदक महिलाओं से साक्षात्कार के लिए 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बिझड़ी में उपस्थित होने की अपील की है।

### भरेड़ी में निकाली स्वच्छता रैली

**भोरंज।** स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े के तहत शनिवार को भरेड़ी में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम संजय स्वरूप ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के परिसर से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों, महिला मंडल पल्ली और अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है और इसका विषय 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना तथा स्वच्छता को अपने जीवन में एक स्वभाव एवं संस्कार के रूप में आत्मसात करना है।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर सिंह, बीडीओ कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## क्या अपने परिवार की तर्ज पर लोगों को मुआवजा राशि देंगे सीएम सुक्खू: राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



मुख्यमंत्री ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के तहत जल शक्ति विभाग की एक स्कीम के क्रियान्वयन के लिए नदी क्षेत्र में आ रही अपने परिवार की थोड़ी-सी जमीन के एवज में सरकारी खजाने से 18 लाख रुपए का मुआवजा लेने का कीर्तिमान तो बना दिया, लेकिन क्या वह अन्य प्रभावित लोगों को भी इसी तर्ज पर सरकारी खजाने से मुआवजा राशि देने की उदारता दिखाएंगे। या फिर ऐसी नीति उन्होंने सिर्फ अपने व परिवार के लिए ही बनाई है।

राजेंद्र राणा ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में जल शक्ति विभाग की सैकड़ों स्कीमें हैं जिनके क्रियान्वयन के लिए जनता ने अपनी भूमि जनहित को सामने रखकर सरकार को दी है तो क्या ऐसी दानवीर लोगों को भी सरकारी खजाने से जमीन के एवज में मुआवजा राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को झूठी गारंटियों का लॉलीपॉप थमा कर ठगने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री को अब चुनावी राज्यों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अपने प्रचार के लिए बुलाने से भी कतरा रहे हैं। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की फजीहत करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है और कांग्रेस नेतृत्व के लिए मीडिया के सवालों का सामना करना मुश्किल होता जा रहा है।

### रक्तदान कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नादौन।** इंकलाब संस्था रंगस द्वारा शहीद भगत सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संस्था ने रेडक्रास सोसायटी नादौन के सहयोग से भगत सिंह की जयंती




रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें वीरेंद्र, सोनिया, राजीव, पुनीत, दिनेश, सुभाष आदि सहित 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी। डॉ. लेखराज के नेतृत्व में ब्लड बैंक हमीरपुर की टीम ने रक्तदान इकत्रित किया। शिविर का शुभारंभ रेडक्रॉस की अध्यक्षता व एसडीम नादौन अपराजिता चंदेल ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं से कहा कि रक्तदान महादान होता है रक्तदान से किसी को कोई नुकसान अपितु की की जान बचाई जा सकती है।

## उत्कृष्टता केंद्र बड़ा से गोभी की पौध का वितरण शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



गोभी के पौध के साथ केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी।

उत्कृष्टता केंद्र बड़ा से गोभी प्रजाति 8 हजार पौध का वितरण शनिवार को शुरू हो गया। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना ने कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत पौध उत्कृष्टता केंद्र अगस्त में बना कर तैयार कर दिया था। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस केंद्र का उद्घाटन हाल ही में किया था। इस पौध उत्कृष्टता केंद्र में पहला बैच फूलगोभी की 40 हजार, पत्तागोभी की 30 हजार और ब्रोकली की 10 हजार पौध को उगाया, जिसमें से फूलगोभी के 29,900, पत्तागोभी के 21 हजार और ब्रोकली के 10 हजार पौधों की मांग पहले ही विभिन्न खंड परियोजना प्रबंधक इकाइयों से प्राप्त हो चुकी है। शनिवार को बड़ा और नादौन के किसानों को ब्रोकली और फूलगोभी की उपरोक्त नर्सरी से 8 हजार पौधों की आपूर्ति की गई है और जो बची पौध है उसको जल्दी ही सभी खंडों तक पहुंचाया जाएगा। सब्जी उत्पादक सुनील कुमार, संतोष चौहान, मनवीर, नवनीत और मुरारी लाल का कहना है कि बड़ा के पौध केंद्र से उन्हें बहुत राहत मिली है। किसी भी किसान को अगर पौध की जरूरत है तो वे खंड परियोजना प्रबंधक, हमीरपुर से 01972-299885 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### जेएनवी डूंगरी की दो छात्राओं को अजमेर में मिला दाखिला

**हमीरपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश भर में अग्रणी भूमिका निभाने में जवाहर नवोदय विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय डूंगरी की दो छात्राओं का दाखिला नई शिक्षा नीति के तहत चलाए जा रहे चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम (बीए बीएड सेकेंडरी स्टेज) में क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान अजमेर (राजस्थान) में हुआ है। इस वर्ष डूंगरी नवोदय की 12वीं कला की छात्राओं महक सकलानी व मेधावनी चौहान ने इतिहास रचते हुए क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान अजमेर में हिमाचल प्रदेश के लिए आवंटित दोनों सीटों को अपने नाम किया है। विद्यालय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि राज्य के लिए आवंटित दोनों सीटें नवोदय डूंगरी की छात्राओं के हिस्से में आई हैं। अभिभावकों में डॉ. आशा सकलानी व नवनीत चौहान ने बताया कि नवोदय डूंगरी के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने इस सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य विक्रम सिंह, उपप्राचार्य व समस्त शिक्षकों को छात्रों के उच्च स्तरीय मार्गदर्शन के लिए बधाई दी है।

**सेफ्टी** परियोजना निदेशक के नेतृत्व में कोट में आयोजित हुई स्वच्छता दौड़

## एक्सीडेंट से मौतों के आंकड़ों में हिमाचल अब 18वें स्थान से 7वें स्थान पर पहुंचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



अच्छी सड़कें समृद्धि का रास्ता खोलती हैं। सड़कें कई पीढ़ियों के लिए विकास की राहें आसान करती हैं। यह बात हमीरपुर मंडी निर्माणधीन एनएच के नए परियोजना निदेशक रोमी धनखड़ ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट में आयोजित स्वच्छता दौड़ के दौरान कही। उन्होंने कहा सड़क निर्माण के दौरान बेशक कई परेशानियां आती हों लेकिन जब निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा तो एनएच-03 प्रदेश के सबसे सुंदर ग्रीन फील्ड डबल लाइन नेशनल हाईवे होगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल में उच्च कोटि के फोर लेन और डबल लेन बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर क्रेश वॉरियर लगा एक्सीडेंट रोकने में मदद मिली है। रोड सेफ्टी को लेकर मिनिस्ट्री ऑफ हाईवे ऑफ इंडिया कई कदम उठा रही है। एक्सीडेंट से मौतों के आंकड़ों में हिमाचल कभी 18वें नंबर पर था, लेकिन रोड सेफ्टी प्रोग्राम शुरू होने से अब हिमाचल एक्सीडेंट से मौतों के मामले में 7वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि नाहन और ढलियारा में करीब 500 मीटर नेशनल हाइवे में पायलट प्रोजेक्ट के तहत रोलर क्रैश वॉरियर लगाए गए है जहां एक्सीडेंट में 95 प्रतिशत गिरावट आई है। इस मौके पर एईई तन्मय महाजन, पीके वर्मा, हरि राम, सुशील ठाकुर, सुरेंद्र उपाध्याय, प्रिंसिपल बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव को सौंपी एसएमसी अध्यक्ष पद की कमान



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मुख्यमंत्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खणी में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की नई कार्यकारिणी 2024-2027 के लिए गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य लैफ्टेन सिंह ने की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि राजीव ठाकुर को एसएमसी अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। इसके अलावा चमन सिंह, केवल सिंह, रविंद्र सिंह, शिव कुमार, सुरेखा देवी, लांबी देवी, सुमन कुमारी को सदस्य चयनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए सौंपी गई नई जिम्मेदारी को बेहतर निभाने का आश्वासन दिया।

### चुराह में अब एसडीएम का पद भी हुआ खाली



**अनंत ज्ञान, चुराह।** विधानसभा क्षेत्र चुराह में अधिकारियों के धड़ाधड़ हो रहे तो बदले को लेकर लोगों में काफी रोष है । चुराह विधानसभा क्षेत्र जिला चंबा का एक दुर्गम क्षेत्र है जहां पिछले 10 दिनों से तहसीलदार और नायब तहसीलदार का यहां से तबादला हो गया है। इसके बाद शनिवार को यहां से एसडीएम का भी तबादला हो गया है। जिस वजह से चुराह के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 10 दिनों से कई युवाओं ने अपने प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अप्लाई किया हुआ था। जिसे बहाल करने के लिए भलेई से नायब तहसीलदार को डेपुटेशन पर यहां भेजा गया था। इसी बीच आज चुराह से एक होनहार अधिकारी शशि पाल शर्मा एसडीएम तीसा का भी तबादला यहां से हो गया है जिस वजह से एसडीएम कार्यालय और अन्य सात विभाग पूरी तरह से खाली चल रहे हैं। लोगों का कहना है इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है । यह विभाग खाली होने से के लोगों को काफी समस्याओं का सामना झेलना पड़ रहा है लोगों ने हिमाचल सरकार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन विभागों को भरा जाए अन्यथा सड़कों पर उतरने से भी परहेज नहीं करेंगे।

### सड़क सुरक्षा पर लोगों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सेरी मंच पर आयोजित परिवहन विभाग, राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मंडी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुरक्षित हिमाचल सड़क सुरक्षा जागृति रैली के समापन समारोह की अध्यक्षता की। गत 20 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित इस बाइक रैली ने सरकाघाट से लेकर मंडी तक विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया। राजेश धर्माणी ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज के संदर्भ में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जरा सी लापरवाही या अन्य कारणों से हम सड़क दुर्घटनाओं में कई अमूल्य जीवन खो देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के यह प्रयास सराहनीय हैं और संस्था की ओर से ऐसी दुर्घटनाओं के कारणों के अध्यात्मिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया है।

### दिनेश सकलानी को मिली जिला बार एसो. की कमान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला न्यायालय मंडी बार एसोसिएशन मंडी के वार्षिक चुनाव जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को संपन्न हो गए है। इसमें कुल 615 मतदाता अधिवक्ताओं से 408 ने 44 पोस्टल और 364 बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता दिनेश सकलानी,उपाध्यक्ष के लिए देश मित्र, महासचिव पद के लिए अंकुर दीप व गौरव राणा को सह सचिव चुना गया। जानकारी देते हुए शनिवार को जिला बार एसोसिएशन मंडी चुनाव पर्यवेक्षक हेमंत कपूर, लोकेश कपूर और खूब राम शर्मा ने बताया कि मंडी जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं की जिला बार एसोसिएशन मंडी के वार्षिक चुनाव शनिवार को आयोजित किए गए। इस बार जिला न्यायालय मंडी के अधिवक्ताओं द्वारा जिला बार एसोसिएशन मंडी के 4 पदों यानी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और सह सचिव के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा वोटिंग से पूर्व बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष अजय शर्मा और लाइब्रेरियन चंद्रलेखा को चयनित किया है।

# हिंदू संगठनों ने निकाली रैली, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**




रैली निकालते हुए विभिन्न संगठनों के सदस्य।

राजधानी शिमला से भड़की आक्रोश की चिंगारी अब हर जिले व हर कस्बे में देखने को मिल रही है। हिंदू समाज की आस्था और उनके धर्म से छेड़छाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ अब हिंदू समाज से जुड़े लोगों ने एक मंच पर एकत्रित होकर जागरूक करने में जुट गए है। आज भी चंबा के सर्किट हाउस से हिंदू जागरण, विश्व हिंदू संगठन, बजरंग दल व कई अन्य हिंदू संगठन के लोगों ने एक मंच से अपनी आवाज को बुलंद करते हुए रैली निकाली। यह रैली चंबा के मुख्य चौगान से होती हुई उपायुक्त कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर विश्व हिंदू संगठन के प्रांत अध्यक्ष और हिमगिरि आश्रम के प्रांत अध्यक्ष लच्छीया राम ठाकुर ने कहा कि आज जो प्रदेश की देव भूमि में यह जो संघर्ष समिति बनी हुई है यह सब जो समाज में घटनाक्रम हो रहे है।

उसके प्रति आक्रोश की प्रणीति है, जिसके चलते सारा हिंदू समाज बिना किसी जातपात से एकत्रित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज हो रहे इस संघर्ष में किसी विशेष समुदाय के जुड़े हुए लोग ही नहीं है बल्कि हर वह व्यक्ति इसमें बढ़चढ़ कर अपना योगदान दे रहा है जोकि हिंदू समाज से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर हिमगिरि कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष लच्छीया राम ठाकुर ने कहा कि हमारे हिंदू समाज में नितदीन हमारे देश में कुछ लोग देश की अखंडता को तोड़ने का प्रयास कर रहे है। जिस कारण देश की जनता पर दश प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह जो हमारी संघर्ष समिति बनी है उसमे भिन्न भिन्न सभी समाज के लोग एकत्रित हुए है।

उन्होंने कहा कि इस रोष रैली का मुख्य उद्देश्य देश के महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपना था जिसको कि हमारे हिंदू समाज के वरिष्ठ लोगों ने उपायुक्त चंबा के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा है। हिन्दू संगठन के लोगों ने मांग की है कि हमारे प्रदेश में चुनिंदा कुछ लोग हमारे समाज में कुरीतियों को फैलाने की चेष्टा कर रहे है उन लोगों पर लगाम लगाई जाए।

## होटलों में नहीं पार्किंग सुविधा, जनता परेशान

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** बीते एक दशक से डलहौजी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में छोटे- बड़े होटलों, रिजॉर्ट, गेस्ट हाउसों एवं रेस्टोरेंट्स की मानों बाढ़ सी आ गई हो। हर गली में छोटा बड़ा होटल एवं गेस्ट हाउस देखने को मिल ही जाएगा लेकिन क्षेत्र के ज्यादातर होटलों रिसोर्ट, गेस्ट हाउसों के पास अपनी खुद की पार्किंग व्यवस्था भी नहीं है ज्यादातर गाड़ियां होटल गेस्ट हाउस एवं रिजॉर्ट्स के बाहर ही खड़ी देखने को मिलेगी।

अब सवाल यह पैदा होता है कि अगर इनके पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है तो इन्हें पंजीकृत कर लाइसेंस कैसे पर्यटन विभाग द्वारा दे दिया जाते है। आज क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जो है वह पार्किंग है , जिसने पुलिस प्रशासन स्थानीय प्रशासन के होश हाफ्ता किए हुए हैं ।



# रेबीज की बीमारी को जागरूकता से किया जा सकता है कम : कपूर



कुत्तों का टीकाकरण करवाते हुए स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पशु पालन विभाग चंबा द्वारा विश्व रेबीज-डे पर जिला के सभी पशु चिकिइत्सालयों में पालतू व आवारा कुत्तों को नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण के अभियान का शुभारंभ किया।

यह अभियान आगामी एक सप्ताह तक चलेगा विभाग द्वारा सभी उपमंडलीय चिकित्सालयों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध करवा दी है। उपनिदेशक पशु पालन विभाग चंबा डॉ. मुंशी कपूर ने जिला के समस्त लोगों से अपील की है कि वे अपने-अपने इलाके के पालतू व आवारा कुत्तों का टीकाकरण जरूर करवाए क्योंकि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है जो आदमियों में पागल कुत्तों के काटने से होती है तथा ईश बीमारी का कोई पक्का इलाज नहीं है रेबीज को रोकने हेतु कुत्तों का टीकाकरण ही एक बचाव है।

डॉ. कपूर ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक जिला के पशु चिकित्सा अधिकारी अपने अपने कार्य क्षेत्र में स्कूलों व पंचायत घरों में जाकर रेबीज रोग के बारे में बच्चों व आम जनमानस को जागरूक करेंगे क्योंकि भारत वर्ष में हर साल लगभग साठ हजार लोगों की मौत इस बीमारी के कारण होती है जिसे टीकाकरण व जागरूकता द्वारा कम किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी किया जागरूक



बैठक के दौरान मौजूद स्थानीय लोग व अन्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खणी में 'पहली शिक्षक-मां' मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चरण सिंह ने की। 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम के अंतर्गत पाठशाला में पढ़ने वाले प्री प्राइमरी बच्चों की माताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी माताओं ने अपने-अपने विचार बैठक में रखे।

पाठशाला के अध्यापक हरवंश सिंह ने बताया कि पहली शिक्षक मां कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता को बच्चों के साथ घर पर विकासात्मक, शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, भाषा एवं सृजनात्मक, गतिविधियां कराना है। इसके अलावा स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित आवश्यकताओं के लिए जागरूक करने तथा बच्चों को स्कूल के वातावरण से परिचित करवाने में शिक्षकों की सहायता के लिए माता को समर्थ बनाना है।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष चरण सिंह, रेशमो देवी, रमा देवी, लाम्बो देवी, पूजा देवी, शिखा देवी, रीना देवी, सुकन्या देवी, वंदना ठाकुर, उपस्थित रहे।

## पर्यटन विभाग ने सैलानियों के लिए किया विशेष इंतजाम : राजीव

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** गर्मियां खत्म हो रही हैं और सर्दियों की शुरुआत होने जा रही है। जिससे दो-तीन महीनों में क्षेत्र का मौसम बहुत जबरदस्त हो जाएगा जिसमें सिर्फ सुबह शाम ठंड की बहुतायत रहेगी लेकिन दिन में मौसम जबरदस्त घूमने लायक जो हो बाहरी पर्यटकों आपको अपनी और आकर्षित करता है। दिन प्रतिदिन सुहाने मौसम के चलते अनुमान लगाया जा सकता है कि इस बार सर्दियों में डलहौजी चंबा में पर्यटन उद्योग पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा । जिला पर्यटन अधिकारी राजीव ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग जिला चंबा में भारी सैलानियों के लिए चंबा के पर्यटक स्थलों पर विशेष प्रबंध किए हुए हैं जहां घूमने आने वाले सैलानियों को विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

## प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ की एसएमसी सर्वश्रेष्ठ

**अनंत ज्ञान, चंबा**



स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ शिक्षा खंड चुवाड़ी की स्कूल प्रबंधन समिति ने जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। साल भर बेहतर कार्य करने वाली स्कूल प्रबंधन समिति को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ एक ने प्राथमिक स्कूलों में पूरे जिला में ये स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले खण्ड स्तर पर प्रथम आने के बाद जिला के सभी खंडों में प्रतियोगिता होती है। जिले के लगभग 1200 स्कूलों में ये स्थान प्राप्त करने पर सभी अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन समिति को बधाई दी है। जिला प्रशिक्षण संस्थान चम्बा द्वारा विद्यालय को एक ट्रॉफी व उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिए गए। गौरतलब है कि कुठेड़ एक स्कूल में पिछले तीन सालों में छात्र संख्या में काफी इज़ाफ़ा हुआ है। कई लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से हटा कर कुठेड़ स्कूल में दाखिल करवा रहे हैं। जिस स्कूल में कभी मात्र 20 छात्र थे आज संख्या 80 तक पंहुच गयी है। यहां बच्चों को आधुनिक शिक्षा दी जा रही है।

इस समय विद्यालय के सभी कमरे डिजिटल रूप से तैयार किये गए हैं और स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा के साथ साथ खेल कूद प्रतियोगिता भी करवाई जाती है। कुठेड़ स्कूल की गतिविधियों की तारीफ शिक्षा सचिव भी कर चुके हैं। आज कई सरकारी नोकरी में लगे अभिभावकों की भी कुठेड़ स्कूल पहली पसंद बना है।

पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति ने सभी अभिभावकों से विजेता ट्रॉफी सांझी की इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पूजा देवी, अनु देवी, सपना, अरुचि, संतोष, सविता, सुनील, ऋतु व स्कूल शिक्षक नवनीत कुमार, आशीष बहल उपस्थित रहे ।

## शिक्षा के साथ खेलों का विशेष महत्व : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्व है इसलिए विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी नियमित समय व तवज्जो दें ताकि वे भविष्य में मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ व सक्षम बनकर देश के बेहतर नागरिक बन सकें। मुकेश रेपसवाल आज जिला मुख्यालय चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की 4 दिवसीय ज़िला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित खिलाड़ियों, अध्यापकों तथा उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे।



विजेता बच्चों को सम्मानित करते मुकेश रेपसवाल व अन्य।

इस खेलकूद प्रतियोगिता में चंबा ज़िला 8 क्षेत्रों के 83 स्कूलों के 590 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुकेश रेपसवाल ने कहा कि स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए खेलों का खास महत्व है।

मुकेश रेपसवाल ने कहा कि सफलता की सीढ़ी परिश्रम से होकर गुजरती है तथा प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सफलता के लिए निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा की उपस्थिति में एक 1500 मीटर की मध्यम दूरी की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के मनोज ठाकुर प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोर के युसुफ द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कीड़ी के नीरज तृतीय स्थान पर रहे।

## पधर में लगाया रेबीज टीकाकरण शिविर

**अनंत ज्ञान, पधर।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि विश्व रेबीज डे के उपलक्ष्य पर पशु चिकित्सालय पधर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 50 से अधिक पशुपालकों में भाग लिया और पशुपालकों को रेबीज रोग के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रेबीज एक घातक वायरस है जो संक्रमित कुत्तों या जानवरों की लार में मौजूद होता है और इन जानवरों के काटने से फैलता है। रेबीज के लक्षण आमतौर पर जल्द दिखाई नहीं देते जब कोई संक्रमित जानवर काटता है तो ही वह रेबीज के संपर्क में आता है। रेबीज के लक्षणों की बात करें तो इसका सबसे पहला संकेत है।

## कोदरा की होगी सरकारी खरीद सलूणी और तीसा में होंगे केंद्र

**अनंत ज्ञान चंबा**

माचल सरकार द्वारा पोषक अनाजों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 से निरंतर अनेक सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं ।उप कृषि निदेशक जिला चंबा, डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि पोषक अनाजों की खेती को बढ़ाने के लिए इस खरीफ मौसम में भी कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को कोदरा, कुटकी कोणी इत्यादि के बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर लगभग 25 किबंटल बीज उपलब्ध करवाए गए, अब कुछ ही दिनों के पश्चात किसानों के खेतों में कोदरा की पैदावार निकलने बाली है।

डॉ. धीमान ने कहा कि कोदरा की विक्री का किसानों को उचित मूल्य मिले इसलिए इस वर्ष हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा सलूणी और तीसा में एक-एक सरकारी खरीद केंद्र स्थपित किए गए हैं। इन खरीद केन्द्रों में इस वर्ष किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 4290 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कोदरा खरीदा जाएगा।

किसान कोदरा बेचना चाहते हैं वह हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के खरीद केंद्रों में अपने पंजीकरण करवा लें और यह भी जानकारी प्राप्त कर लें कि कोदरा की खरीद के लिए हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए बिक्री केंद्र तीसा के प्रभारी केवल चंद तथा बिक्री के अंदर सलूनी के प्रभारी अभिषेक परमार जानकारी हासिल की जा सकती है।

### सूडोकु 0071 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0070 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## कई जानवरों के काटने से फैलता है रेबीज : डॉ. चमन

**आजम डार, चुराह**

रेबीज सिर्फ कुत्तों के काटने से ही नहीं फैलता, बल्कि कुछ और भी कारण हैं जिनके चलते रेबीज फैलता है। यह बात विश्व रेबीज दिवस पर पशुपालन स्वास्थ्य विभाग उपमंडलीय अधिकारी डॉक्टर चमन सिंह ने कही। विश्व रेबीज दिवस पर चुराह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग में विशेषज्ञ द्वारा रेबीज के फैलने व उसके बचाव के बारे में जागरूक क्रिया। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा में आयोजित किया गया।

डॉक्टर चमन ने बताया कि दुनिया भर 28 सितम्बर विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। ये दिन रेबीज को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। रेबीज एक बहुत ही घातक बीमारी है। रेबीज एक ऐसा घातक वायरस है जो ज्यादातर केस में मौत का कारण बनता है। आमतौर पर रेबीज को कुत्तों से जोड़कर देखा जाता है, क्योंकि आमतौर पर ये कुत्तों के काटने से फैलता है, लेकिन रेबीज सिर्फ कुत्तों के काटने से ही नहीं फैलता, बल्कि कुछ अन्य जानवरों के काटने से भी फैलता है।

इसमें जंगली जानवर लोमड़ी, बंदर, नेवले व अन्य जानवर भी है जिनके काटने से रेबीज का वायरस फैलता है। अगर किसी व्यक्ति में लक्षण आ जाए तो ज्यादातर मामलों में यह मौत का कारण बन सकता है।




कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक करते हुए डॉक्टर।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

29 सितंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** द्वादशी : (4:50): **नक्षत्र** मघा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** साध्य (00:26) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:47-12:34), **राहुकाल** (04:39 -06:08)।

### विशेष दिन

- 29 सितंबर : विश्व हृदय दिवस आज।
- 29 सितंबर : संन्यासियों का श्राद्ध आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** नौकरी में भाग्योन्नति के योग बन रहे है। समझ और संभलकर कार्य करें सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी। धनलाभ होगा। साझेदारी संभल कर करें।

**वृषभ:** आप की कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन:** जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर है। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क:** अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। व्यावसायिक नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**सिंह:** परिजनों के साथ तीर्थाटन संभव है। बाहरी जनों से सहयोग मिलेगा। मन में कार्यसिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा। मस्तिष्क पीड़ा संभव है।

**कन्या:** आपके व्यवहार के कारण लोग आप की तारीफ करेंगे। वाहन-मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है।

**तुला:** संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन-प्रशासन से सहयोग मिलेगा। वायदा बाजार में लाभ होगा।

**वृश्चिक:** निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। विवाद न करें।

**धनु :** घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे।

**मकर:** आप बोलते कुछ हैं, करते कुछ है। निर्णय लेने में कमजोर रहेंगे। आप का मन अत्यंत चंचल है। दूसरों के झंझटों में न पड़ें।

**कुंभ:** आकस्मिक धनलाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता स्वास्थ खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कुमकुम जरूर खरीदें।

**मीन:** आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति के योग सुगम हैं। भागदौड़ अधिक होगी। आभूषण की प्राप्ति होगी।

## कृषि

### किसान विभिन्न किस्मों की नकदी फसलों से सालाना कमा रहे हैं लगभग 5 लाख रुपए

# मदन के लिए वरदान साबित हो रही है कृषि विभाग की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

किसानों के आर्थिक सुदृडिकरण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका फायदा उठा कर जिला चंबा के किसान आत्मनिर्भर बनकर अपना सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। इन्हीं किसानों में से एक है जिला चंबा की ग्राम पंचायत मंगला के गांव हथेडी निवासी मदन कुमार।

दसवीं कक्षा तक पढ़ाई किए हुए 45 वर्षीय मदन कुमार बचपन से ही कृषि पेशे से जुड़े हुए हैं। मदन कुमार बताते हैं कि वैसे तो पिछले लगभग 25 वर्षों से वे लगातार पूर्ण कालिक तौर पर कृषि व्यवसाय को ही पेशे के रूप में अपनाए हुए हैं मगर लगभग 5 वर्ष पूर्व पहले जब उन्होंने इस व्यवसाय को कृषि विभाग चंबा के उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक ढंग से करना शुरू किया तथा इसके लिए मशीनरी इत्यादि का इस्तेमाल करना शुरू किया तो उनके कृषि व्यवसाय में काफी सुधार हुआ है तथा उनकी आमदनी में भी इजाफा हुआ है। अब उन्हें कृषि विभाग की ओर से अपनी खेतीबाड़ी की जंगली



जानवरों से सुरक्षा के लिए 70 प्रतिशत अनुदान पर सोलर फेंसिंग की सुविधा मिली है तथा इसके लिए उन्हें लगभग 4 लाख रुपए की सबसिडी मिली है। जिससे उनकी खेतीबाड़ी की उजाड़ की समस्या खत्म हो गई है। इसके अलावा सिंचाई सुविधा के लिए कृषि विभाग की सहायता से एक सिंचाई टैंक का निर्माण किया गया है जिसके लिए सरकार द्वारा 3 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिली है तथा अब उन्हें कृषि व्यवसाय में सूखे की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

मदन कुमार ने बताया कि वह टमाटर, गोभी, मूली, पालक, बैंगन, धनिया तथा शिमला मिर्च इत्यादि सहित लगभग 10 किस्म की नगदी फसलें पैदा कर रहे हैं तथा वर्तमान में सालाना लगभग 5 लाख रुपए की आय कृषि व्यवसाय से अर्जित कर रहे हैं।

### विभाग मशीनीकरण को दे रहा बढ़ावा : कुलदीप

**कृषि** विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉक्टर कुलदीप सिंह धीमान ने बताया कि मदन कुमार कृषि व्यवसाय से जुड़े हुए एक अनुभवी और सूझबूझ वाले व्यक्ति हैं तथा इस क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। कुलदीप ने बताया कि किसानों के कृषि उत्पादों की लागत को कम करने तथा खेती कार्यों को आसान बनाने के लिए विभाग द्वारा मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है राज्य कृषि यंत्रीकरण योजना तथा कृषि मशीनीकरण पर अनुदान दिया गया है।

जो कुछ भी तुमको कमजोर बनाता है, शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# युद्ध और विनाश

इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच छिड़ा युद्ध विनाश का कारण बनता जा रहा है, जिससे नागरिकों की जान और संपत्ति की हानि हो रही है। इसराइल ने हिजबुल्लाह के गढ़ लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला कर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह को मौत के घाट उतारकर हिजबुल्लाह की कमर तोड़ दी है। इसराइल के एक वार ने एक झटके में ही 11 महीने पुराने युद्ध का चेहरा बदल दिया है। इसराइल के लिए नसरल्लाह की मौत गेमचेंजर से कम नहीं है। यह न सिर्फ हिजबुल्लाह, बल्कि ईरान और हमास के लिए भी झटका है। निश्चित रूप से इसराइल का यह हमला युद्ध और क्षेत्र को सीधे प्रभावित करने वाला है। दरअसल, हिजबुल्लाह इसराइल के खिलाफ सैन्य अभियान चलाता है। वह लेबनान की राजनीति में शामिल है और इसके सदस्य लेबनान की संसद में शामिल हैं। हिजबुल्लाह सामाजिक गतिविधियों में शामिल है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास। हिजबुल्लाह को संयुक्त राज्य अमेरिका ने आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है। कई पश्चिमी देशों ने भी इस संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। हसन नसरल्लाह इस क्षेत्र में ईरान का सबसे खास सहयोगी था। इसराइल के गाजा में हमले के बाद ईरान ने हिजबुल्लाह की मदद से बहु-मोर्चा युद्ध बनाने की कोशिश की है। नसरल्लाह ने उस युद्ध का नेतृत्व करने में मदद की और वह तेजी से ईरान का खास बना था, ऐसे में ईरान का क्षेत्र में इसराइल विरोधी मोर्चा बनाने की मुहिम को झटका लगा है।

हिजबुल्लाह के सामने इस समय बहुत बड़ी असमंजस है, क्योंकि लेबनान पर बीते दिनों हुए हमलों में हिजबुल्लाह और इसके राडवान बल के कई कमांडर मारे गए हैं। हिजबुल्लाह के पास हथियारों का बड़ा जखीरा है। इनमें रॉकेट, ड्रोन, एंटीटैंक मिसाइल और दूसरे हथियार शामिल हैं। अगर गुट को कोई नेता नहीं मिलता है, तो यह हिजबुल्लाह को अराजकता और अव्यवस्था की ओर धकेलेगा। ये लेबनानी गुट का संतुलन बिगाड़ सकता है और उसमे अंदरूनी कलह हो सकती है। बेरूत में हवाई हमले करके इसराइल ने दर्शा दिया है कि वह लेबनान में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गंभीर है। हिजबुल्लाह को इसकी उम्मीद नहीं थी और उसे लगता था कि इसराइल रक्षात्मक रहेगा। इसराइल की आक्रामकता के बाद हिजबुल्लाह के सामने भी मुश्किल है, क्योंकि उसने हमास को समर्थन जारी रखने की बात कही है। इसराइल से लड़ रहे हमास को उम्मीद थी कि वह गाजा में युद्ध जारी रखेगा। उसे यह आस थी कि आखिरकार इसराइल को युद्धविराम के लिए मजबूर किया जा सकेगा।

हमास को हिजबुल्लाह को एक मजबूत सहयोगी के रूप में रखने की आदत हो गई थी, लेकिन अब हिजबुल्लाह इसराइल का मुकाबला करने में असमर्थ है। हमास को अब ये संदेश जरूर जाएगा कि उसे भी हिजबुल्लाह की तरह हमले झेलने पड़ सकते हैं। हमास ने लेबनान में अपने महत्वपूर्ण सहयोगी को कमजोर होते देखा है। इससे साफ है वह भी लड़ाई में कहीं न कहीं कमजोर महसूस करेगा। यानी लेबनान का असर गाजा में भी देखने को मिलने जा रहा है। इस घटनाक्रम के कई मायने हैं। इसराइल और हिजबुल्लाह की जंग मध्य पूर्व में स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा है।

यह संघर्ष धार्मिक और राजनीतिक मतभेदों के कारण है, जिसमें इसराइल की स्थापना और फलस्तीनी लोगों के अधिकार शामिल हैं। इसराइल और हिजबुल्लाह की जंग क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित करती है, जिसमें ईरान, सऊदी अरब और अन्य देश शामिल हैं। यह संघर्ष अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी प्रभावित करता है, जिसमें अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देश शामिल हैं। इसराइल और हिजबुल्लाह की जंग में मानवाधिकारों का खुलकर उल्लंघन हो रहा है, जिसमें नागरिकों की मौत, घायल और विस्थापन शामिल हैं। इस युद्ध के बाद अब शरणार्थी संकट गहरा जाएगा, क्योंकि लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ेगा। जंग आर्थिक नुकसान का कारण बनती है, जिससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन प्रभावित होते हैं। यह संघर्ष राजनीतिक अस्थिरता का कारण बन गया है, जिससे सरकारें और संस्थाएं कमजोर होंगी। इसराइल और हिजबुल्लाह की जंग भविष्य की चुनौतियों का कारण बनेंगी, जिसमें शांति और स्थिरता की स्थापना शामिल है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### फिल्म जगत के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता

**महमूद** फिल्म जगत् के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता थे। उनका पूरा नाम महमूद अली था। तीन दशक लंबे चले उनके करियर में उन्होंने 300 से ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम किया। अपने बहुरंगीय किरदारों से दर्शकों को हंसाने और गंभीर भूमिका कर रुलाने वाले महमूद अभिनय के प्रति समर्पित थे। अपने बहुमुखी अभिनय और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें बुलंदियां दीं और उनको फिल्मफेयर सहित कई पुरस्कारों का सम्मान मिला। उन्होंने कई फिल्मों में गीत ही नहीं गाए, बल्कि फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया। महमूद का जन्म मुंबइ में हुआ था। महमूद को पहला ब्रेक 1958 की फिल्म 'परवरिश' में मिला था, जिसमें उन्होंने राज कपूर के भाई की भूमिका निभाई थी। 1961 की 'ससुराल' उनके करियर की अहम फिल्म थी, जिसके जरिए बतौर हास्य कलाकार स्थापित होने में उन्हें मदद मिली। 1965 की फिल्म 'जौहर महमूद इन गोवा' में उन्हें कॉमेडियन के साथ-साथ प्रमुख भूमिका निभाने का भी मौका मिला। 'प्यार किए जा' (1966) और 'पड़ोसन' (1968) महमूद की दो सर्वाधिक यादगार भूमिकाओं वाली फिल्में हैं, जिनको लेकर वह आज भी लोगों के दिल में बसे हुए हैं। ■



**महमूद**
**जन्म :** 29 सितंबर, 1932
**मृत्यु :** 23 जुलाई, 2004

## अपनी बात

**केंद्र** सरकार ने जब से यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानी यूपीएस की मंजूरी दी है, तब से प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी इस स्कीम को लांच करने के बाद अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वह अपने साथ छलावा हुआ भी बताने लगे हैं, पर करें भी क्या? सरकार के पास अभी उनके लिए कोई ठोस योजना नहीं है। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए पेंशन की यह व्यवस्था तो बहुत अच्छी बना दी है, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों तथा कर्मचारियों का क्या? प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी भी इसी देश का अंग हैं। उनके साथ इस तरह का सौतेला व्यवहार किसी भी सूरत में उचित नहीं दिखता। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों में वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंतन मनन हो रहा है। क्या उन्हें कभी इस नई पेंशन की सुविधा उपलब्ध हो ही नहीं पाएगी? जब कोई कर्मचारी रिटायर होता है तो उसके सामने परिवार के पालन-पोषण के साथ-साथ बुढ़ापे में बीमारियों की वजह से घिरे होने के कारण कई तरह की चुनौतियां पेश आती हैं। ऐसे में उन्हें भी ऐसे लाभ देने चाहिएं। – **अंकुर नाग, शाहपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# जंगली खाद्य पौधों की उपेक्षा से हो रही बर्बादी

**खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता दिवस पर विशेष**

हर साल 29 सितंबर को खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर खाद्य बर्बादी के मुद्दे को समझना और इसके समाधान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। जब हम भोजन की बर्बादी की बात करते हैं, तो अक्सर जंगली खाद्य पौधों के संसाधनों की अनदेखी के कारण होने वाली हानि को नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह चिंताजनक है। विशेष रूप से तब, जब दुनिया के कई हिस्सों में पौष्टिक और सस्ते भोजन की बढ़ती कमी, महंगाई, और असुरक्षित आपूर्ति एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

इस साल 2024 की थीम 'खाद्य हानि और अपशिष्ट में कमी के लिए जलवायु वित्तपोषण' पर केंद्रित है, जो जलवायु और खाद्य सुरक्षा के बीच संतुलन और स्थायी समाधानों की आवश्यकता को रेखांकित करता है। इस संदर्भ में, जंगली खाद्य पौधों की उपेक्षा जो कि जलवायु परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील होते हैं, का मुद्दा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**वैश्विक खाद्य समस्या और खाद्य बर्बादी की चुनौती :** दुनिया की वैश्विक खाद्य प्रणाली को यद्यपि सभी को पर्याप्त कैलोरी प्रदान करने में सक्षम माना जाता है, फिर भी लाखों लोग ऐसे हैं, जो या तो भूख का सामना कर रहे हैं या पौष्टिक आहार तक उनकी पहुंच नहीं है। यह स्थिति खाद्य बर्बादी के साथ मिलकर, दुनिया भर में भूख और कुपोषण की गंभीर समस्याओं को जन्म देती है। हाल ही में आईयूनिसेफ चाइल्ड न्यूट्रिशन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत में 40 प्रतिशत बच्चे भूख और कुपोषण का शिकार हैं। यह स्थिति भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बेहद चिंताजनक है, क्योंकि हमारे आसपास कई ऐसे जंगली खाद्य पौधे उपलब्ध हैं, जो औषधीय और पोषण से भरपूर होते हैं, लेकिन उनके प्रति उदासीनता और अज्ञानता के कारण हम उनका उचित उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, परिणामस्वरूप दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है।

**जंगली खाद्य पौधों की उपेक्षा, एक अनदेखी समस्या :** प्राचीन समय से ही जंगली खाद्य पौधे हमारे आहार और औषधीय प्रणालियों का हिस्सा रहे हैं। विभिन्न जनजातीय और ग्रामीण समुदायों ने सदियों से इन पौधों का उपयोग किया है और वे अपने पारंपरिक ज्ञान के आधार पर इन पौधों की पहचान, उपयोग, और संरक्षण में निपुण रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दशकों में, शहरीकरण और आधुनिकरण के चलते इन पौधों का महत्व कम हो गया है। अधिकांश लोग इन पौधों की पहचान और उनके महत्व से अनभिज्ञ होते हैं, जिसके कारण लोग अक्सर इन्हें केवल खरपतवार समझकर नजरअंदाज या नष्ट कर देते हैं। नतीजतन, धीरे-धीरे इनकी प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं।



**लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन**
बॉटनी विभागाध्याक्ष, मंडी कॉलेज

इसके अलावा, इन पौधों के उपयोग की परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही थी, लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और आधुनिक जीवनशैली में यह कड़ी टूटती जा रही है। आधुनिक समाज में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और फास्ट फूड संस्कृति के कारण, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच इन पौधों के प्रति रुचि और ज्ञान में भारी गिरावट आई है।

**खाद्य हानि और जंगली खाद्य पौधों की भूमिका :** जंगली खाद्य पौधे हमारी खाद्य प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये पौधे पोषण और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और कई बार इनमें प्रोटीन, विटामिन्स, और खनिजों की मात्रा उन पौधों से भी अधिक होती है, जिन्हें हम अपने खेतों में उगाते हैं जैस`कि सहेजन। इनका उपयोग हमारे आहार को पोषक और विविधता से भरपूर बनाता है। खाद्य असुरक्षा के समय, जैसे कि अकाल, सूखा या अन्य आपदाओं के दौरान ये जंगली पौधे भोजन का स्थायी स्रोत साबित होते हैं और यह पर्यावरण के प्रति भी हितकारी होते हैं।

**जंगली खाद्य पौधे और जलवायु परिवर्तन :** जंगली पौधों की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि वे जलवायु परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील होते हैं। वे कठिन मौसम परिस्थितियों में भी जीवित रहते हैं, जबकि खेती वाली फसलें जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण अधिक प्रभावित होती हैं। इसलिए, खाद्य हानि और अपशिष्ट को कम करने के लिए, हमें इन पौधों का सतत कटाई और उपयोग बढ़ाना चाहिए।

**हमारे स्थानीय संदर्भ में जंगली खाद्य पौधों की बर्बादी :** हिमाचल प्रदेश जैसे स्थानों में जहां कई दुर्लभ और औषधीय पौधों की प्रजातियां पाई जाती हैं, इनका उपेक्षित रहना अत्यंत दुखद है। प्राकृतिक आवासों से एकत्रित किए गए आर्गेनिक फल और सब्जियां उच्च बाजार मूल्य और वैश्विक मांग के बावजूद बहुत कम उपयोग हो पाते हैं।

उदाहरण के लिए, अंजीर की प्रजातियां, बांस के अंकुर या फिर नागफनी जैसी जड़ी-बूटियां, जिनका उपयोग पारंपरिक रूप से औषधीय उपचारों में होता रहा है, लेकिन उनके वाणिज्यिक उपयोग की जानकारी न होने के कारण वे बर्बाद हो जाते हैं।जंगली पौधों के उपयोग की कमी के कई कारण हैं, जैसे कि इनकी पहचान और महत्व की जानकारी का अभाव, फसल कटाई और प्रसंस्करण में समय और मेहनत की अधिकता, आधुनिक जीवनशैली में तेजी से हो रहा बदलाव, वाणिज्यिक फसलों की आसान पहुंच। इसका परिणाम यह होता है कि जंगली खाद्य पौधे, जो हमारी खाद्य प्रणाली में एक प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, उपेक्षित रह जाते हैं और बड़ी मात्रा में बर्बाद हो जाते हैं।

**खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता दिवस पर हमारी भूमिका :** खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम खेती से आए पौधों और उनके उत्पादों के साथ-साथ जंगली खाद्य पौधों की पहचान, संरक्षण और उपयोग को बढ़ावा देंगे। यदि हम इन पौधों का सही और सतत उपयोग करें, तो न केवल हम खाद्य बर्बादी को कम करसकते हैं, बल्कि पोषण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी हासिल कर सकते हैं। आइए, हम इस दिशा में जागरूकता फैलाएं और अपने पर्यावरण, स्वास्थ्य, और पारंपरिक धरोहर की रक्षा करने की दिशा में सार्थक कदम उठाएं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मानव की मानवता हो रही विलुप्त

जीवन का सार और सुख का रहस्य दो आंसुओं में निहित है-दूसरों के गम के आंसू पोंछकर प्रसन्नता का एक आंसू अर्जित करना तथा दूसरा आंसू एकांत में भाव-विभोर होकर प्रभु के प्रति कृतज्ञतापूर्वक बहाना कि उसने आपको सेवा करने का अवसर तथा उसके लिए क्षमता प्रदान की, बस इतना ही समस्त धर्मों का संदेश हैं।

आज श्प्रोग्रेसिवश के नाम पर भगवान राम को नकारना एक फैशन हो गया है। ज्यों-ज्यों भौतिक प्रगति हो रही है, मानव की मानवता विलुप्त होती जा रही है। कलह और अशांति व्यापक रोग की भांति फैलते जा रहे हैं। अतएव आध्यात्मिकता की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। अशांति का उपाय आध्यात्मिकता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करने वाले तथा युद्ध भड़कान वाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बंधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहां भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व में भगवान श्री राम को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश, भाषा और ग्रंथ में बाह्य पवित्रता खोजने वाले लोग जरा आन्तरिक भावनाओं की पवित्रता का भी तो महत्व समझें। ईश्वर का संबंध भावना से ही है, भाषा आदि से नहीं। धर्म के नाम पर घृणा-प्रचार एक हास्यास्पद विडंबना है। ईश्वर असीम शक्ति का भंडार है। भगवान राम हमारे लिए एक अनंत एवं अक्षय शक्ति स्रोत हैं। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु राम की भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। हम मंत्रबल को भी विस्मृत कर चुके हैं। मंत्रजप से अद्भुत शक्तियां जाग जाती हैं। दो-चार दिन श्रद्धापूर्वक एक मंत्र का जप करके ही हमें इसका अनुभव हो सकता है। मंत्रजप के सहारे सारी भीतरी कुंठाएं परिसमाप्त हो सकती हैं तथा नूतन शक्तियों का प्रादुर्भाव हो सकता है। खेद, हम भगवान राम की शक्तियों को भुला बैठे हैं। जरा मन के द्वार खोलें! शक्ति का एक असीम, अथाह भंडार हमारे भीतर सुरक्षित हैं। हमें उससे संबंध जोड़ने की आवश्यकता है।

सर्वशक्तिमान परमेश्वर भगवान राम में असीम शक्ति का अक्षय स्रोत हैं। हमें प्रभु राम की दयामयता में दृढ़ आस्था रखनी चाहिए। प्रभु राम की सजीव उपस्थिति को अपने चारों ओर देखना और अनुभव करना चाहिए। ईश्वरीय शक्ति में आस्था रखना कठिन हैं, किंतु उसके लाभ अकल्पनीय होते हैं। सबसे प्रेम करने वाला, सबको सुख पहुंचाने वाला व्यक्ति सबसे बड़ा है। जीवन ही मनुष्य का सच्चा धन होता है। आदमी को ईश्वर ने बनाया तो आदमी ईश्वर कैसे हो सकता है, दरसल आदमी ईश्वर का अंश है। जीवन को सफल एवं सार्थक तथा सुखमय एवं समृद्धिमय बनाने के लिए भगवान श्री राम के विचारों पर चलने से आत्मनिर्माण एवं आत्मोद्धार करना परम पुरुषार्थ होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### बेकसूर



**राकेश, 'रूखसार'**

*फेहरिस्त गमों की बनाने में लगा रहता हूं।*
*भूले नगमों को गुनगुनाने में लगा रहता हूं।*
*उड़ कर बिखर गईं जो हवा के झोंके से।*
*उन्हीं जुल्फों को सजाने में लगा रहता हूं।*
*सकूं बहुत मिला था आंखों के सागर में।*
*साहिल पर अब डूब जाने में लगा रहता हूं।*
*छोड़ा था गांव शहरी चमक की चाह में।*
*खाबों में फिर गांव बसाने में लगा रहता हूं।*
*देख कर कागजी फूलों से सजी मंडियां।*
*मन की तितलियां उड़ाने में लगा रहता हूं।*
*दिल को घुटने दिया गला रुंधने न दिया।*
*छुप के आंसू बहाने में लगा रहता हूं।*
*गुस्ताखियां गैरों ने की नाम मेरे लग गईं।*
*बेकसूर सा मुंह छुपाने में लगा रहता हूं।*
*हंसी तो मुकाम तलाश रही है तमाशों में।*
*मैं जाम गम के छलकाने में लगा रहता हूं।*
*इससे पहले कि नफरत की आग छू जाए।*
*घर अपना खुद ही जलाने में लगा रहता हूं।*

# समाज को मासूम बालिकाओं को रौंदने से बचाना होगा

बेशक 22 सितंबर के दिन को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया गया, मगर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल एक दिन पूरे विश्व में बालिकाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, संकल्प लिए जाते हैं उसके बाद 364 दिनों तक मासूम बच्चियों को रौंदा जाता है। समूचे विश्व में बालिका दिवस पर भाषण प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं, सेमिनार लगाए जाते हैं ,कवि सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं, मगर सुधार शून्य ही रहता है।

सही मायनों में अगर बालिकाओं को सुरक्षित बनाना है तो समाज के हर वर्ग को इसमें सहयोग देना होगा, तभी ऐसे आयोजन सफल हो सकते हैं, अन्यथा सुधार संभव नहीं हो सकता। आज पूरे विश्व में बालिकाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय होती जा रही है। आज भले ही मानव 21वीं सदी में पहुंच चुका है, मगर उसकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। इतिहास गवाह है कि देश में लड़कियों ने शिक्षा, राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में सफलता की इबारतें लिखी हैं। समाज में बालिकाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, उनसे दुष्कर्म किए जा रहे हैं मासूम बालिकाओं की हत्याएं की जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्याएं हो रही हैं, जिससे लिंग अनुपात घटता जा रहा है। मंदिरों, झाड़ियों में नवजात शिशु फेंके जा रहे हैं, जिनमें अधिकांश लड़कियां होती हैं। समाज किस ओर जा रहा है, वह यह क्यों नहीं सोचता कि जिसने उसे जन्म दिया, वह भी एक लड़की ही थी। कन्या भ्रूण हत्या के लिए समाज जिम्मेदार है। आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपना नाम चमका रही हैं, हर शिखर पर परचम लहरा रही हैं। आज धरती से लेकर आकाश तक बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर समाज को बता दिया कि हम किसी से कम नहीं हैं। आज बेटियां एवरेस्ट पर्वत पर पहुंच रही हैं, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

वंश परंपरा की खातिर कोख में ही कत्ल किए जा रहे हैं। आज सरकारों द्वारा 'बेटी है अनमोल' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, मगर कुछ तथाकथित दकियानूसी सोच रखने वाले लोगों के कारण ऐसे कार्यक्रमों पर बट्टा लग रहा है, जो लड़के की चाहत में ऐसे घिनौने कार्य कर रहे हैं, ऐसे लोगों को कसाई कहना चाहिए जो जानबूझ कर ऐसे रुह कंपा देने वाले कार्यों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। समाज को ऐसे लोगों को बहिष्कृत करना चाहिए जो लड़कियों के जन्म पर मातम मनाते हैं। समाज के लोग गैरजिम्मेदार होते जा रहे हैं क्योंकि समाज में कोई इन घटनाओं को रोकने के लिए आगे नहीं आ रहा है। अगर समाज जागरूक हो जाएगा तो इस पर रोक लग सकती है। आज भारत में ऐसे मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में अभिशाप बनती जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध है, मगर लोग निडर होकर बच्चियों को कूड़ेदानों व सुनसान जगहों पर फेंक रहे हैं। यह पतन की पराकाष्ठा है, अगर समय रहते इन घिनौने कार्य पर रोक नहीं लगाई तो आने वाला कल बहुत ही विनाशकारी होगा। ऐसी वारदातों से समाज का अहित होता है। यह एक चिंता का विषय बनता जा रहा है। समाज के बुद्धिजीविओं को बालिकाओं को बचाने के लिए चिंतन करना चाहिए। बेटा-बेटी के अंतर को खत्म करना होगा। अगर हर मां-बाप यह सोच रखें कि उसकी जो भी संतान होगी, चाहे लड़का हो या लड़की, उसका कत्ल नहीं किया जाएगा तो लिंग अनुपात में सुधार हो सकता है, मगर समाज के लोगों को यह बात कौन समझायगा। लोग अपनी मनमानी करते हैं, अगर समाज के लोग सक्रिय हो जाएं जो इन लोगों पर नजर रखी जा सकती है, जो लिंग जांच करवाने के बाद बेटियों का बेरहमी से कत्ल करवाते हैं।

समय-समय पर देश के राज्यों से ऐसे समाचार आते रहते हैं। ऐसे क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टरों को सजा-एमौत देनी चाहिए, जो ऐसे नीच काम करते हैं। ऐसे लोगों को जल्लाद कहना गलत नहीं होगा जो जानबूझर अजन्मी कन्याओं को मौत के घाट उतार रहे हैं। चंद मुठ्ठी भर लोग समाज का वातावरण खराब कर रहे हैं। समाज में गरीब लोग मेहनत मजदूरी करके अपनी बच्चियों का पालन-पोषण कर रहे हैं, ऐसे घिनौने कार्यों को सरमाएदार लोग ही अंजाम देते हैं क्योंकि अमीर लोगों पर कोई अंगुली नहीं उठाता। बेटियों को कोख में ही खत्म करवाने वाले राक्षसों को सूली पर टांगना चाहिए। समाज के यही तथाकथित अमीर लोग नवरात्रों में कंजकों को पूजते हैं, मगर एक दिन पूजा करके इनके पाप नहीं धुल सकते क्योंकि इनके पापों की सजा भगवान जरूर देगा। महिलाओं को भी इसको रोकने के लिए आगे आना होगा, ऐसे लोगों को सजा दिलवानी होगी। अगर महिलाएं इसके विरुद्ध खड़ी हो जाएं तो इन पर पूर्ण रूप से रोक लग सकती है, मगर वंश परंपरा के कारण कई महिलाएं भी दोषी हैं। सरकारों को इन मामलो पर संज्ञान लेना होगा। आज की बालिका कल की स्त्री है,जिसके बगैर समाज की कल्पना नहीं जा सकती।

समाज को जागरूक करने के लिए सरकार को संचार माध्यमों से अभियान चलाना होगा ताकि लोगों को जागृत किया जा सके। प्रत्येक शहर व गांवों में शिविर लगाने चाहिएं, अगर यह सिलसिला ऐसे ही बदस्तूर चलता रहा तो आने वाला समय इतना भयंकर हो जाएगा कि अराजकता फैल जाएगी, जब चारों तरफ बालिकाओं का चीरहरण होगा। अगर समाज का हर आदमी जागरूक हो जाएगा, तभी बालिकाओं को बचाया जा सकता है और तभी ऐसे बालिका दिवस सार्थक होगें। अगर अब भी लापरवाही बरती जो एक दिन बालिकाओं का आस्तित्व मिट जाएगा, फिर पछताने के सिवाए कुछ हासिल नहीं होगा। अतः समय जागने का है। आओ हम सब एकजुट होकर बालिकाओं को बचाने का संकल्प लें, तभी ऐसे दिवसों की सार्थकता होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सनातन धर्म शाश्वत है और चिरकाल से चला आ रहा है

मौजूदा कांग्रेस का विवादों और विवादित व्यक्तियों से नाता कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के प्रत्येक कदम में समाज को तोड़ने की बू आती है। खासकर सनातन धर्म मानने वालों के साथ तो कांग्रेस का व्यवहार दोयम दर्जे का रहता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तो हिंदुओं को आतंकवादी तक बताने से नहीं चूकते हैं। इसी के चलते कांग्रेस का समाज को जोड़ने का कोई भी उपक्रम या सम्मेलन सफल नहीं होता है, क्योंकि उसमें वह ऐसी कुछ शख्सियतों को आमंत्रित कर ही लेती है, जो सनातन के खिलाफ जहर उगलने में माहिर हैं। इसलिए तो उत्तर प्रदेश की जमीं पर जब कांग्रेस ने अपनी संविधान बचाने और सामाजिक न्याय को लेकर चलाई जा रही मुहिम को आगे बढ़ाने का फैसला लिया तो यह सम्मेलन भी शुरू होने से पहले विवादों में घिर गया।

दरअसल, कांग्रेस ने 29 सितंबर को लखनऊ में सामाजिक न्याय सम्मेलन करने का निर्णय लिया है, लेकिन विवाद का विषय यह है कि कांग्रेस को इस सम्मेनल के लिए तमिलनाडु के मंत्री उदय निधि स्टालिन से बेहतर कोई व्यक्ति नजर नहीं आया और उसने उन्हें बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया है। यह सम्मेलन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल की जयंती पर हो रहा है। बता दें उदयनिधि स्टालिन अपने तमाम विवादित बयानों के माध्यम से सनातन धर्म को जड़ से खत्म करने की बात करते रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा था कि कुछ चीजों का सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोनावायरस का विरोध नहीं कर सकते। हमें इसे खत्म करना होगा। इसी तरह हमें सनातन को खत्म करना है।

सनातन धर्म को लेकर उदयनिधि की टिप्पणियों पर पूरे देश में बड़ा बवाल मचा था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा ने उनके बयान की तीखी आलोचना की। उदयनिधि के इस बयान के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ नेताओं ने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा था कि सनातन धर्म दर्शन से जुड़ा पहलू है। यह भारतीय सभ्यता के मूल्यों से जुड़ी शाश्वत जीवनशैली है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं का कहना है कि सनातन धर्म शाश्वत है और चिरकाल से चला आ रहा है, जिसे हिंदू धर्म कहा जाता है वह इसका एक रूप है, जो लोग इसे ब्राह्मणवाद से जोड़ रहे हैं, उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है। संघ से जुड़े एक नेता ने कहा कि ब्राह्मणवाद भी अपने आप में एक काल्पनिक अवधारणा है, जो लोग इसे ब्राह्मणवाद से जोड़ कर देख रहे हैं वे अपनी अज्ञानता और स्वार्थ में ऐसा कर रहे हैं।



**लेखक : संजय सक्सेना**
बरिष्ठ पत्रकार

संघ नेताओं का कहना था कि भारत में जन्म लेने वाले धर्मों और और उनकी परंपराएं लोगों के बीच समानता और सह अस्तित्व की बात करती है जबकि बाहर से आने वाले धर्म भेदभाव और अलगाव की बात करते हैं। वहीं, बीजेपी की आईटी सैल प्रमुख अमित मालवीय ने उदयनिधि स्टालिन के बयान की तुलना यहूदियों के बारे में हिटलर के विचारों से की थी। मामला मद्रास हाईकोर्ट तक पहुंचा था। इस पर मद्रास हाईकोर्ट ने स्टालिन को नसीहत देते हुए कहा था कि किसी भी व्यक्ति को विभाजनकारी विचारों को बढ़ावा देने या किसी विचारधारा को खत्म करने का अधिकार नहीं है, मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी जयचंद्रन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे व्यक्ति को जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए और उन विचारों को प्रचारित करने से खुद को रोकना चाहिए, जो विचारधारा, जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं। इसके बजाए, वे नशीले पेय पदार्थों और ड्रग्स की समस्या के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जो स्वास्थ्य जोखिमों, भ्रष्टाचार, अस्पृश्यता और अन्य सामाजिक बुराइयों को जन्म देते हैं।

इस पर उदय ने गलती मानने के बजाए अपनी टिप्पणियों का बचाव किया और कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। मैं अपने बयान के संबंध में कानूनी परिणाम भुगतने के लिए तैयार हूं। मैंने जो कहा, वह सही था और मैं इसका कानूनी तौर पर सामना करूंगा। मैं अपना बयान नहीं बदलूंगा। मैंने अपनी विचारधारा की बात कही है। मैंने अंबेडकर, पेरियार या थिरुमावलवन ने जो कहा था, उससे अधिक नहीं बोला है। मैं विधायक, मंत्री या यूथ विंग का सचिव हो सकता हूं और कल शायद इनमें से कुछ भी नहीं रह सकता हूं, लेकिन इंसान होना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

खैर, तमाम किन्तु परंतुओं के बीच कांग्रेसियों का यही कहना है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी निरंतर मुखर हैं। लब्बोलुआब यह है कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस आलाकमान ने लखनऊ में होने जा रहे सामाजिक न्याय सम्मेलन को चर्चा में लाने के लिएउदयनिधि स्टालिन को आमंत्रित किया है, क्योंकि स्टालिन आयेंगे और बीजेपी या हिंदूवादी संगठन चुप रहेंगे, इस बात की संभावना न के बराबर है। इससे विवादत होगा और कांग्रेस के सम्मेलन का अपने आप प्रोपेगेंडा हो जाएगा। निश्चित की इससे कांग्रेस की तुष्टिकरण और हिंदुओं को आपस में लड़ाने की साजिश को भी बल मिलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 30 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौड़ ने बताया कि विद्युत उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विद्युत अनुभाग महादेव में 22 केवी महादेव जैदेवी फीडर में एचटी लाइन की आवश्यक मरम्मत तथा लाइनों के साथ लगे पेड़ों की कांट-छांट के लिए 30 सितंबर को विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से सायं 5 बजे तक नजदीकी क्षेत्र महादेव, समकल, गोदीपधर, घांगल, भरारी, चांबी, जंगमबाग, जवाला, सुसन, केरन, कांगर, नेरी, खतरवाड़ी आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। परिस्थितियों के अनुसार कार्य में बदलाव भी किया जा सकता है।

### चौंतड़ा स्कूल में समझाया स्वच्छता का महत्व



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श विद्यालय चौंतड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्वच्छता विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आगामी 2 अक्तूबर तक ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। भाषण प्रतियोगिता में अवनी ठाकुर पहले, वंशिका राव दूसरे तथा मुस्कान तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि मोलसरी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

### अधिकारियों ने सीखे खातों के तहत बिल तैयार करना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में 'विभिन्न योजनाओं और वार्षिक खातों के तहत बिल तैयार करने' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के जिला मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, शिमला और कुल्लू से आए हुए कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान प्रधानाचार्य, कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर डॉ. प्राची ने विभिन्न योजनाओं और वार्षिक खातों के तहत बिल तैयार करने बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के पहले दिन डॉ. हितेंद्र ने अवधारणा में सब्सिडी बिल और वार्षिक खाते का महत्व बताया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ भूषण द्वारा बीज एवं उर्वरक के महत्व एवं वार्षिक लेखा-जोखा तैयार करने की आवश्यकता और अभ्यास सत्र - वार्षिक लेखा तैयार करना पर प्रशिक्षण दिया गया।



### एसएफआई ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) की जोगिंद्रनगर इकाई ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान इकाई की अध्यक्ष शैली बड़वाल ने भगत सिंह के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। 28 सितंबर को मनाए गए इस कार्यक्रम में भगत सिंह के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उनके क्रांतिकारी विचारों पर चर्चा की गई। एसएफआई ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगत सिंह के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

### इफको ने लगाया नैनो उर्वरकों पर जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, रति।** इफको मंडी द्वारा मॉडल विलेज क्लस्टर डडौर जिला मंडी में प्रगतिशील किसानों के लिए जागरूकता अभियान लगाया, जिसमें ग्राम कुम्मी, धाबन, नेरचौक के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि भुवनेश पठानिया (राज्य विपणन प्रबंधक शिमला), इफको के जिला मंडी के क्षेत्र अधिकारी रोहित गलोटिया, किसान संघ उपाध्यक्ष करम सिंह, सब्जी मंडी डडौर प्रधान शेर सिंह, इफको के अन्य अधिकारी धर्मेंद्र, अजय, खेम राज, पुनीत ने भाग लिया। राज्य विपणन प्रबंधक भुवनेश ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में जिला मंडी के डडौर में 200 किसानों का क्लस्टर बनाया है, जिसमें मुख्य रूप से गोभी, टमाटर के किसानों को चयनित किया है, इन किसानों को इफको द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान पर नैनो यूरिया, डीएपी और सागरिका दी जाएगी और साथ में ड्रोन के माध्यम से 100 रुपए प्रति एकड़ अनुदान भी दिया जाएगा।

### बागवानी विकास अधिकारी कार्यालय से खरीदें शुद्ध शहद



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बागवानी विकास अधिकारी चौंतड़ा निधि ने बताया कि उनके कार्यालय में प्रदेश के मधुमक्खी पालकों द्वारा तैयार शुद्ध शहद बिक्री के लिये उपलब्ध है। यदि कोई भी व्यक्ति यह शुद्ध शहद खरीदना चाहता है तो वह खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर चौंतड़ा में स्थित बागवानी विकास अधिकारी के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त कर सकता है। यह शुद्ध शहद हिमाचल प्रदेश बागवानी विभाग द्वारा तय मानकों पर खरा उतरने के बाद ही प्रदेश के विभिन्न मधुमक्खी पालन स्टेशनों से एकत्रित किया जाता है।

### करसोग में छात्रों को एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एचआईवी एड्स जागरूकता व स्वास्थ्य जांच अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की आईसीटीसी टीम द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करसोग के छात्रों को एचआईवी/एड्स व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतू स्वास्थ्य जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर के दौरान छात्रों को एचआईवी/एड्स सहित विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। आईसीटीसी की स्वास्थ्य काउंसलर नंदा शर्मा ने बताया कि हमें नशे जैसी बुराई के कारण समाज में फैल रही एचआईवी/एड्स जैसी बीमारी से युवा पीढ़ी व समाज को बचाना होगा और यह कार्य जागरूकता से ही किया जा सकता है।



### आंगनबाड़ी सहायिका के पद को आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, पधर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, द्रंग जितेंद्र सैनी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र लोहडा में आंगनबाड़ी सहायिका के पद भरा जाना हैं। इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार साधारण आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छाया-प्रतियों सहित 21 अक्तूबर 2024, तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, द्रंग स्थित पधर जिला मंडी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रार्थी का नाम ग्राम पंचायत भडवाहन के परिवार रजिस्टर की सूची में शामिल होना चाहिए। आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है।

### प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के बताए तरीके



**अनंत ज्ञान, गोहर।** भूकंपरोधी व सुरक्षित पद्धति मकान के निर्माण व किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए गैर सरकारी संगठनों को खंड अधिकारी कार्यालय गोहर में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल गोहर के महिला मंडल, युवक मंडल, सहित गैर सरकारी संगठनों के लगभग 250 लोगों ने जागरूकता व प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

### कला उत्सव में 107 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या जोगिंद्रनगर में द्रंग और चौंतड़ा के चार ब्लॉकों के 29 स्कूलों के 107 विद्यार्थियों ने कला उत्सव में भाग लिया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। संगीत गायन प्रतियोगिता में शिवांगी ग्रुप (जीएसएसएस पधर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनामिका (पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंदर नगर) दूसरे स्थान पर रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में तानिया और उनकी पार्टी (पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्या जोगिंद्रनगर) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि पधर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं दूसरे स्थान पर रहीं। इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में अनुष्का शर्मा (पीएम श्री कन्या) ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# छोटी काशी में गरजे हिंदू संगठन

## साधु-संतों ने किए मंडीवासी जागरूक, प्रवासियों की दुकानें रही बंद

**पुष्पराज, मंडी**



साधु-संतों की अगुवाई में शहर में किया रैली का आयोजन।

मंडी शहर में फिर से हुंकार भरते हुए भारत माता का जयकारा लगाते हुए मंडी में रैली का आयोजन किया। रैली में संत समाज से साधु-संत विशेष रूप से शामिल हुए और हर गली मोहल्ले में जा छोटी काशी के बाशिंदों को जागरूक किया।

रैली में विराजे संतों में बिलासपुर से रूपेश्वर गिरी, पंडोह से विष्णु मोहन, कांगनीधार से भरत दास, सोली खड्ड से शिव दास त्यागी और हरिद्वार से आए हुए दो संतों ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रवासियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। संत रूपेश्वर गिरी ने कहा कि जो हिमाचल का स्थायी मुसलमान है उसका कोई विरोध नहीं है लेकिन प्रवासी के रूप में जो लोग यहां आ रहे हैं वे यहां की डेमोग्राफी बदलने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी लिहाज में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस बात को लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। प्रवासी के रूप में चाहे कोई संत ही क्यों न आ रहा हो लेकिन उसे भी पंजीकरण के बाद ही यहां रहने दिया जाना चाहिए। जो बिना पंजीकरण के यहां आकर रह रहा है वो चाहे हिंदू ही क्यों न हो, वो हमारा विरोधी है।

### गंभीर हालातों का करना पड़ सकता है सामना : रूपेश्वर

**रूपेश्वर** गिरी ने मंडी शहर के भगवान मुहल्ले में लोगों को एक टेलर शॉप के बाहर संबोधित करते हुए पूछा कि यहां लोग सिर्फ महिलाओं के कपड़े सिलने ही क्यों आते हैं। हर जगह लेडिज टेलर क्यों बैठे हैं क्या जेंट्स के कपड़े सिलना इन्हें नहीं आता। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे चंद पैसों के लालच में महंगी दरों पर इन्हें दुकानें देना बंद करें नहीं तो भविष्य के जम्मू-कश्मीर और केरल की तरह यहां के लोगों को भी गंभीर हालातों का सामना करना पड़ेगा।

### सरकारों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**रूपेश्वर** गिरी द्वारा प्रदेश सरकारों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाए गया। उन्होंने कहा कि जब 1954 में वक्फ बोर्ड का गठन हुआ तो वर्ष 1951 से शिमला में वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीनें कैसे हो गई। इस बात की जानकारी खुद सीएम ने सदन में दी है। मुजायरा एक्ट के बाद बहुत से हिमाचलियों की जमीनें चली गई लेकिन वक्फ बोर्ड की जमीनों को आंच तक नहीं आई।

### पुलिस का रहा कड़ा पहरा

**रैली** के दौरान हिंदू संगठनों के लोगों ने जेहादों का जिक्र करते हुए उनके मुर्दाबाद के नारे लगाए और हिंदू धर्म की जयकारों से शहर को गुंजायमान कर दिया और उसके उपरांत उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान पुलिस का भी कड़ा पहरा देखने को मिला और शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। जेल रोड़ में विवादित मस्जिद के पास भी पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। हालांकि हिंदू संगठनों ने वहां जाने की कोशिश नहीं की। (अनंत ज्ञान)

### शहर की गहमागहमी को मैनेज नहीं कर पाई पुलिस

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** महीने का आखिरी शनिवार मंडी शहर में गहमागहमी वाला रहा। गहमा गहमी ऐसी की पुलिस की तैयारी का अभाव झलका। सेरी मंच पर हिमाचल सड़क सुरक्षा जागृति रैली के समापन पर हिमाचल पथ परिवहन निगम और ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी के कार्यक्रम प्रमुख रहा। वहीं पर धार्मिक संगठनों द्वारा संत समाज के साथ नगर भ्रमण ज्यादा चर्चित कार्यक्रम रहा। उधर नर्सरी ट्रेन टीचर्स की सदस्याओं द्वारा सर्किट हाउस से स्कूल बाजार, गांधी चौक, चौहट्टा बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक की रैली से शहर तापमान ही बढ़ा दिया। ज्यादातर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मंत्री वाले कार्यक्रम में व्यस्त थे जबकि धार्मिक संगठनों व संत समाज के कार्यक्रम पर भी पुलिस की कड़ी नजर थी। ऐसे में बेरोजगार नर्सरी ट्रेंड टीचर्स की सदस्याओं की रैली पर शायद पुलिस का ध्यान ही नहीं गया। रैली और जुलूस को उपायुक्त कार्यालय से 100 मीटर दूर पीपल के पास ही रोक दिया जाता था लेकिन पुलिस व्यवस्था न होने के चलते मीडिया संबोधन के बाद रैली सीधे उपायुक्त कार्यालय भवन के गेट पर जा पहुंची।

# एनटीटी भर्ती को एक वर्षीय डिप्लोमा होल्डर हों पात्र : वंदना



उपायुक्त कार्यालय के द्वार पर धरना-प्रदर्शन करते एनटीटी संघ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिप्र प्रशिक्षित नर्सरी अध्यापिका संघ की बैठक प्रदेशाध्यक्ष वंदना गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के बाद सर्किट हाउस से स्कूल बाजार, गांधी चौक, चौहट्टा बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली गई।

उपायुक्त कार्यालय के द्वार पर धरना देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में 97 प्रतिशत महिलाओं ने एक वर्ष का ही एनटीटी का डिप्लोमा किया हुआ है जबकि एनटीटी भर्ती के लिए नोटिफिकेशन में एनसीईआरटी के माध्यम से 2 वर्ष के डिप्लोमा धारकों को ही पात्र माना गया है।

प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि इस वक्त लगभग 15000 एनटीटी डिप्लोमा होल्डर इस पात्रता से बाहर हो गए हैं। उन्होंने 2 वर्ष के डिप्लोमा धारकों के साथ-साथ एक वर्षीय डिप्लोमा होल्डर को भी एनटीटी भर्ती के लिए पात्र बनाने की मांग की। बैठक में उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, सचिव गीता देवी, कोषाध्यक्ष धनेसरी ठाकुर, जिला अध्यक्ष मंडी निशा सैनी, जिला अध्यक्ष कुल्लू अंजना ठाकुर, जिला अध्यक्ष बिलासपुर अंजना कुमारी सहित भारतीय जनता मजदूर संघ के महामंत्री वीर सिंह भी उपस्थित रहे।

### बच्चों को दी स्वच्छता पर जानकारी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर में एक दिवसीय स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में खंड विकास अधिकारी कार्यालय गोहर से सीबीपीओ योगराज ने बच्चों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कचरा निपटारे व प्रबंधन पर बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों को अपने आसपास स्वच्छता का माहौल बनाना है। हमें अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ख्याल रखना है। उन्होंने अध्यापक वर्ग व बच्चों को स्वच्छता पर शपथ ग्रहण करवाई ।

## सरकाघाट कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग ने करवाई फ्रेशर पार्टी



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रविन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के राजनीति विज्ञान विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल रहे। यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नए छात्रों का स्वागत करने और उन्हें विभाग के वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ आर आर कौंडल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने नए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा, राजनीति विज्ञान समाज और राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### किसान मोर्चा सरकाघाट में बनाएगा 3,500 नए सदस्य



**सरकाघाट।** भाजपा किसान मोर्चा सरकाघाट मंडल की बैठक विश्राम गृह सरकाघाट में किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक दलीप ठाकुर, किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अभिनव गुलरिया विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अभिनव गुलरिया ने बताया कि 3500 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया इस लक्ष्य को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण 1 अक्तूबर से लेकर 7 अक्तूबर और दूसरा चरण 9 से लेकर 15 अक्तूबर तक चलेगा। किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को 100 सदस्य बनना अनिवार्य होगा।

## करणदीप मिस्टर और प्रेरणा बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



अभिलाषी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में छात्र व अन्य।

अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक में मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के छात्रों ने नए बैच का स्वागत करने के लिए एक जीवंत फ्रेशर पार्टी 'नवीन संपर्क' की मेजबानी की। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में हुआ और इसमें मुख्यातिथि के रूप में अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की मंगल प्रार्थना के साथ हुई। प्रो. डीके मिश्रा, डीन, आयुर्वेद संकाय एवं स्वास्थ्य विज्ञान व डॉ. आकृति गुलेरिया ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत और अभिनंदन किया। अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने छात्रों का स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और उनका मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का समापन मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसमें करणदीप व प्रेरणा को मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। वहीं मिस्टर लवीश और अनीशा को मिस्टर पर्सनालिटी और मिस पर्सनालिटी के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्मदा अभिलाषी आदि ने बधाई दी।

## अध्यापक परिवर्तन लाने में निभाता है अहम भूमिका : राजेश

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य।

शिक्षण एक बहुत ही उत्तम कार्य है और अध्यापक बनना गौरव की बात है। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज यहां विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन बड़सु (बगला) में 19 वें स्थापना दिवस समारोह 'नवरंग' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि केवल नौकरी के लिए अध्यापक बनना यह भावना हम में नहीं होनी चाहिए क्योंकि अध्यापक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तकनीकी महाविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक व भविष्योन्मुखी कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में एआई का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है और भविष्य में हमें अपना स्थान बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक स्किल मैनपॉवर तैयार करनी होगी, तभी हम अन्य लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे।

उन्होंने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया और कॉलेज में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया। कॉलेज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गौरव मारवाह व प्रिंसिपल बीएड कॉलेज दीप्ति मारवाह ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### दी दलेड़ सहकारी सभा के चुनाव 29 अक्तूबर को होंगे

**जोगिंद्रनगर।** दी दलेड़ कृषि सेवा सहकारी सभा दलेड़ में अक्टूबर माह में चुनाव होने जा रहे हैं इस बारे जानकारी देते हुए सहकारी सभा के सचिव रणजीत सिंह ने बताया कि दी दलेड़ ग्राम कृषि सहकारी सभा समिति दलेड़ में 29 अक्तूबर को सहकारी सभा दलेड़ में चुनाव करवाए जाएंगे।

दी दलेड़ ग्राम सेवा कृषि सहकारी सभा दलेड़ का चुनाव कार्यक्रम सहायक पंजीकरण कार्यालय मंडी से अनुमोदित हो चुका है उन्होने सभा के समस्त खाता धारकों से अनुरोध किया है कि उनके वार्डों से 7 अक्तूबर से 9 अक्तूबर तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे।

## जोगिंद्रनगर कॉलेज में मनाया रेबीज-डे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



चिकित्सा उपचार पर जानकारी देते गणमान्य।

स्वास्थ्य खंड पधर के सौजन्य से राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में वर्ल्ड रेबीज-डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिंह ने की। खंड चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि वर्ल्ड रेबीज-डे पर राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को रेबीज के फैलने के कारणों, लक्षणों एवं रेबीज के प्राथमिक तथा चिकित्सा उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ.संजय गुप्ता ने बताया कि 23 से 29 सितंबर तक चल रहे विश्व श्रवण जागरूकता सप्ताह के तहत कॉलेज विद्यार्थियों को कान की देखभाल एवं कानों की सुरक्षा बारे भी जानकारी प्रदान की गई।

## चलती स्कूटी से निकला सांप फायर ब्रिगेड की टीम ने किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



पंचायत मसौली के गांव झलवाण में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जब एक स्कूटी सवार की लाइट से अचानक एक सांप निकल आया। घटना के वक्त स्कूटी सवार जोगिंद्रनगर-सरकाघाट हाईवे से होते हुए अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह झलवाण गांव के पास पहुंचा, उसे स्कूटी की फ्रंट लाइट के अंदर कुछ हरकत होती नजर आई तो उसे सांप दिखा। जोगिंद्रनगर की फायर ब्रिगेड टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

टीम के प्रभारी कर्मचंद ने बताया कि सांप को निकालने के लिए काफी सावधानी बरतनी पड़ी, क्योंकि सांप स्कूटी की लाइट के पास बुरी तरह फंसा हुआ था।

फायर ब्रिगेड के प्रभारी कर्मचंद ने बताया कि स्कूटी सवार की सूझबूझ और समय पर फायर ब्रिगेड को सूचना देने से बड़ा हादसा टल गया।

### लारजी बांध से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड थलौट के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता की ओर से शनिवार को यहां सूचित किया गया है कि लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद (सिल्ट) का प्रक्षालन (निकासी) बांध से पानी छोड़कर किया जाएगा। इसके लिए 29 सितंबर रविवार को सुबह 6 बजे से 30 सितंबर सोमवार को सुबह 6 बजे तक किया जाएगा।

उन्होंने लारजी बांध से लेकर पंडोह तक ब्यास नदी के किनारे रहने वाले सभी निवासियों तथा आम जनता को सचेत करते हुए नदी किनारे न जाने का आग्रह किया है।

## जनहित के मामलों को जल्द सुलझाएं अधिकारी : रमा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



त्रैमासिक बैठक में जानकारी देते हुए अधिकारी।

खंड विकास समिति चौंतड़ा की त्रैमासिक बैठक आज बी.डी.ओ. कार्यालय परिसर चौंतड़ा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि करने के साथ-साथ गत त्रैमासिक आय-व्यय पर भी विचार विमर्श किया गया।

इसके अलावा विभिन्न विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षा रमा देवी ने की। बैठक में समिति की अध्यक्षा रमा देवी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से पंचायत समिति सदस्यों द्वारा डाले गए विभिन्न विकास कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने का आग्रह किया, ताकि लोगों को इन विकास कार्यों का लाभ मिल सके। इसके अलावा सभी लंबित विकास कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने को कहा, ताकि इन विकास कार्यों के लिए रखी धनराशि को समय सीमा के भीतर खर्च किया जा सके।

उन्होंने खंड विकास समिति की बैठक में सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों से उपस्थित रहने का भी आग्रह किया, ताकि जनहित व विकास से जुड़े कार्यों पर उचित निर्णय लिए जा सकें। बैठक में पंचायत समिति के विभिन्न सदस्यों ने अपने वार्ड से संबंधित विकासात्मक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा तथा इनका समयबद्ध हल करने को कहा है।

**सुरक्षा** | परियोजना में इंडक्शन को लेकर प्रबंधन की तैयारियां हुई पूरी

# सीआईएसएफ के हवाले होगी बीएसएल परियोजना की सुरक्षा

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



सुंदरनगर स्थित 990 मेगावाट की बीएसएल परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले होगी।

गौरतलब है कि परियोजना के निर्माण से अब तक यानी चार दशक तक सुरक्षा व्यवस्था हिमाचल पुलिस के हवाले थी, लेकिन अब केंद्र सरकार ने परियोजना की सुरक्षा को और ज्यादा चाक चौबंद करने का फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था संभालने को लेकर सीआईएसएफ को तैनात करने की मंजूरी देने के साथ ही सभी औपचारिकताएं पूरी करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

अब सीआईएसएफ ने बीएसएल परियोजना प्रबंधन को सुरक्षा विंग के 235 पदों के लिए प्रति व्यक्ति 2 लाख 65 हजार 500 रुपए के हिसाब से 6 करोड़ 23 लाख, 92 हजार 500 रुपए सुरक्षा जमा राशि के रूप में जमा करवा दी है। सीआईएसएफ ने बीएसएल परियोजना में बल की तैनाती और जवानों के लिए आवास (परिवार और एकल), परिवहन, संचार उपकरण, सुरक्षा गैजेट सहित अन्य बुनियादी को पूरा करने के लिए भी कहा है।

वहीं बीएसएल परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी मिलने के बाद अब आज रविवार को बीबीएमबी यूनिट बीएसएल स्कूल सुंदरनगर में एक भव्य इंडक्शन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पंडोह से सलापड़ तक रहेगा सुरक्षा का दायरा

990 मेगावाट की बीएसएल परियोजना के सलापड़ स्थित पावर हाउस में बिजली बनाने के लिए टरबाइनों तक ब्यास का पानी पहुंचाया जाता है। अब सीआईएसएफ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पंडोह डैम, बग्गी टनल, बग्गी से सुंदरनगर तक टेल कंट्रोल, ड्रेजर, जलाशय से लेकर पुंघ टनल और सलापड़ में पावर हाउस की सुरक्षा रखेगी। केंद्र ने सभी बड़ी परियोजनाओं के लिए आधुनिक तकनीक से पूर्ण और पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने को लेकर इस दिशा में कार्य कर रही है।

## पालतू जानवरों को जरूर लगवाएं रेबीज का टीका

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



लोगों को जागरूक करते हुए डॉक्टर।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2030 तक पूरे विश्व को रेबीज मुक्त बनाने के लिए व्यापक तौर पर अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालन विभाग उपमंडल सरकाघाट द्वारा भी विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को बचत भवन सरकाघाट में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका मुख्य उद्देश्य सरकाघाट की विभिन्न पंचायतों, नगर परिषद, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों व अन्य पशु प्रेमियों में रेबीज नामक घातक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह मुख्य अतिथि जबकि सहायक लोक संपर्क अधिकारी संजीव जसवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कश्मीर सिंह ने कहा कि दिवस 28 सितंबर को पुरे विश्व भर में रैबीज दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2024 में इस दिवस का शीर्षक, 'ब्रेकिंग द रेबीज बाउंड्रीज' रखा है। जबकि भारत में इसका शीर्षक 'रेबीज मुक्त भारत' है।

# न्यूज ब्रीफ

## रेड रिबन क्लब और स्वयंसेवियों ने निकाली रैली




**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली के संत ढांगू वाले गुज्जर कॉलेज, बीटन के रेड रिबन क्लब ने एनएसएस स्वयंसेवियों के सहयोग से एचआईवी-एड्स और नशे के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक फ्लैश माव रैली का आयोजन किया जिसमें 15 छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने गतिशील प्रदर्शनों के माध्यम से समुदाय को शिक्षित किया। उन्होंने शैक्षिक पंफ्लेट वितरित किए और निवारक उपायों पर चर्चा की। प्रो. गुरमेल सिंह, रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी ने स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। इस पहल ने कॉलेज की सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और नशामुक्त समाज बनाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

## खड्ड कॉलेज में शिवम का भाषण सबसे अच्छा




**अनंत ज्ञान, हरोली।** राजकीय महाविद्यालय खड्ड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जो कि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती के निर्देशन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का विषय था 'स्वच्छ भारत तथा स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम, द्वितीय स्थान तनु चौधरी ,तृतीय स्थान कशिश ने अर्जित किया। इनके अतिरिक्त रितिका, बेबी, अदिति, गुरबख्श, कुलदीप चौधरी ,रिया कंचन ,रोमिता ने स्वच्छता के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने का प्रण लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए हमें मन और एकजुटता से काम करना होगा। महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## छात्रों ने स्कूल परिसर को संवारा



**विनोद शर्मा, लठियानी।** स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जटहेड़ी पाठशाला में पीटीआई प्रभात सिंह की अगुआई में स्कूल परिसर में विद्यार्थियों द्वारा खरपतवारों को काटा गया। प्रवक्ता शशि पाल ने विद्यार्थियों को खरपतवारों की पहचान और उनके दुष्प्रभावों के बारे में भी अवगत कराया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## यातायात नियमों की जानकारी दी



**विवेक शर्मा, अंब।** चिंतपूर्णी थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चिंतपूर्णी टैक्सी यूनियन के ड्राइवरों के साथ एक बैठक की, जिसमें ट्रैफिक रूल्स के बारे में और नियमों के साथ प्रशासन के साथ मिलकर टैक्सी चलाने के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी द्वारा विशेष हिदायत दी गई तथा कहा कि हम आपके साथ हैं, पर आप भी नियमों का पालन करें। मंदिर रोड पर प्रतिबंधित टाइम में टैक्सी न चलाएं ताकि नियमों का उल्लंघन हो। इस मौके पर थाना प्रभारी अनिल शर्मा, ट्रैफिक इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा और मुकेश कुमार, महेंद्र सोनी, मनीष कुमार और टैक्सी यूनियन के प्रधान व टैक्सी चालक मौजूद रहे।

## बंगाणा कॉलेज ने किया द न्यूज डायरी का विमोचन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में मासिक पत्रिका द न्यूज़ डायरी का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने महाविद्यालय के स्टॉफ को और विशेषकर पत्रिका के मुख्य संपादक एवं संपादकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह महाविद्यालय का पहला मासिक पत्रिका है जो हमारे कॉलेज में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों और अपडेट को साझा करने और उजागर करने का एक मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर न्यूज डायरी के मुख्य संपादक प्रोफेसर सिकंदर नेगी, संपादक, प्रोफेसर निकिता गुप्ता, संपादक प्रोफेसर मुकेश कुमारी और संपादक प्रो. कमिनी आदि मौजूद रहे।

## विश्व रेबीज दिवस पर कुत्तों को लगे फ्री टीके



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के पशु चिकित्सालय में वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा की अध्यक्षता में विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। इस दौरान इलाके के बीस से ज्यादा कुत्तों को रेबीज का मुफ्त टीकाकरण किया गया। डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि आओ मिलकर संकल्प लें रेबीज कंट्रोल की समस्त सीमाओं को तोड़ कर अपने देश को जानलेवा बीमारी से मुक्त करें। इस मौके पर लाठियानी पशु अस्पताल के प्रभारी डॉ. अभिनव राणा,फार्मासिस्ट बलबीर सिंह, केशवानंद शर्मा, सुरेश कुमार, विरेंद्र ठाकुर के अलावा किसानों में अंकुश, साहिल भाटिया, अंकित, केवल कृष्ण, रणबीर, महिंद्र, रमजोत, भगवान दास, बीनू ठाकुर, रूलिया राम, विशाल के अलावा दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## रविंद्र बंसल बने अंब कॉलेज के पीटीए अध्यक्ष



**विवेक शर्मा, अंब।** रविन्द्र बंसल को महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब की पीटीए का अध्यक्ष चुना गया। पूर्व में दो बार कोरम पूरा न होने के कारण अभिभावक-अध्यापक संघ की बैठक स्थगित होती रही। शुक्रवार को महाविद्यालय के सभागार में हुई इस चुनावी प्रक्रिया में सर्वसम्मति से पीटीए के अध्यक्ष के रूप में रविंद्र बंसल को चुना गया, जबकि चुनाव पर्यवेक्षकों ने रशाद खान को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष घोषित कर दिया। प्रो. रेखा शर्मा कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रो. अमित शर्मा को महासचिव, दीप कुमार को संयुक्त सचिव, शेर-ए- मुख्तियार को कमेटी का मुख्य तकनीकी सलाहकार, पिंकी, शम्मी चौहान, मीना कुमारी, पिंकी देवी को कार्यकारिणी सदस्य और महाविद्यालय की तरफ से कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में प्रो. सुखदेव, डॉ. कृष्ण शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा तथा विनोद राणा को चुना गया। रविंद्र वर्मा को पीटीए का कोषाध्यक्ष चुना गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने पीटीए के सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और महाविद्यालय के विकास में सहयोग की अपेक्षा की।

### माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव : आरएस बाली ने की दूसरी सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता, महोत्सव के लिए की एक करोड़ देने की घोषणा

# पर्यटन विकास को सरकार दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता : बाली

**अनंत ज्ञान, अंब/ऊना**

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री रैंक) आरएस बाली ने की। उन्होंने महोत्सव के लिए 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

बाली ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए दिए 25 लाख रुपए की घोषणा भी की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उनके साथ रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने बाली और अन्य मेहमानों को सम्मानित किया। इस दौरान आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना में सुधार पर फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल शक्तिपीठों की धरती है। प्रदेश में धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं। प्रदेश सरकार ने पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विजन के अनुरूप एक नई पर्यटन नीति के साथ काम किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के अनछुए स्थलों को प्रमुखता से उभारने की दिशा मे काम किया जाएगा, ताकि बड़ी संख्या में पर्यटकों को प्रदेश की ओर आकर्षित किया जा सके।

उन्होंने माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की पहल के लिए स्थानीय विधायक सुदर्शन बबलू के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल ऊना में धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन विकास में नया आयाम जोड़ेगी। वहीं, श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विकास की सौगात के लिए आरएस बाली का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन से पहली बार यह महोत्सव यहां आयोजित हुआ है। अपार सफ़लता और व्यापक जन समर्थन के चलते यह महोत्सव हमेशा के लिए यहां की संस्कृति का हिस्सा बन गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम अंब सचिन शर्मा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में गणमान्य।

**माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए दिए 25 लाख**



माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक रघुबीर बाली को सम्मानित करते विधायक सुदर्शन बबलू, (दाएं) महोत्सव में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को सम्मानित करते विधायक।

## बाथड़ी गांव के रविपाल सिंह भारतीय सेना में ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के बाथड़ी गांव के मूल निवासी सैन्य अधिकारी रविपाल सिंह भारतीय सेना में ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत हुए हैं। भारतीय सेना ने उनके बेहतर सेवा रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत किया है। ब्रिगेडियर रविपाल सिंह के सेना में इस ऊंचे ओहदे पर पहुंचने से उनके गांव व परिवार में खुशी की लहर दौड़ उठी है।



ब्रिगेडियर रविपाल सिंह ने 1996 में संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा पास करके भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर रहते हुए सराहनीय सेवाएं प्रदान कीं व अब ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत हुए हैं। ब्रिगेडियर रविपाल सिंह के परिवार का सेना में सेवा का एक गौरवशाली व समृद्ध इतिहास है। ब्रिगेडियर रविपाल सिंह के पिता वेद प्रकाश भी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ब्रिगेडियर रविपाल सिंह के ससुर कर्नल अजय दादवाल भी सैनिक पृष्ठभूमि से है। वहीं, ब्रिगेडियर रविवाल सिंह के पुत्र आदित्य राणा ने एनडीए प्रवेश परीक्षा में 2021 में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अपने परिवार की लगातार चौथी पीढ़ी के भारतीय सेना में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। रविपाल सिंह के परिवार की चार पीढ़ियों के सैन्य विरासत की निरंतरता उनके परिवार की देश सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है।

## कुटलैहड़ के विकास पुरुष के रूप में जाने जाते थे पूर्व विस उपाध्यक्ष

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**कल पैतृक गांव बरनोह में स्व. रामनाथ शर्मा की चतुर्थ बरसी**

**परिवार ने रखा है कुटलैहड़ की जनता के लिए भोज**

विधानसभा क्षेत्र से दो बार रहे कांग्रेस विधायक एवं राज्य के विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्व. रामनाथ शर्मा का 15 सितंबर, 2020 को देहांत हो गया था और 30 सितंबर को उनके आवास गांव बरनोह चतुर्थ बरसी होगी।

बताते चलें कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास पुरुष के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले स्व. रामनाथ शर्मा का जन्म 20 सितंबर 1944 को उपमंडल बंगाणा की पंचायत बुधान के गांव छंडियाना में हुआ था। पढ़ाई के बाद स्व. रामनाथ शर्मा नौसेना में 8 वर्ष रहे थे और 1977 में पहली बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और 1985 में फिर विधायक चुने गए थे। वह विधानसभा के उपाध्यक्ष भी रहे थे। वह वन निगम के उपाध्यक्ष भी रहे थे। अपने कार्यकाल में स्व. रामनाथ शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास की गाथा लिखना शुरू की थी।



1977 में पहली बार विधानसभा पहुंचे रामनाथ शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र को सबसे पहले सरकारी कार्यालय खोलने पर बल दिया था और जब 1985 में दूसरी बार स्व. रामनाथ शर्मा कुटलैहड़ से विधायक निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे और तत्काल वीरभद्र सरकार में विधानसभा उपाध्यक्ष बने, तो उन्होंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के लिए सड़क शिक्षा स्वास्थ्य को सुधारीकरण पर बल दिया और पांच वर्ष के अपने कार्यकाल में बंगाणा में सरकारी कार्यालय कुटलैहड़ की जनता के लिए 23 पेयजल योजनाओं की स्वीकृति दिलाकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास की ठोस नींव रखी।

कुटलैहड़ के हर गांव तक लिंक सड़केंबनाने का कार्य भी स्व. रामनाथ शर्मा के कार्यकाल में शुरू हुआ था। हालांकि हर कार्य का कुछ समय बाद नवीनीकरण जरूर होता है, लेकिन स्व. रामनाथ शर्मा द्वारा ही कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास की मजबूत नींव रखी गई थी और कुटलैहड़ की जनता के लिए 1985 से 1990 का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा था क्योंकि उनके उस कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र जो तुतड़ू से कोहड़रा और हिंडोला से सोहरी और भिंडला तक काफी क्षेत्रफल में फैला हुआ था। उन सभी गांवों तक सरकारी पीने के पानी के लिए नल और गांव के लिए सड़कें और बच्चों के लिए सरकारी स्कूल खोले गए थे और हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देकर जनता की आर्थिकी मजबूत की थी।

जो आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र से सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, अधिकतर सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी जुबान से पूर्व में रहे राज्य के विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. रामनाथ शर्मा का नाम बड़े अदब से लेकर उनका आभार प्रकट करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# क्लब के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह को याद किया

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने गगरेट स्मारक और अंबोटा स्मारक पर फूल मालाएं अर्पित कर जयंती मनाई। चंद्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केंद्रीय संसद (सेंट्रल असेंबली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलंदी प्रदान की। इन्होंने असेंबली में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया। इसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें 23 मार्च 1931 को इनके दो अन्य साथियों को फांसी पर लटका दिया। क्लब प्रधान मुनीश ठाकुर ने कहा कि हमें इनकी कुर्बानियों को हमेशा याद रखना चाहिए। क्लब सदस्यों ने गगरेट इलाके की अलग-अलग गांवों से दाइयों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पहले समय में शहीदों का जन्म दाई माताओं के हाथों से हुआ करता था।

समाजसेवी जीनत महंत, बाबा राकेश शाह और पंडित किशन ने भी दाइयों को सूट, पैसे और बर्तन देकर सम्मानित किया। शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्य और अंबोटा पंचायत मेंबर, विनोद सूद, विनय शर्मा, अशोक शास्त्री, सूबेदार सर्वजीत सिंह, पटवारी सुरेंद्र सिंह, राजकुमारी, कांता देवी, सुलेखा देवी, रोशनी देवी, निर्मला देवी, सावित्री देवी, कोशल्या देवी, निर्मला कुमारी, मायावती देवी, रमन ठाकुर, वरिंद्र, अमित, सिद्ध, डॉ. विशाल और गांववासियों ने सहयोग किया।


शहीद भगत सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

## पंजाबर-बाथड़ी सड़क 25 अक्तूबर तक बंद रहेगी

**ऊना।** टी-13 पंजाबर-बाथड़ी सड़क के 23 से 28 किलोमीटर स्पैन के स्तरोन्नत कार्य के चलते सड़क का यह भाग 25 अक्तूबर तक 29 दिनों के लिए यातायात हेतु पूर्णतया बंद रहेगा ताकि कार्य बाधित न हो और शीघ्र पूरा किया जा सके। यह आदेश जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जारी करते हुए बताया कि इस अवधि के दौरान सड़क के इस भाग में यातायात के लिए विकल्प के तौर पर शहीदी स्मारक-सूबोआणा संपर्क सड़क में मोड़ा गया है।

## भारतीय डाक विभाग कर रहा प्रतियोगिता आयोजित

**ऊना।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 'इम्पोर्टेंस ऑफ लेटर्ज इन डिजीटल ऐज' विषय पर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। 14 सितंबर से आरंभ यह प्रतियोगिता 14 दिसंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता 18 वर्ष तक व 18 वर्ष से अधिक दो आयु वर्गों में होगी, जिसमें कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। यह जानकारी देते हुए अधीक्षक डाकघर ऊना भूपिंद्र सिंह ने बताया कि इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागी हिंदी/अंग्रेजी अथवा स्थानीय भाषा का चुनाव कर सकते हैं। प्रविष्टियां ए-4 आकार के पेपर पर 1000 शब्दों अथवा अंतर्देशीय पत्र पर 500 शब्दों पर लिख सकते हैं। केवल हस्तलिखित प्रविष्टियां ही स्वीकार्य होंगी, जिन्हें अपने नज़दीकी उप-डाकघर में जमा करवा सकते हैं।

## क्विज प्रतियोगिता में छाए प्रतिभागी बच्चे



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** जिला ऊना के घनारी तहसील के अंतर्गत क्लस्टर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में एकदिवसीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में सात सीनियर सेकेंडरी, एक हाई स्कूल और चार मिडिल स्कूलों से छठी से आठवीं कक्षा तक हर एक विद्यालय से दो विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। क्लस्टर विद्यालय दौलतपुर चौक के कार्यकारी प्रधानाचार्य वासु देव ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का संचालन की भूमिका में विद्यालय के शिक्षक अनुज शर्मा, मनीषा ब इंदु बाला ने मुख्य भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय मिडल स्कूल दौलतपुर, द्वितीय स्थान पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक और तृतीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय सलोह बेरी के बच्चों ने बाजी मारी।

## स्वयंसेवियों ने चकाचक किया हनुमान मंदिर का कैंपस



**दौलतपुर चौक। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारकपुर में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने श्रमदान करते हुए श्री हनुमान मंदिर कैंपस की साफ-सफाई, स्कूल की क्यारियों से झाड़ियों को हटाया। इसके अतिरिक्त स्कूल ग्राउंड की भी साफ-सफाई की। एनएसएस प्रोग्राम अशोक कुमार एवं बंदना शर्मा की अगुवाई में स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान करते हुए श्री हनुमान मंदिर कैंपस को चमकाया। रिसोर्स पर्सन के रूप में कंपनी कमांडर दिलदार सिंह ने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सतनाम कौर, पूनम मन्हास, सुपरिंटेंडेंट राजीव कुमार सहित विद्यालय का सारा स्टाफ उपस्थित रहा।**

## शहीद भगत सिंह की 117वीं जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में शनिवार को शहीद भगत सिंह के 117वीं जयंती पर स्वच्छता अभियान को गति दी।

कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय ठाकुर ने कहा कि हमें भगतसिंह जैसे शूरवीरों और महान आत्माओं के जीवन से सीखने की आवश्यकता है। इस मौके पर विधार्थियों ने श्रमदान कर स्कूल परिसर को स्वच्छ किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विधार्थियों ने भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे पर कविताओं, विभिन्न पोस्टरों, लेखों और कलाकृतियों के माध्यम से शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।



शहीद भगत सिंह का पोस्टर बनाकर स्कूल प्रबंधन को सौंपती हुई छात्रा।

**सरोकार** नेहरू युवा केंद्र ने मनाया हिंदी पखवाड़ा, हिंदी कवि गोष्ठी का किया आयोजन

# युवाओं को हिंदी भाषा के प्रति किया जागृत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला कार्यालय ऊना द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह के रूप मे राजकीय महाविद्यालय ऊना के बीसीए हॉल मे एक कवि गोष्ठी एवं हिंदी स्वरचित कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर मीता शर्मा मुख्यातिथि के रूप मे उपस्थित रही, वहीं जिला भाषा एवं संस्कृति अधिकारी नीलम चंदेल सम्मानित अतिथि के रूप मे उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की एवम मंच संचालन पीएनबी के संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने किया।

कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त हिंदी लेक्चरर एवं अधिवक्ता श्याम दुलारी भारद्वाज, प्रख्यात हिंदी कवि एवं राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर जय महलवाल, बिलासपुर के हिंदी कवि एवं हिंदी स्तंभकार रविंद्र चंदेल आदि उपस्थित रहे व हिंदी भाषा के महत्व के ऊपर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर उपस्थित कवियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ करके युवाओं को हिंदी भाषा के प्रति जागृत किया। ऊना महाविद्यालय की हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री श्रेयसी सिंह, राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर विकास सैनी सहित महाविद्यालय के हिंदी विभाग के 50 से अधिक छात्रों ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया।

छात्रों में हिंदी के प्रति इस अवसर पर जागरूकता और भाषा प्रेम को बढ़ाने के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी ब स्वरचित कविता पठन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया ओर प्रथम तीन तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे नेहरू युवा केंद्र के रतन लाल, हिंदी विभाग की प्राचार्या श्रेयसी सिंह एवम महाविद्यालय के हिंदी विभाग के युवा स्वयंसेवकों का खास योगदान रहा।


हिंदी पखवाड़े के तहत जागरूकता के लिए सम्मानित किए गए सदस्य।

## द कृषि सहकारी सभा का चुनाव जल्द

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** द कृषि सहकारी सभा लठियानी की कार्यकारिणी का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने जा रहा है। इसके प्रधान जगमोहन सिंह, उपप्रधान तिलक राज और कोषाध्यक्ष रमेश चंद व अन्य सदस्य सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। कृषि सहकारी सभा के वर्तमान प्रधान जगमोहन सिंह ने कहा कि इसमें जो भी उम्मीदवार भाग लेने का इच्छुक हैं, वे यह निश्चित करें कि वह कृषि समिति की जो भी बैठक होगी, उसमें जरूर उपस्थिति दें क्योंकि सभी सदस्यों को मिलजुलकर कृषि सोसाइटी के हित में कई निर्णय लेने के लिए सभी के विचार लिए जाते हैं। वर्तमान में जो कृषि सोसाइटी के सदस्य थे, वे बहुत ही कम अपनी उपस्थिति देते थे तथा इस चुनाव में वही व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिन्होंने ऋण नहीं लिया है और सचिव ने उन्हें नोटिस नहीं दिया है। वे व्यक्ति जिन्होंने ऋण लेकर वापस ही नहीं किया है और कृषि समिति के सचिव ने उन्हें नोटिस भेजा है, वे इस चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं एवं किसी ने गारंटी भी दी है। वह ऋण वापस नहीं कर रहा है तो वह भी इस चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सकता है। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। वर्तमान प्रधान जगमोहन सिंह ने कहा कि मैंने अपनी ओर से बहुत कोशिश की कृषि सहकारी सभा के हित के बारे में वह मैंने अपनी ओर से बखूबी कोशिश की है और वर्तमान में कई सदस्यों ने भी मेरा सहयोग किया है। कई लोग काफी वर्षों से लिया गया ऋण वापस नहीं कर रहे थे। उनसे भी ऋण लगभग वापस ले लिया है, लेकिन कुछ लोग अभी भी ऋण वापस नहीं कर हैं। उनके विरुद्ध सख्त करवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### लाइनों की मरम्मत के चलते आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि 11/0.415 केवी 400 केवी ए सब-स्टेशन हाउसिंग बोर्ड की एलटी लाइनों की मरम्मत हेतु 29 सितंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य के पूर्ण होने तक फायर स्टेशन, गैस एजेंसी, होटल नेस्ट, तिब्बती मार्केट आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### एसएसबी गुरिल्ला संघ की मासिक बैठक एक को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक एक अक्तूबर ढालपुर कुल्लू में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा करेंगे। साथ ही संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा मंडी संगठन के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में सभी वॉलंटियर्स और सर्कल के प्रधानों का हाजिर होना अनिवार्य है। सभी प्रधान अपने-अपने इलाके के वॉलंटियर्स की सूची फाइनल कराएंगे, क्योंकि कुछ महीने पहले एसएसबी फोर्स मुख्यालय से सभी फ्रंटियर और सेक्टर हैडक्वार्टर को एक लेटर इश्यू हुआ है कि जैसे ही सुप्रीम कोर्ट केस का फैसला आता है जो वॉलंटियर्स कोर्ट केस में जुड़े हैं। अध्यक्ष ने बताया कि 26 नवंबर को आर्गुमेंट की डेट लगी है और उस दिन फैसला होने की उम्मीद है, इसलिए जो नए वॉलंटियर्स केस में जुड़ना चाहते है वह उस दिन मीटिंग में आकर केस में जुड़ सकते है।

### बंजार कॉलेज में करियर परामर्श पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में करियर परामर्श, मार्ग-दर्शन तथा प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के कक्ष संख्या 204 में एक विशेष परामर्श व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्रवण कुमार ने विशेष रूप से अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की शिक्षा पूर्ण करने के बाद शैक्षिक तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों सहित आजीविका उपार्जन हेतु संभावनाओं पर विशेष रूप से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अकादमिक जीवन में शिक्षा तथा शोध गतिविधियों में संभावना के साथ-साथ सेना, अर्द्धसैन्य बलों, पुलिस बलों में भविष्य की संभावनाएं स्पष्ट कीं। उन्होंने संघ तथा राज्य लोक सेवा संबद्ध रोजगार के श्रेष्ठ विकल्पों के साथ भारतीय आर्थिक सेवा व भारतीय सांख्यिकी सेवा की विषय वस्तु पर भी प्रकाश डाला और शिक्षण से जुड़े विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। इस विशेष व्याख्यान में अर्थशास्त्र विभाग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### भू-राजस्व कार्यों में तेजी लाने पर किया विचार विमर्श



**अनंत ज्ञान, बंजार।** भू-राजस्व विभाग के कार्यों में तेजी लाने के लिए एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मिया द्वारा एसडीएम बंजार के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां द्वारा भू-राजस्व अधिकारियों व सभी सर्कल पटवारीयों को भू-राजस्व सम्बंधित कार्यों में तेजी लाने, आपदा में प्रभावित परिवारों को जो राहत राशि बांटी को लेकर समीक्षा की और बचे प्रभावितों की राहत राशि को समय से जारी करने के भी दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, इस बैठक में बंजार में हो रहे विकासत्मक कार्यों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार बंजार रमेश कुमार, तहसीलदार सैंज, नायब तहसीलदार बंजार एवं सैंज और सभी सर्कल के पटवारी उपस्थित रहे।

### भेखली विद्यालय में समावेशी कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सांफिया कुल्लू द्वारा शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भेखली में समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों व अध्यापकों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से दिव्यांगता पर आधारित जानकारी दी। बीजू कार्यक्रम प्रबंधक सांफिया फाउंडेशन ने पहले सत्र में फाउंडेशन के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। वहीं, फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने वाली तीन तरह की सेवाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें पहले कार्यक्रम के तहत कुल्लू के अखाड़ा बाजार में आश बाल विकास केंद्र पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए थैरेपी सेवाएं प्रदान की जाती है और दूसरे कार्यक्रम के तहत 'थेरेपी ऑन व्हील्स' नामक एक बस के माध्यम से दिव्यांग जनों को उनके घरद्वार जाकर थैरेपी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। तीसरे कार्यक्रम के अंतर्गत समावेशी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जहां हम जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को दिव्यांगता के विषय में जागरूक करते हैं। फाउंडेशन के निदेशक डॉ. रेखा ठाकुर ने सभी को विभिन्न तरह की थैरेपी सेवाओं जैसे फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन के विषय में जानकारी दी।

### भोजन उत्सव में डिंपल-चेतना प्रथम, हिमांशी सेकेंड

**अनंत ज्ञान, बंजार।** सितंबर माह से मनाए जा रहे स्वच्छता अभियान, पोषण माह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तथा कला उत्सव रंगोत्सव और भोजन उत्सव प्रतियोगिता शनिवार को विद्यालय के परिसर में प्रधानाचार्या सुनीता ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संचालक प्रवक्ता नीरत सिंह नेगी ने बताया कि पोषण माह अभियान के तहत विद्यालय में भोजन उत्सव, रंगोत्सव, कला उत्सव एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पोषण माह के तहत संपन्न हुए भोजन उत्सव में जमा दो कक्षा की डिंपल और चेतना ने प्रथम स्थान, हिमांशी दूसरे तथा मुस्कान और कृतिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में हरीशवर ने प्रथम, अमोघ दूसरे एवं घनश्याम तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मुख्यतौर पर नोरत सिंह नेगी, हंस राज, उमा ठाकुर, योगेश्वरी, ललित, नरेश, रुबीना आदि उपस्थित रहे।

### प्लॉट-दुकान आवंटन की तिथि 15 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला में आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की तैयारियों के चलते प्लॉट आवंटन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 अक्तूबर कर दिया है। हिमाचल प्रदेश सरकार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग कुल्लू ने बताया कि विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत लगोटी के स्थान कोलथा, विकास खंड कुल्लू ग्राम पंचायत बराहार के स्थान लोट, विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत कोठी चैहणी के स्थान होर्नगाड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अर्न्तगत उचित मूल्य की दुकान के आवंटन के लिए आवेदन करने की तिथि 21 सितंबर 2024 निर्धारित की गई थी उसे 15 अक्तूबर तक बढ़ाया जाता है उन्होंने बताया की अन्य नियम एवं शर्तें पूर्व निर्धारित ही रहेंगी।

# कच्चे दूध का सेवन न करें : डॉ. प्रदीप शर्मा

## विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जिला परिषद भवन में दीं अहम जानकारियां

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



विश्व रेबीज दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए पशुपालन विभाग के विशेषज्ञ एवं चिकित्सक।

कुल्लू जिला मुख्यालय में स्थित जिला परिषद भवन में पशु पालन विभाग जिला कुल्लू ने शनिवार को विश्व रेबीज डे मनाया गया।

गौर रहे कि यह दिवस हर वर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व रेबीज दिवस की थीम 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' हमें अलग तरीके से सोचने और रेबीज उन्मूलन के रास्ते में आने वाली बाधाओं को तोड़ने के लिए आमंत्रित करती है। कार्यक्रम के दौरान बतौर कार्यक्रम के मुख्यातिथि पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पालतू पशुओं को समय-समय पर टिका लगाने और पालतू पशुओं का टीकाकरण करने को गंभीरता से लेने के बारे में कहा गया। इस दौरान पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों ने रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और इसके साथ ही पालतू और जंगली जानवरों से फैलने वाले संक्रमण को रोकने और उससे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा रेबीज संक्रमित जानवर के काटने, उसके खरोंचने या उसके लार के सीधे त्वचा के संपर्क में आने पर तुरंत रेबीज वैक्सीन लगवाने के बारे कहा गया। विशेषज्ञों ने बताया कि जंगली जानवरों से दूर रहते हुए सतर्कता बनाए रखे ओर चमगादड़ों और नेवले जैसे रेबीज फैलाने वाले जानवरों को अपने घर के आसपास न आने दें और अपने पालतू जानवरों को भी समय-समय पर रेबीज का टीका लगवा कर खुद को सुरक्षित रखें।

इस दौरान मुख्यातिथि ने बताया कि दूध से भी रेबीज हो सकता है, इसलिए दूध का सेवन करते समय कच्चा दूध न पिएं और दूध को हमेशा उबाल कर पिएं और अगर पालतू जानवरों की वजह से कोई खरोंच या जख्म हो जाएं तो उस जगह से सबसे पहले नरोल साबुन से कई बार धोएं। इसके साथ ही विशेष रूप से 15 साल के बच्चों को पालतू जानवरों के संपर्क के दौरान सतर्कता बनाए रखें, क्योंकि रेबीज मुख्य रूप से बच्चों में ज्यादा सक्रिय हो जाता है और बच्चे भी पालतू जानवरों से मिले खरोंच या कट को घर वाले से छुपाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुत्ते से रेबीज का खतरा सबसे ज्यादा

**पशुपालन** विभाग के विशेष क्षेत्र में बताया कि पालतू जानवरों में कुत्ते ही ऐसे जानवर होते हैं जिनसे रेबीज फैलने का खतरा सबसे ज्यादा है। विशेषज्ञों ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर लक्षद्वीप और अंडेमान निकोबार की तर्ज पर जीरो रेबीज केस की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए सभी को पालतू जानवरों के टीकाकरण को प्राथमिकता के आधार पर करवाने की जरूरत है।

## कुल्लू कॉलेज और कन्या महाविद्यालय जालंधर के बीच एमओयू साइन



कुल्लू कॉलेज और कन्या महाविद्यालय जालंधर प्रबंधन एमओयू पर साइन करने के बाद।

**अनंत ज्ञान कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू और कन्या महाविद्यालय जालंधर के पर्यटन विभागों में मध्य एक एमओयू साइन किया गया। महाविद्यालय कुल्लू की तरफ से प्राचार्य डॉ. मंदीप शर्मा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय जालंधर के पर्यटन विभाग से डॉ. सुनील कुमार व कुल्लू कॉलेज से पर्यटन विभाग के अध्यक्ष डॉ. हीरामणि एवं प्राध्यपक प्रो. तरुण ठाकुर उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में संभवतया हिमाचल प्रदेश में यह इस तरह का पहला समझौता ज्ञापन है, जिसमें ऑन जॉब ट्रेनिंग, पर्यटन शोध व विकास, गेस्ट लेक्चर, फैकल्टी डेवल्पमेंट प्रोग्राम, कैंपस प्लेसमेंट आदि जेसे कुछ महाव्त्पूर्ण विषयों को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि कन्या महविद्यालय जालंधर एक स्वायत संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1886 में हुई थी और आज यह नैक द्वारा ए-ग्रेड मान्यता प्राप्त कॉलेज है। डॉ. हीरामणि एवं प्राध्यापक प्रो. तरुण ठाकुर और डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि समझौता ज्ञापन के अनुसार इंगित की गई विभिन्न गतिविधियो में से दोनों कॉलेज वर्ष भर कुछ न कुछ गतिविधियां एक साथ एक मंच पर साझा रूप से करेंगे। डॉ. सुनील कुमार ने प्राचार्य डॉ. मंनदीप शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करने हुए कहा की इस तरह के एमओयू के माध्यम से हम भविष्य में देश से बाहर भी पर्यटन विषय के छात्रों की प्लेसमेंट की संभावनाओ को तलाश करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय रोरिक आर्ट गैलरी में सजेगी कला प्रदर्शनी 'द मिस्टिकल इंस्पिरेशन'

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नगर स्थित रोरिक आर्ट गैलरी में 2 अक्तूबर से 'द मिस्टिकल इंस्पिरेशन' कला प्रदर्शनी का शुभारंभ होने जा रहा है। संगीता की यह प्रदर्शनी 4 अक्तूबर तक प्रदर्शन पर रहेंगी। संगीता प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म कला निर्देशक और फिल्म निर्देशक सुमित की धर्म पत्नी हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव और विशेष अतिथि के रूप में लारिसा सुरगीना (रूसी क्यूरेटर), प्रभिंदर लाल (आयोजक एवं क्यूरेटर), जंग एस. वर्मन (कलाकार), स्तंभकार सुरेश कुमार नड्डा (आईआरएमटी नगर) शिरकत करेंगे।

संगीता 2000 से अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। उन्होंने 2019 में एकल प्रदर्शनी, बाजाज आर्ट गैलरी, नारीमन प्वॉइंट, मुंबई, 2020 में 25 से 28 जुलाई ऑनलाइन समूह प्रदर्शनी, 'विजन ऑफ एन आर्टिस्ट' द्वारा 10 से 20 सितंबर एकल ऑनलाइन प्रदर्शनी, 'विजन ऑफ एन आर्टिस्ट' द्वारा, 2021 में सितंबर 10वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, जेकेसीए द्वारा 12 से 14 नवंबर कलाकार शिविर, जेकेसीए द्वारा, 25-28 अक्तूबर समूह प्रदर्शनी, ललित कला अकादमी, जयपुर में 'कौशल आर्ट्स' द्वारा और 2022 में जनवरी 11वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के अलावा अन्य कई प्रदर्शनियों में भाग लिया है।(अनंत ज्ञान)

## स्पीति मैराथन-2024 77 किमी की दौड़ में 88 से अधिक प्रतिभागी दौड़े

**कमलेश वर्मा, काजा**



स्पीति मैराथन 2024 में भाग लेते हुए।

भारतीय सेना एवं कमांडिंग ऑफिसर, 20 कमाव समदो के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्पीति मैराथन-2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लद्दाख के सैन्य कर्मी, विभिन्न श्रेणियों के युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और भारतीय सेना कर्मियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी बड़ी संख्या में सुबह 4.30 बजे से ही कतार में खड़े हो गए और इन प्रतिभागियों में स्पीति मैराथन के लिए उत्साह देखा गया। स्पीति मैराथन को अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन ने सुबह 5 बजे हरी झंडी दिखाकर काजा स्कूल से समदो के लिए रवाना किया। 77 किलोमीटर की दौड़, जिसमें 88 से अधिक प्रतिभागी शामिल थे। इसी प्रकार समदो-गियू-हुरलिंग-समदो मैराथन को मेजर जनरल जे चंद्रन और कर्नल रवि कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 42 किलोमीटर की इस दौड़ में 80 से अधिक धावक शामिल थे। उन्होंने कहा कि स्पीति मैराथन का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के दूरदराज के इलाकों में भारतीय सेना की प्राथमिकताओं को उजागर करने के साथ ही स्थानीय संस्कृति और सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मैराथन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ का दल तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को भी इसी तरह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समदो-गियू-समदो 21 किलोमीटर की दौड़ और समदो-गियू-समदो 10 किमी की दौड़ आयोजित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में मैराथन आज

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में आज रविवार को मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए यह मैराथन करवाई जा रहा है। 100, 42, 25, 10 और एक किलोमीटर की मैराथन में पूरा मनाली दौड़ेगा। रविवार सुबह 7 बजे मनाली में मालरोड से मैराथन का आगाज होगा। इस साल हिमालयन एस्ट्रीम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैराथन का आयोजन कर रही है। प्रतियोगिता में सौ किलोमीटर की दौड़ रोहतांग दर्रा तक होगी। 42 किलोमीटर की गुलाबा और 25 किलोमीटर की दौड़ कुलंग तक होगी। इसके अलवा गौशाल, ओल्ड मनाली और सर्किट हाउस तक अलग-अलग वर्ग की मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। अब तक लगभग 500 धावकों ने पंजीकरण करवाया है, जिसमें 35 विदेशी पर्यटक भी है।

## पोषाहार प्रदर्शनी में वृत्त बाहु फर्स्ट और बंजार सेकेंड

**शीला कौल, बंजार**

बंजार के अंबेडकर भवन में बाल विकास परियोजना बंजार के सौजन्य से पोषण माह के समापन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर उपमंडल अधिकारी नागरिक बंजार पंकज शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। पंकज शर्मा का बाल विकास परियोजना अधिकारी चंपा शर्मा तथा अन्य लोगों ने स्वागत किया तथा इस उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने सात वृत्त के माध्यम से कई पुरातन उत्पादों तथा फल-सब्जियां के प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस मौके पर 3 महिलाओं की गोद भराई और 3 बच्चों को अनप्राशन की रस्म का भी आयोजन किया गया है। 23 बेटियों को बेटी है अनमोल योजना के तहत 21 हजार रुपए की एफडी के रूप में 4.56 लाख की राशि वितरित की गई, साथ ही सात वृत्तों की पोषाहार प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में बाल विकास परियोजना अधिकारी चम्पा शर्मा ने पोषण माह के दौरान की गई गतिविधीयों को विस्तृत रूप से बताया तथा पोषहार प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर वृत्त बाहु की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रही वहीं, बंजार द्वितीय और वृत्त मंगलौर तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर वंदना शर्मा, पर्यवेक्षक मोती राम, कश्मीर सिंह, रेखा कुमारी और इंदिरा देवी, शशि किरण सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)



पोषण माह कार्यक्रम के समापन मौके पर उपस्थित महिलाएं।



बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

## प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में लाहौल-स्पीति के 9 गांव शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग मुख्यालय में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की तैयारी को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। स्पीति उपमंडल से अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान बताया कि इस अभियान की शुरुआत 2 अक्तूबर को जिला लाहौल-स्पीति में जिला स्तर पर केलांग मुख्यालय में पुराने विश्रामगृह के परिसर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर की जाएगी। इस अभियान की शुरुआत 2 अक्तूबर को राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड से की जा रही है। इस अभियान के तहत वर्ष 2024 से 2029 तक पूरे देश के 549 जिलों व 2740 विकास खंडों के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य 63000 गांवों को शामिल किया गया है। जिला लाहौल-स्पीति के 9 गांव जिसमें लाहौल क्षेत्र के गांव शकोली, उदयपुर, तिन्दी, त्रिलोकीनाथ एवं केलांग तथा स्पिति क्षेत्र के काजा खास, काजा सोमा, नारंगो व ताबो शामिल है।

इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय लोगों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार करने व भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इनके बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं और आजीविका से जुड़े संसाधनों को व सामाजिक बुनियादि ढांचे के संदर्भ में अंतराल को कम करके मजबूती प्रदान करना है। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज ठाकुर ने बैठक का संचालन किया। बैठक में एसडीम केलांग रजनीश शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रोशन लाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हेड कांस्टेबल अनुपम कुमार ने किया आनी का नाम रोशन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



सोलन पुलिस में बतौर हेड कांस्टेबल सेवाएं दे रहे आनी निवासी अनुपम कुमार को दिल्ली में एंटी स्मग्लिंग आप्रेशंस में बेस्ट परफार्मिंग ऑफिसर के अवार्ड से सम्मानित करने से इलाक में खुशी की लहर है। उन्होंने यह अवार्ड प्राप्त कर आनी का नाम रोशन किया है। उन्हें यह अवार्ड देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित एक सादे एवं गरिमापूर्ण समारोह में प्रदान किया गया है।

अनुपम कुमार को यह अवार्ड पिछले करीब एक वर्ष के दौरान नशे के सौदागरों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दिया गया है। वहीं सोलन के एसपी गौरव सिंह ने कहा है कि यह पूरे हिमाचल पुलिस के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि सोलन पुलिस के अभियान में अनुपम कुमार ने पिछले एक वर्ष की अवधि के दौरान नशे के बड़े सप्लायरों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हैड कांस्टेबल अनुपम कुमार के सहयोग से जिला पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त करीब 36 से अधिक अंतर्राज्जीय नेटवर्कों को नेस्तोनाबूद किया है। (अनंत ज्ञान)




**किनारा** | सोशल मीडिया में अफवाहों से देव समाज परेशान, देव समाज ने की संगठनों से शांति की अपील

# हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन में भाग नहीं लेगा देव समाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में 30 सितंबर को विवादित मस्जिद मामले को लेकर हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन में देव समाज भाग नहीं लेगा। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में माहौल न बिगड़े इसके मद्देनजर जिला के देव समाज ने किनारा कर दिया है।

सनद रहे कि 30 सितंबर को हिन्दू संगठन अखाड़ा बाजार स्थित मस्जिद विवाद मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और यह प्रदर्शन बड़े स्तर पर किए जाने को लेकर हिन्दू संगठन घर-घर जाकर पर्चे बांट रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की जा रही है। इसको लेकर तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। वहीं, 13 अक्तूबर से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का आयोजन होगा, जिसको लेकर देव समाज भी इसकी तैयारी में जुट गया है। यदि 30 सितंबर को यह प्रदर्शन होता है तो इसका असर दशहरा उत्सव में देखने को मिलेगा, जिसके मद्देनजर जिला के देवसमाज ने इस प्रदर्शन से किनारा कर लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में माहौल न बिगड़े इसके मद्देनजर किया किनारा

जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि इन दिनों देवसमाज के द्वारा अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही है। लेकिन जिस तरह से आए दिन प्रदर्शन को लेकर सोशल मीडिया में बातें फैलाई जा रही है। उससे देव समाज भी परेशान हो रहा है। ऐसे में सभी संगठनों से आग्रह है कि वह इस तरह के प्रदर्शन की बातें सोशल मीडिया में न फैलाएं, क्योंकि साल में एक बार ढालपुर में इस दशहरे उत्सव का आयोजन किया जाता है और सरकार तथा प्रशासन भी इसमें अपनी बेहतरीन भूमिका निभाता है।

ऐसे में सभी संगठन अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से देवनीति का पालन करें और आपसी भाईचारे को भी बने रखें। देव समाज विभिन्न संगठनों से भी आग्रह किया है कि वह अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान कोई भी धरना प्रदर्शन न करें और शांतिपूर्वक तरीके से दशहरा उत्सव को संपन्न होने में अपना सहयोग दें। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू देवी देवता कारदार संघ की बैठक भी आयोजित की गई।

### अफवाहों से दशहरे पर नहीं पड़ेगा फर्क



**कुल्लू** जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2024 के आयोजन को बहुत कम समय बचा है जिसमें कुल्लू जिला का दूर-दराज क्षेत्र के देवी-देवता अपने लाव-लश्कर के साथ इस महान देव पर्व व भगवान रघुनाथ जी के सम्मान में ढालपुर मैदान में सात दिन तक अस्थाई कैंप में सम्मलित होते हैं। यह देवी-देवताओं का महाकुंभ शान्ति पूर्वक सम्पन्न हो इस बात को लेकर देव समाज चिंतित है क्योंकि आए दिन मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से तथाकथित हड़ताल व प्रदर्शनों की चर्चा हो रही है।उन्होंने कहा कि इन अफवाहों का दशहरा उत्सव में कोई भी असर नहीं पड़ने वाला है। देव समाज के सभी संबंधित लोगों से आग्रह है कि इन बातों को गम्भीरता से न लेकर दशहरा पर्व को शांतिपूर्वक व धूमधाम से मनाया जाए ताकि देश व विदेश से आने वाले पर्यटक इस देव परम्परा व देव संस्कृति से रूबरू हो सकें। आगामी 30 सितंबर को कुछ लोगों द्वारा तथाकथित हड़ताल व प्रदर्शन को देवी देवता का कारदार संघ समर्थन नहीं करता तथा सभी से अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2024 के देव समागम को हर्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोरपेन कंपनी में आग से लाखों का नुकसान



**परवाणू।** जिला सोलन के परवाणु सेक्टर 2 स्थिति उद्योग मोरपेन कंपनी में शनिवार को आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसे बुझाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। परवाणू फायर विभाग के फायर ऑफिसर अनिल कुमार ने बताया कि फायर विभाग की टीम आग बुझाने में लगी हुई है। काफी हद तक आग पर काबू पाया जा चुका है। अभी तक किसी भी तरह की जान हानि की कोई सूचना नहीं है, लेकिन कंपनी का काफी नुकसान हो चुका है। आग बुझाने का कार्य चल रहा है, इसलिए अभी कुछ साफ साफ बताया नहीं जा सकता, लेकिन जैसे ही आग बुझाने का कार्य संपन्न होगा घटना की पूरी जानकारी साझा कर दी जाएगी।

### डीएवी नाहन की छात्राएं टेबल टेनिस में द्वितीय



**नाहन।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालमपुर में हो रही राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन की छात्राओं ने टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया है, जिस पर स्कूल में खुशी का माहौल है।

### सोलन कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के प्राणीशास्त्र (ज्यूलॉजी) विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मंजू ठाकुर के नेतृत्व में जेडएसआई (उच्च ऊंचाई क्षेत्रीय केंद्र), सोलन का एक संस्थान का शैक्षणिक दौरा आयोजित किया गया। बीएससी लाइफ साइंसेज और इको क्लब के 100 छात्रों को वैज्ञानिकों ने संबोधित किया और जैव विविधता के क्षेत्र में अनुसंधान के अवसरों के बारे में बताया। निदेशक डॉ. अवतार कौर ने बताया कि तितलियों की पहचान और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए उन्हें कैसे संरक्षित किया जाता है, के बारे में सीखना था। छात्रों ने टैक्सिडेरमी संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां संरक्षित पक्षियों और स्तनधारियों को प्रदर्शन के लिए रखा गया है।

### स्वयंसेवकों को सिखाए आपदा से बचने के तरीके



**अर्की।** लक्ष्य शिक्षण संस्थान अर्की में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को भूकंप व आग से बचने के साथ गैस सिलेंडर की आग को बुझाने के बारे में मॉकड्रिल के दौरान घायलों को निकालने व स्ट्रेचर के उपयोग करने के उपाए बताए। एनएसएस प्रभारी निधि ने एनएसएस के एक सप्ताह से चल रहे शिविर के छठे कार्यशैली के बारे में बताया कि छठे दिन फायर स्टेशन अर्की के फायरमैन धनीराम, फायरमैन प्रेम लाल, चालक हरीश चंद्र, गृह रक्षक मनसाराम ने उपस्थित एनएसएस स्वयं सेवकों को किसी भी प्रकार की आपदा के समय बचाव व अन्य लोगों की सुरक्षा तथा घायलों को मलबे आदि से निकालने तथा स्ट्रेचर आदि के प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने अग्निशमन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के लिए विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया।

### दाड़लाघाट में पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन

**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अध्यापक अभिभावक संघ (पीटीए) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने सभी अभिभावकों का विधिवत रूप से स्वागत करते हुए महाविद्यालय के बीते सत्र की उपलब्धियों का विवरण दिया। इस मौके पर अध्यापक अभिभावक संघ के कॉलेज प्रभारी सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर ने पीटीए फंड का विस्तृत विवरण अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। नई कार्यकारिणी का गठन सभी अभिभावकों की सर्वसम्मति से किया गया। अध्यापक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी में हरदेव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष नरेंद्र, सहसचिव मंजूषा व कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता को चुना गया। कार्यकारिणी में हेमराज, सुमन व पूनम का चयन सदस्य के तौर पर किया गया।

### तंबाकू मुक्त स्वस्थ विद्यालय कार्यक्रम का आयोजन



**दाड़लाघाट।** तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़ला के राजेंद्र कुर्मी ने कहा कि शैक्षिणिक संस्थानों के परिसर के अंदर तंबाकू पदार्थो के उपयोग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तरीय और व्यक्तिगत प्रयास से संभव हो सकता है, पर प्रकाश डाला। चिकित्सा अधिकारी चंडी प्राथमिक आरोग्य केंद्र डॉ. राहुल शर्मा ने तंबाकू से होने वाले गंभीर बीमारीयों के कारण होने वाले बीमारियों पर प्रकाश डाला। सलाम मुंबई फाउंडेशन से दीपक पाटिल ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में तंबाकू उत्पादों और स्वास्थ पर पड़ने वाले प्रभाव जैसे मुख का कैंसर, टीबी और न्यूमोनिया पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम समन्यक सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना अजीत कुमार सिंह ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागी सदस्यों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सखी, आशा वर्कर, चिकित्सा अधिकारी, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य, यूथ क्लब के प्रतिनिधियों से आग्रह किया की तंबाकू मुक्त 9 मानकों को पूरा करके अर्की और धुंदन खंड के 49 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त स्वस्थ बच्चे कार्यक्रम को समुदाय और अभिभावकों के सहयोग से पूरा किया जा सकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण शिविर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### महात्मा गांधी की जयंती को लेकर विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सहायक आयुक्त गौरव महाजन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी जयंती कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र नाहन के प्रांगण में प्रातः 6:30 बजे उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा व अन्य अधिकारी एवं उपस्थित गणमान्य लोग गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर सभी स्कूली बच्चों और उपस्थित लोगों को उपायुक्त द्वारा शपथ भी दिलाई जाएगी, तदोपरांत स्कूली बच्चों द्वारा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पांच मिनट का भाषण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर स्कूली बच्चों तथा अधिकारियों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर नाहन में कुष्ठ रोगियों को फल एवं कंबल तथा मेडिकल कॉलेज में भर्ती सभी मरीजों में फल भी वितरित किए जाएगें। उन्होंने नगर परिषद नाहन को प्रभात फेरी के रूट पर दवाइयों का छिड़काव करने तथा जल शक्ति विभाग को ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद नाहन के कनिष्ठ अभियंता ललीत गोयल, सुलेमान, उपनिदेशक, उच्चतर शिक्षा से सन्नी भाटिया, राज कुमार चौहान, प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र, निर्मला वर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नाहन के अतिरिक्त ओम प्रकाश तोमर दीपक कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

#### हाईकोर्ट पहुंचा सोलन के ठोडो ग्राउंड का मामला

# जिला प्रशासन और नगर निगम से जवाब तलब

**आर मोहन चौहान, सोलन**



ऐतिहासिक ठोडो मैदान। (फाइल फोटो)

ऐतिहासिक ठोडो मैदान विवाद का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। मैदान का व्यावसायिक उपयोग किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। खेल प्रेमी तिलक शर्मा की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन, नगर निगम और अन्यों को जवाब तलब किया है।

याचिकाकर्ता की दलील है कि ठोडो मैदान का उपयोग प्रतिदिन सीनियर सिटीजन, युवा, स्कूली छात्र और खिलाड़ी करते हैं, पर मैदान को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दिए जाने से इस वर्ग को दिनचर्या और खेल गतिविधियों से वंचित होना पड़ता है।

याचिका में यह भी दलील दी गई है कि मैदान शहर के बीचों-बीच स्थित होने से यहां होने वाले कार्यक्रमों से लोगों की शांति भंग होती है। मैदान से 200 मीटर की दूरी पर क्षेत्रीय अस्पताल के अलावा सरकारी और प्राइवेट स्कूल भी है। याचिकाकर्ता ने ठोडो मैदान को खेल गतिविधियों के लिए ही आरक्षित करने की दलील दी है।

कोर्ट ने अब जिला प्रशासन, नगर निगम और अन्य प्रतिवादियों को जवाब तलब किया है। दरअसल खेल विभाग निदेशालय ने मैदान के अधिग्रहण के लिए नगर निगम से एनओसी मांगी है। जबकि निगम ही कई वर्षों से ठोडो मैदान का रखरखाव कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

#### मैदान की बुकिंग की फीस 50 हजार रुपए तय

नगर निगम ने मैदान पर गैर सरकार व्यावसायिक आयोजन की बुकिंग के लिए हाउस में प्रस्ताव पारित कर 50 हजार रुपए फीस प्रतिदिन तय की है, साथ ही इसकी अधिकतम सीमा 3 दिन तय की है। इस मामले को लेकर स्थानीय संगठनों ने खेल निदेशालय को पत्र लिख कर मैदान का कब्जा नगर निगम से लेकर खेल एवं युवा सेवाएं विभाग को देने की मांग की थी। निदेशालय ने इस संदर्भ में जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी से विस्तृत जानकारी मांगी है। खेल विभाग ने अब निगम से मैदान का कब्जा लेने के लिए नोटिस दिया है।

### शिलाई कॉलेज में छात्रों को आपदा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर एवं गृह रक्षा चतुर्थ वाहिनी, नाहन के संयुक्त तत्वावधान में आज आपदाओं पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम एवं मॉक अभ्यास का आयोजन राजकीय महाविद्यालय शिलाई में किया गया।

गृहरक्षक चतुर्थ वाहिनी, नाहन से प्लाटून कमांडर, नरेश कुमार की अगुवाई में छात्रों को आपदा प्रबंधन, खोज एवं बचाव के तरीके व विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त लीडिंग फायरमैन, रमेश चंद द्वारा छात्रों को अग्निशमन सुरक्षा, प्रकार एवं अग्निशामक यंत्रों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आदेशक गृह रक्षा चतुर्थ वाहिनी, नाहन तोताराम शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय, शिलाई जीत राम कश्यप व अन्य स्वयंसेवक, शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# नगर निगम वार्ड-5 उपचुनाव का प्रचार थमा, मतदान आज

## 1140 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-5 में पार्षद पद के उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव प्रचार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पार्टी प्रत्याशी अमरदीप पांजा और कांग्रेस की तरफ से स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने पुनीत नारंग के पक्ष में मतदाताओं से वोट अपील की है।



अमरदीप सिंह पांजा, पुनीत नारंग

वार्ड में रविवार को 1140 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। वार्ड उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों में सीधी टक्कर है। वार्ड में 50 से 60 फीसदी ही मतदान होता रहा है यानी चुनाव में 600 से 700 मतदाता ही वोट करते रहे हैं।

**भाजपा के गढ़ में कांग्रेस को जीत की तलाश :** उपचुनाव में कांग्रेस को जीत की तलाश है अभी तक भाजपा को अपना वर्चस्व बनाए रखने की चुनौती है। हालांकि दोनों पार्टियां जीत के दावे कर रही हैं। वार्ड में अभी तक भाजपा का ही दबदबा रहा है, जबकि कांग्रेस चुनाव जीतकर नगर निगम में खुद को मजबूत करना चाहेगी। वार्ड-5 के पार्षद कुलभूषण गुप्ता के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भूषण परिवार का वार्ड में अच्छा ख़ासा प्रभाव रहा है। अमरदीप को भी भूषण परिवार का पूरा समर्थन है। कांग्रेस ने मनोनीत पार्षद पुनीत नारंग को चुनावी दंगल में उतारा है। वार्ड के लोगों के लिए नारंग नया चेहरा है, पर कांग्रेस विकास के नाम पर जीत का दावा कर रही है।

#### पानी की समस्या है मुख्य मुद्दा

दोनों ही प्रत्याशियों के मुताबिक वार्ड में पानी, सीवरेज और नालियों की गंदगी मुख्य मुद्दा है। ओल्ड बस स्टैंड की पार्किंग योजना को सिरे चढ़ाने की चुनौती भी पार्षद पर रहेगी प्रत्याशी पुनीत नारंग ने कहा कि वार्ड में पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत करवाकर पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। देखना रोचक होगा की दोनों प्रत्याशी लोगों की उम्मीदों पर कितना खरा उतर पाते हैं। पार्षद के चुनाव के लिए 29 सितंबर मतदान होगा। मतदान प्रातः 8 से सायं 4 बजे के मध्य होगा। इसके बाद मतों की गिनती होगी।

### नाहन कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के बीकॉम विभाग ने सांस्कृतिक एवं खाद्य उत्सव के साथ विश्व पर्यटन दिवस समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर बीवोक विभाग ने सांस्कृतिक गतिविधियों और फूड स्टॉल का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रेम भारद्वाज और नोडल अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह तोमर ने किया। इस दौरान बी.वोक टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी से एकल नृत्य और मॉडलिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा सिरमौरी नाटी और अन्य पारंपरिक झूरी नाटी का प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज परिसर में भोजन स्टाल के दौरान सिरमौरी पारंपरिक व्यंजन सिड्डू और अन्य अतिथि पाक वस्तुओं का प्रदर्शन करके भोजन तैयार करने का कौशल दिखाया।

#### फूड सेफ्टी विभाग की कार्रवाई से नाहन बाजार में हड़कंप

## दुकानदारों ने सैंपल लेने के तरीके पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन बाजार में फूड सेफ्टी विभाग ने फिर दबिश दी। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 8 सैंपल भरे गए। जैसे ही टीम गुन्नू घाट में एक दुकान पर सैंपल लेने पहुंची, उसके बाद आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी। टीम सिर्फ एक ही दुकान से विभिन्न खाद्य पदार्थों के सेंपल लेने में कामयाब हो पाई। आगे की कार्रवाई दुकानें बंद होने के चलते नहीं की जा सकी। इस बीच कई दुकानदार एकत्रित होकर कार्रवाई के विरोध स्वरूप एडीएम सिरमौर के पास पहुंच गए।

दरअसल, फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने तीन दिन के भीतर दूसरी बार इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारी वर्ग में हड़कंप मचा हुआ है। गत बुधवार को भी टीम ने नाहन बाजार में दबिश देकर 30 सैंपल भरे थे। बता दें कि फूड सेफ्टी विभाग लोगों के स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए कार्रवाई को अंजाम दे रहा है। आम लोगों के स्वास्थ्य से किसी तरह का खिलवाड़ न हो, इसके लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। इस बीच बुद्धिजीवी लोगों का मानना है कि ऐसी कार्रवाई को लेकर सबको सहयोग करना चाहिए, आखिर मसला आम लोगों के खान-पान से जुड़ा है।

लोगों में यह सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि दुकानों में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर उचित खाद्य वस्तुएं बेची जा रही हैं, तो कार्रवाई के दौरान दुकानदार अपनी दुकानें क्यों बंद कर रहे हैं? आखिर कार्रवाई का विरोध क्यों किया जा रहा है? यदि व्यापारी सही हैं, तो वह विभाग को अपना सहयोग क्यों नहीं दे रहे? यही सब सवाल आज शहर में चर्चा का केंद्र बने रहे।

उधर, एडीएम के पास पहुंचे व्यापारी वर्ग ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से फूड सेफ्टी विभाग की टीम बाजार में दस्तक दे रही है। आजकल ऑनलाइन उत्पादों के कारण पहले ही बाजार में काम कम हो गया है। उन्होंने मांग की कि यदि सैंपल लेने ही हैं, तो एक-दो वस्तुओं के लेकर इस कार्रवाई को यही पर रोका जाए या फिर मैन्युफैक्चरर से सैंपल भरे जाएं।

वहीं, इस संदर्भ में एफएसओ प्रियंका कश्यप ने सिर्फ इतना कहा कि आज एक दुकान से विभिन्न खाद्य वस्तुओं के 8 सैंपल भरे गए हैं। विभाग का मकसद सिर्फ इतना है कि लोगों के स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो, इसी के मद्देनजर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

### संगड़ाह में एक दुकान में सेंधमारी के साथ दो दुकानों के तोड़े ताले, नकदी और सामान चोरी




**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह के मुख्य बाजार में गत रात्रि चोरों ने जहां एक दुकान में सेंधमारी की, वहीं दो दुकानों के ताले तोड़ डाले। कस्बे के सबसे बड़े व पुराने दुकानदारों में शामिल रामानंद सागर की दुकान के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की तोड़ चोरों ने गल्ले में मौजूद करीब 25000 की नकदी पर हाथ साफ किया। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। इसके अलावा बस अड्डा बाजार अथवा पुलिस सहायता कक्ष से पुलिस थाने की ओर जाने वाले रास्ते अथवा गली मे मौजूद वेद प्रकाश की 1 मोबाइल व दूसरी स्टेशनरी की दुकान के ताले भी तोड़े गए, हालांकि स्थानीय अथवा नशेड़ी समझे जा रहे उक्त चोर शटर का सेंटर लॉक नहीं तोड़ सके। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल व थाना प्रभारी ब्रिज लाल मेहता ने बताया कि मामले की तहकीकात व चोरों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार करीब अढ़ाई बजे तक होमगार्ड के गश्त पर थे और चोरी संभवतः इसके बाद हुई। गौरतलब है कि इससे पहले हुई चोरियों का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है।

### मूसलाधार बारिश से 10.78 करोड़ की हानि

**एसपी जैरथ, नाहन।** गत दिवस जिला सिरमौर में हुई मूसलधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस बारिश से न केवल जानी नुकसान हुआ, बल्कि निजी और सार्वजनिक संपत्ति को भी करोड़ों रुपए की चपत लगी है। सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है। प्रशासन की ओर से जारी आकलन में पिछले 24 घंटे में 10,78,50,000 रुपए का नुकसान आंका गया है। इसमें लोक निर्माण विभाग की सड़कें, पुल और डंगे आदि क्षतिग्रस्त होने से 10,75,00,000 रुपए की क्षति हुई है। इसके साथ-साथ 70 साल के एक बुजुर्ग की मलबे की चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं, छह मवेशी भी मौत के मुंह में समा गए। इसमें पांच गाय और एक भैंस शामिल है। इस नुकसान से पशुपालकों को 1,80,000 रुपए की चपत लगी। इसके अलावा एक गोशाला भी ढह गई, साथ ही निजी संपति को भी डेढ़ लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। बता दें कि गत बुधवार रात हुई चंद घंटों की मूसलधार बारिश जिला में करोड़ों रुपए की संपत्ति बहा ले गई। उपमंडल पांवटा साहिब में बारिश ने सबसे ज्यादा तबाही मचाई. इस इलाके में फसलों को भी बारिश ने तहस-नहस कर दिया। गौरतलब हो कि सिरमौर में पिछले कल हुए नुकसान को मिलाकर अब तक (बीते तीन माह के भीतर) विभिन्न विभागों को कुल 1,03,41,22,136 का नुकसान हो चुका है। इस दौरान 26 लोग काल का ग्रास बने, जबकि 36 मवेशी भी मौत के मुंह में समा गए।

## कल्पा में पांच दिवसीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



मुकाबले से पहले खिलाड़ियों के साथ राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

खेल को जीवन में शामिल करने से होता है विद्यार्थी के सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण। यह बात राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय जिला किन्नौर के मिनी स्टेडियम कल्पा में आयोजित पांच दिवसीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।

24 से 28 सितंबर तक आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता में जिला के 42 स्कूलों के कुल 547 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की तथा साथ ही घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष किन्नौर महोत्सव में आयोजित होने वाली शहनाई वादन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। कैबिनेट मंत्री ने आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कानम ने ओवरऑल बेस्ट चैंपियन का खिताब हासिल किया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कुलदीप नेगी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि का पारम्परिक ढंग से स्वागत किया तथा पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान आयोजित की गई विभिन्न खेल स्पर्धाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, जिला परिषद सदस्य हितैष नेगी, पंचायत समिति कल्पा की अध्यक्षा ललिता पंचारस सहित अन्य उपस्थित थे।

### नालागढ़ में आज बिजली कट

**बीबीएन।** उपकेन्द्र नालागढ़ के रखरखाव के चलते 29 सितंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रडीयाली, चोकीवाला, रंगुवाल, सल्हेवाल, मंगुवाल, कंगनवाल, झंडेवाल, भाटियां, सनेढ़ एवं औद्योगिक विद्युत इकाइयां दया इंडस्ट्रीज, एशियन प्रेशर वेसल्स आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सहयोग की अपील की है।

## हृदय दिवस पर लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



स्वास्थ्य शिविर में हिस्सा लेते लोग।

विश्व हृदय दिवस को शूलिनी विश्वविद्यालय में हृदय स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय (एमएमयू) सोलन के सहयोग से आयोजित एक मेगा स्वास्थ्य शिविर था, जो विशेष रूप से संकाय और छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जबकि प्राथमिक ध्यान हृदय स्वास्थ्य पर था, अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें भी उपलब्ध थीं, जिससे लगभग 150 प्रतिभागियों को लाभ हुआ। विभिन्न छात्र समूहों ने नवीन और इंटरेक्टिव गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का काम किया। एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का परीक्षण लिया गया।

इसके अलावा, सहायक प्रोफेसर कृतिका राणा के नेतृत्व में एक टिकाऊ मोमबत्ती बनाने की कार्यशाला में छात्रों को दिल के आकार की मोमबत्तियां बनाने का तरीका सिखाया गया, जिसमें स्थिरता के साथ रचनात्मकता का मिश्रण किया गया।

## नालागढ़ अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से मरीजों को नहीं मिल पा रहा इलाज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



राज्य को सबसे अधिक राजस्व देने वाले औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के तहत नालागढ़ अस्पताल में नए डॉक्टर आने तो दूर तैनात डॉक्टरों के भी चले जाने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जूझना पड़ रहा है। आलम यह है कि चिकित्सकों की कमी इतनी हो गई स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रखने के फिल्ड में तैनात स्टाफ की सेवाएं लेनी पड़ रही हैं। अस्पताल में प्रदेश सरकार ने छह नए डाक्टरों के पदों का सृजन किया है, लेकिन अभी छह डॉक्टर तो नहीं आए है, अपितु जो अस्पताल में उपलब्ध डॉक्टर भी थे वह भी यहां से जा रहे हैं। जिससे अस्पताल में डाक्टरों की संख्या कम होकर रह गई है।

जानकारी अनुसार नालागढ़ अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल के दो डॉक्टर पहले ही अपना अनुबंध पूरा करने के बाद इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि एक डॉक्टर पढ़ाई के लिए जा रही है। हाल यह है कि यहां डॉक्टरों की संख्या गिनी-चुनी रह गई है और लोगों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मरीज निजी चिकित्सालय में जाने को बाध्य हो गए हैं। डॉक्टरों के अभाव में रोगियों को लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। प्रदेश सरकार ने नालागढ़ अस्पताल में 15 सृजित किए हैं। कुछ माह पहले यहां पर 15 डॉक्टर तैनात थे लेकिन अब यहां पर चिकित्सकों की संख्या 9 रह गई है।

नालागढ़ विकास मंच के अध्यक्ष नरेश घई ने बताया कि एक ओर सरकार यहां पर चिकित्सकों के पद बढ़ाने की बात करती है और दूसरी ओर यहां से धीरे धीरे चिकित्सकों की संख्या बढ़ने की बजाए कम हो रही है।

#### बीएमओ बोले-उच्चाधिकारियों को करवाया अवगत

**बीएमओ** डॉ. मुक्ता रस्तोगी ने बताया कि एमडी मेडिसन अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जा रही है। इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। यहां पर चिकित्सकों के खाली पदों के बारे में भी उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।

#### रोजाना 800 की ओपीडी

**नालागढ़** अस्पताल में 8 सौ से 900 रोगी प्रति दिन ओपीडी में आते है। यहां पर रेडियोलोजिस्ट के पद लंबे समय से खाली पड़ा है।सरकार द्वारा एक अन्य चिकित्सक को रेडियोजिस्ट का प्रशिक्षण दिया। वर्तमान में यह चिकित्सक जरूरी लोगों के अल्ट्रा साउंड कर काम चला रहा था लेकिन इनका भी तबादला हो गया है।

#### आयोजन: राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह में बोले उपमुख्य सचेतक

## डाटा एकत्रिकरण सफल शोध का आधार : पठानिया

**अनंत ज्ञान, सोलन**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि अनुसंधान के क्षेत्र में अपनाई गई प्रक्रिया और एकत्र डाटा का विश्लेषण ही शोध की सफलता निर्धारित करता है। केवल सिंह पठानिया बद्दी के नानकपुर में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय द्वारा 'रिसेंट एडवांसिस इन रिसर्च मैथडोलॉजी एंड डाटा एनालिसिस' विषय पर आयोजित 10वीं राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उपमुख्य सचेतक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अनुसंधान एवं एकत्र डाटा के आधार पर शोध को आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि तकनीक में उन्नति के साथ अनुसंधान प्रक्रिया और डाटा विश्लेषण के कार्य में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

उन्होंने कहा कि अब तकनीक की सहायता से डाटा विश्लेषण का कार्य नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। इउन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों और छात्रों से आग्रह किया कि शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई प्राप्त करने के लिए शोध और विश्लेषण की नवीनतम प्रक्रिया अपनाएं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ड्रोन तकनीक की शिक्षा दी जा रही है ताकि छात्र बेहतर रोज़गार एवं स्वरोज़गार प्राप्त कर सकें।

शिक्षा के क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालय भी अहम भूमिका निभा रहे हैं और राष्ट्रीय निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मंडल के सदस्य विवेक सिंह, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. आरके गुप्ता, महाराजा अग्रसेन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. डॉ. एके वशिष्ठ, नामित कुलपति सुरेश गुप्ता, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के डीन प्रो. प्रदीप सिंह वालिया, खंड कांग्रेस समिति भटियात के अध्यक्ष एवं पार्षद विजय कंवर, संजय सिसोदिया, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की पत्नी डॉ. सुरेंद्रा पठानिया ने भाग लिया तथा आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय जालंधर के कुलपति प्रो. सुशील मित्तल वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।




## न्यूज ब्रीफ

### मनीमाजरा में युवक ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मनीमाजरा की इंदिरा कॉलोनी में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। आईटी पार्क पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक युवक का नाम अंकुश (20) बताया जा रहा है। घटना के समय अंकुश अपने पिता के साथ इंदिरा कॉलोनी के एक टयूबवेल पर रह रहा था। उसके पिता किसी काम से कानपुर स्थित अपने गांव गए हुए थे, जिससे अंकुश घर में अकेला था। सुबह लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और अंकुश को फंदे से उतारकर सेक्टर-16 के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कॉलोनीवासियों के हक में उतरी 'आप'

**अनंत ज्ञान, पंचकूला ।** पंचकूला में आम आदमी पार्टी (आप) कॉलोनीवासियों के हक में उतर आई है। आप के अंबाला लोकसभा प्रधान सुरेंद्र राठी ने कहा कि आप ने पंचकूला में घोषणा की है कि अवैध कॉलोनियों का पुनर्वास कर वहां मल्टी-स्टोरी फ्लैट्स या प्लॉट्स का निर्माण किया जाएगा। यह फ्लैट्स मालिकाना हक के साथ बहुत कम कीमत पर कॉलोनीवासियों को दिए जाएंगे। राठी शुक्रवार को आप के प्रत्याशी प्रेम गर्ग के साथ राजीव-इंदिरा कॉलोनी, वुडनपुर और खड़क मंगोली लोगों से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों के लोगों को इस योजना के तहत पुनर्वासित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2017-18 के सर्वेक्षण के बाद से अब तक कोई नया सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

### पूटा कार्यकारिणी ने कुलपति से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) कार्यकारिणी ने शिक्षकों के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए गोल्डन जुबली हॉल में कुलपति प्रो. रेनू विग से मुलाकात की। बैठक में वीसी के सचिव, परीक्षा नियंत्रक, एफडीओ, एक्सईएन कंस्ट्रक्शन कार्यालय, डीआर स्थापना शाखा सहित विश्वविद्यालय के कई प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। पूटा अध्यक्ष प्रो. अमरजीत सिंह नौरा ने पिछले एक साल में शिक्षकों की कई लंबित मांगों को हल करने के लिए दिए गए समर्थन के लिए कुलपति का आभार जताया, जिसमें संशोधित यूजीसी वेतनमान के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप केंद्र सरकार के अनुदान में वृद्धि, पिछले साल सीएएस पदोन्नति की रिकॉर्ड संख्या शामिल है। कुलपति ने यूजीसी नियमों और पीयू सीनेट द्वारा लिए गए निर्णय को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष तक बढ़ाने के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

### भगत सिंह की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। 1907 में जन्मे सिंह को क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने के कारण मात्र 23 वर्ष की आयु में अंग्रेजों ने फांसी दे दी थी। वह भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक हैं।

### एमसीडी चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी 'आप'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में शुक्रवार को स्टैंडिंग कमिटी के 18वें सदस्य के चुनाव के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में हमारी याचिका दाखिल होगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम का एक्ट बिलकुल स्पष्ट है कि मीटिंग बुलाने की पावर सिर्फ मेयर के पास है, कॉर्पोरेशन की बैठक करने का अधिकार सिर्फ मेयर या उनकी गैर मौजूदगी में डिप्टी मेयर के पास है, तो ऐसे में इस गैर लोकतांत्रिक चुनाव के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और आज ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे।

### सूडान में हमला; 8 लोगों की मौत, 95 घायल



**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 95 अन्य घायल हो गए। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया कि आरएसएफ की गोलाबारी का लक्ष्य एल फशर के दक्षिण में स्थित सूक अल-मवाशी बाजार था, जहां लोगों की भीड़ थी। आरएसएफ ने अभी तक इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### कनाडा समेत कई देश खरीदना चाहते वंदे भारत



**नई दिल्ली।** चिली, कनाडा, मलेशिया जैसे देशों ने भारत से वंदे भारत ट्रेनें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इसका सबसे बड़ा कारण इसकी लागत है। भारत में वंदे भारत को 120 से 130 करोड़ रुपए की लागत में बन रही है। जबकि ऐसी ही ट्रेनों की लागत 160-180 करोड़ रुपए है। वंदे भारत को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सिर्फ 52 सेकंड लगते हैं, जबकि जापान की बुलेट ट्रेन इसके लिए 54 सेकंड लेती है। वंदे भारत का डिजाइन भी विदेशी ट्रेनों की तुलना में बेहतर है।

### अमेरिका में तूफान, अब तक 44 लोगों की मौत

**पेरी (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में 'हेलेन' तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। 'हेलेन' तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 'हेलेन' तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं।

### पद्मश्री से सम्मानित पप्पाम्मल का निधन



**नई दिल्ली।** कोयंबटूर जिले की प्रसिद्ध जैविक किसान और पद्म पुरस्कार से सम्मानित पप्पाम्मल का शुक्रवार रात को निधन हो गया। 109 वर्ष की उम्र में पप्पाम्मल ने अंतिम सांस ली। उनका जीवन कृषि और समाजसेवा को समर्पित रहा और उन्हें 2021 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पप्पाम्मल ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और इसके महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी प्रेरणादायक यात्रा ने कृषि क्षेत्र में अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला किसान पप्पम्मल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# सोनीपत में अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका, तीन लोग जले जिंदा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा के सोनीपत जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर के मालिक को हिरासत में लिया गया है। यह अवैध पटाखा फैक्टरी सोनीपत जिले के खरखौदा स्थित रिधाऊ गांव में बने एक घर में चल रही थी। शनिवार की सुबह घर में बनी फैक्टरी में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट से साथ लगे मकानों की दीवारों में भी दरारें आ गई, जिस मकान में पटाखे बनाए जा रहे थे, वह भी ढ़ह गया।



धमाके के बाद बिखरा सामान।

ऐसा बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय 10 से 12 मजदूर काम कर रहे थे। इस विस्फोट के बाद फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में करीब 6 महिलाओं समेत 7 व्यक्ति बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। वहीं, 3 लोगों की जलने की वजह से मौत हो गई, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। खबर के मुताबिक, आग गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण लगी थी। मकान गांव के बीचों बीच है और इसका मलबा हटाने की कार्रवाई जारी है। इस मामले में सोनीपत के एसीपी जीत सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि एक घर में विस्फोट की सूचना मिली थी और हमें मौके से पटाखों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री मिली है। कुछ लोगों ने बताया कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है।

फिलहाल एफएसएल टीम को बुलाया गया है। 3 शव बरामद किए गए हैं और 7 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर के मालिक को हिरासत में लिया गया है और इस मामले की जांच जारी है।

# सेल्फ एफिडेविट पर भी पंचायत चुनाव में लड़ सकेंगे प्रत्याशी

**एजेंसी, चंडीगढ़**




पंजाब में पंचायत चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने से पहले एरिया बीडीपीओ या संबंधित अथॉरिटी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) या नो ड्यू सर्टिफिकेट (एनडीसी) लेना जरूरी होता है। इस बार चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है।

राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि अगर किसी कारण से प्रत्याशी एनओसी नहीं ले पाता है तो वह सेल्फ एफिडेविट देकर भी नामांकन पत्र भर पाएगा।

इससे उसका नामांकन रद्द नहीं किया जाएगा। ऐसा इसलिए किया है, क्योंकि अकसर पंचायत चुनाव में नामांकन के साथ एनओसी सर्टिफिकेट संलग्न न होने की वजह से नामांकन रद्द कर दिए जाते थे।

राज कमल चौधरी ने बताया कि प्रत्याशी को एफिडेविट में बताना होगा कि जिस ग्राम पंचायत के चुनाव में वह प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने जा रहा है या प्रदेश की अन्य किसी पंचायत का उस पर कोई टैक्स या फीस के रूप में कोई धन राशि बकाया तो नहीं है।

इसके अलावा यह घोषणा करनी होगी कि वह पंजाब स्टेट इलेक्शन कमीशन एक्ट-1994 के सेक्शन-11 के तहत पंचायत की किसी भी संपत्ति या जमीन पर काबिज या उस संपत्ति का लाभ नहीं उठा रहा है। चौधरी ने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय प्रत्याशी जो एफिडेविट देंगे, वह रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से संबंधित पंचायत और अथॉरिटी को वेरिफिकेशन के लिए भेजा जाएगा।

अगर 24 घंटे के अंदर वेरिफिकेशन रिपोर्ट आ जाती है तो ठीक, नहीं तो एफिडेविट के आधार पर ही नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया जाएगा। अगर प्रत्याशी जीत जाता है और बाद में उसका एफिडेविट गलत पाया जाता है तो उस पंचायत का परिणाम रद्द कर दोबारा चुनाव कराए जाएंगे।

## विद्यार्थियों ने मनाया ग्रीन कंज्यूमर डे

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, दरिया ने पर्यावरण विभाग चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से ग्रीन कंज्यूमर डे के अवसर पर साइकिल रैली और पौधरोपण का आयोजन किया। स्कूल के इको क्लब के ज्यादातर विद्यार्थियों ने रैली में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप त्रिवेणी, स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विनोद शर्मा, स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

इस दौरान स्कूल में एक साइकिल क्लब की स्थापना भी की गई। प्रदीप त्रिवेणी ने कंज्यूमर डे पर बच्चों के साथ पौधे लगाए और पेड़-पौधों के महत्व को समझाया। उन्होंने बच्चों से अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करने का संकल्प भी दिलवाया।

त्रिवेणी ने ग्रीन कंज्यूमर डे की महत्ता पर बोलते हुए कहा कि उपयोग की हुई वस्तुओं का पुनः उपयोग किया जाना चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके।

## पूर्व मंत्रियों को सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी की सरकार में पूर्व मंत्रियों को सरकारी आवास खाली करने को लेकर नोटिस जारी किए गए है। नोटिस जारी कर जल्द सरकारी बंगला खाली करने के आदेश दिए गए हैं, जिससे नए बनाए गए मंत्रियों को रहने के लिए अलाट किया जा सके।

राज्य सिविल सचिवालय के प्रशासनिक अधिकारी ने पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, चेतन सिंह जौड़ामाजरा, बलकार सिंह, ब्रहम शंकर जिम्पा, अनमोल गगन मान को आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि मंत्री को पद से हटाने के 15 दिन के भीतर आवास खाली करना होगा।

## प्रवासी उत्तराखंडियों ने देश-दुनिया में अलग पहचान बनाई : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट www.pravasiuttarakhandi.uk.gov.in लांच की। प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट आइटीडीए के माध्यम से तैयार की गई है। वेबसाइट के माध्यम से प्रवासियों को राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 नवंबर 2024 को प्रस्तावित प्रवासी उत्तराखंड दिवस के अवसर पर देहरादून में देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे प्रवासियों को आमंत्रित कर भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभूमि से सबका जुड़ाव होता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड के प्रवासियों का राज्य के विकास के लिए सहयोग लिया जाए और उनको अपनी मातृभूमि से जुड़ाव के लिए उन्हें हर संभव सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे उत्तराखंड के प्रवासियों ने देश-दुनिया में अपने कार्यों के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सभी उत्तराखंड वासियों से हमारा नियमित संपर्क होना चाहिए। हमारा प्रयास है कि हम हर सुख-दु:ख में भागीदार बनें।

## देश-विदेश

# हरियाणा को भाजपा ने कर दिया बर्बाद : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बोले- हरियाणावासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं को पूरा करना हमारा संकल्प**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने पिछले एक दशक के दौरान हरियाणा की समृद्धि को ध्वस्त करके उसे बर्बाद कर दिया है। राहुल ने 'एक्स' पर कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली।

अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोजगारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। काले कानून लाकर किसानों का हक तक छीन लेने का प्रयास किया तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से लाखों छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। उन्होंने कहा कि अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का अल्बसम्मान तक छीन लिया। कांग्रेस की आने वाली सरकार 'दर्द के दशक' का अंत करेगी हर हरियाणावासी की उम्मीदों, आकांक्षाओं और ख्वाबों को पूरा करना हमारा संकल्प है कांग्रेस सरकार आने पर जो गारंटी देने का वादा किया है।

## इसराइल का बेरूत पर हमला, 2 की मौत, 76 घायल

**एजेंसी, बेरूत**

**इसराइल** ने लेबनान के बेरूत में हवाई हमला किया है। इस भीषण हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में 76 अन्य घायल भी हो गए हैं।

इसराइली सेना ने कहा कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक कई भीषण विस्फोट से काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं और आसमान में नारंगी तथा काले धुएं का गुबार छा गया। इसराइली सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने टेलीविजन पर यह घोषणा की। यह हमला ऐसे दिन किया गया, जब इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया है।



### हिज्बुल्लाह के गढ़ पर हमला

**इसराइली** वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने बेका घाटी में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया है। उत्तर पूर्वी लेबनान में आईडीएफ (इसराइल डिफेंस फोर्सेज) के हमले किए गए। लेबनान के इस हिस्से को हिज्बुल्लाह का गढ़ माना जाता है। आईडीएफ ने कि इसराइल को निशाना बनाने के लिए जिन हथियार भंडार, सैन्य इमारतों और लॉन्चर्स का इस्तेमाल किया गया था, आईडीएफ ने उन ठिकानों पर धावा बोला है और कहा कि लेबनान में हमले जारी रहेंगे।

### ईरान ने सुप्रीम लीडर खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेजा

**इसराइली** हमलों से ईरान पूरी तरह डरा हुआ है। हिजबुल्लाह चीफ की मौत के बाद ईरान में अलर्ट है। ईरान ने सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया है। खामनेई ने बयान में कहा कि लेबनान में इसराइल की क्रूरता उजागर हुई है। इसराइल ने गाजा युद्ध से कोई सबक नहीं सीखा। हिज्बुल्लाह के सामने इसराइल बहुत छोटा है।

## नेपाल में बाढ़ से 59 लोगों की मौत, 11 लोग लापता

**एजेंसी, काठमांडू**

**नेपाल** में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के कई हिस्से शुक्रवार से हो रही बारिश से जलमग्न हो गए हैं, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। काठमांडू में नौ, ललितपुर में 16, भक्तपुर में पांच, कावरेपालनचोक में तीन, पंचथर और धनकुटा में दो-दो तथा झापा और धाडिंग में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। 11 लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि काठमांडू में 226 मकान जलमग्न हो गए हैं और प्रभावित इलाकों में नेपाल पुलिस की ओर से लगभग तीन हजार सुरक्षाकर्मियों की बचाव टीम तैनात की गई है।

## डोनाल्ड ट्रंप से मिले जेलेंस्की, रूस के साथ युद्ध रोकने पर की चर्चा

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** में इन दिनों राष्ट्रपति चुनाव चल रहा है और उम्मीदवार अपनी जीत के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। जेलेंस्की ने ट्रंप के साथ अपनी मुलाकात को काफी सार्थक बताया और बोले कि दोनों नेताओं ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने को लेकर चर्चा हुई।

जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा कि डोनाल्ड ट्रंप के साथ मेरी बहुत ही सार्थक बैठक हुई।

### इंडोनेशिया में भू-स्खलन 12 लोगों की गई जान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के सोलोक रीजेंसी में एक सोने की खदान में बड़ा हादसा हुआ है। भू-स्खलन के कारण 12 खनिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। बचावकर्मी ने बताया कि भू-स्खलन के बाद संचार सुविधाओं की कमी और चुनौतीपूर्ण भूभाग के कारण बचाव अभियान में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई है।

**फटकार** संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खोटी

# पाक को भुगतने पड़ेंगे आतंकवाद के अंजाम

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**



**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने 'जवाब देने के अधिकार' का शुक्रवार को इस्तेमाल किया। भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत की ओर से जवाब देते हुए कहा कि आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले पाकिस्तान ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया।

## जयशंकर ने की यूएई, सिंगापुर, डेनमार्क उज्बेकिस्तान के समकक्षों से मुलाकात



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सिंगापुर की विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ लंबी बातचीत अच्छी रही। उन्होंने उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव से भी मुलाकात की।

## युवाओं का भविष्य बर्बाद करने में मोदी का बड़ा योगदान : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में युवाओं में बेरोजगारी के 'भयावह स्तर' को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोजगारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। खड़गे ने 'एक्स' कहा कि बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के ताज़ा आंकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी यह सरकारी डाटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

पीएम को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोजगारी 10.2 प्रतिशत के भयावह स्तर पर नहीं रही? 7 वर्षों में रोजगार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है और ये आंकड़ा 15.85 प्रतिशत (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4 प्रतिशत (2023-24) कैसे रह गया?

# कानपुर टेस्ट के दूसरे दिन का खेल धुला



कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फैंके बगैर रद्द कर दिया गया। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है, लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे, जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फैंके जा सके थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंतिम समय में गोल गंवाने की भारतीय हॉकी टीम की छवि बदली : इकबाल

**नई दिल्ली।** पूर्व महान खिलाड़ी जफर इकबाल का मानना है कि लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद यह आम धारणा बदल गई है कि भारतीय हॉकी टीम आखिरी क्षणों में गोल खा जाती है और हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम सभी पहलुओं में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य और 1982 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे इकबाल को टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के बाद देश में इस खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इकबाल ने कहा, ''पहले आम धारणा यह थी कि भारत एक ऐसी टीम है जो खेल आखिरी चरण में गोल खाती है, लेकिन अब यह बदल गया है। हम सभी पहलुओं में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं।''



### खुलासा : बांग्लादेश का प्रशंसक बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के एक प्रशंसक को 'बीमार पड़ने' के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना को पहले हाथापाई का मामला माना गया था क्योंकि इस प्रशंसक ने खुद के साथ धक्का-मुक्की होने का संकेत दिया था। इस बीच, एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह मेडिकल वीजा पर भारत आया है। यह प्रशंसक खुद को सुपर फैन रॉबी बता रहा था। वह बांग्लादेश के ज्यादातर मैचों में स्टेडियम में मौजूद रहता है और उसे कैमरे पर अक्सर बांग्लादेश का झंडा लहराते हुए देखे जाता है। वह इस घटना के समय बाघ की पोशाक पहने हुए था और स्टैंड सी में बैठा था।

### कैमरन ग्रीन का भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध हो गया क्योंकि वह पीठ की चोट के कारण वह इंग्लैंड के मौजूदा दौरे से बाहर हो गए। बुधवार को चेस्टर ली स्ट्रीट में तीसरे मैच के बाद दर्द की शिकायत के बाद 25 वर्षीय ग्रीन इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे सीरीज के अंतिम दो मैचों से बाहर हो गए।



चोट के कारण उन्हें शुक्रवार को लॉर्ड्स में चौथे वनडे से भी बाहर कर दिया गया था। स्कैन से पीठ की चोट का पता चला है और ऑस्ट्रेलिया में और अधिक जांच के बाद उनकी संभावित वापसी तय की जाएगी। ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के प्रवक्ता ने कहा कि चोट की गंभीरता और उसकी वापसी का समय तब तक पता नहीं चलेगा जब तक कि खिलाड़ी पर्थ में नहीं पहुंच जाता।

### 18 साल की आयु में यूरोपियन चैंपियन

**नई दिल्ली ।** चार्ली एस्मी हल एक इंग्लिश पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लेडीज यूरोपीय टूर और एलपीजीए टूर दोनों में सफलता हासिल की है। चार्ली अंतरराष्ट्रीय सोलहेम कप मैचों में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बनीं और 18 वर्ष की आयु से पहले 2014 में यूरोपीय सर्किट पर चैंपियन बनीं। 2016 में, उन्होंने प्रतिष्ठित सीएमई ग्रुप टूर चैम्पियनशिप जीती, जो एलपीजीए टूर का सीजन-एंडिंग इवेंट था।



## सड़क दुर्घटना के बाद ऑलराउंडर मुशीर खान की हालत स्थिर

**लखनऊ।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुंबई के ऑलराउंडर मुशीर खान की लखनऊ के बाहरी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हालत अब स्थिर है, लेकिन वह आगामी ईरानी कप से शुरू होने वाले क्रिकेट सत्र से लेकर लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।



मुशीर (19 साल) के गर्दन में चोट लगी है जिसके कारण उनके कम से कम तीन महीने तक क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इससे वह 11 अक्तूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र की शुरुआत में मुंबई के मैचों से बाहर हो गए हैं। पता चला है कि मुशीर एक अक्तूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप के लिए अपने गृहनगर आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे, लेकिन उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मुशीर के साथ उनके पिता नौशाद खान भी थे, जिन्हें भी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में मामूली खरोंच आई हैं।

## श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड 88 रन पर ढेर

**एजेंसी, गॉले**

श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट में फॉलोआन के लिए मजबूर न्यूजीलैंड पर टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है।

न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी। दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 199 रन पर 5 विकेट गंवा दिए है।

न्यूजीलैंड को स्पिन की अनुकूल गॉल की पिच पर पारी की हार से बचने के लिए 315 रन और बनाने हैं जबकि उसके 5 विकेट शेष है। इससे पहले न्यूजीलैंड को सबसे बड़ी हार का सामना 2002 में पाकिस्तान के खिलाफ करना पड़ा था जब टीम पारी और 324 रन से हार गई थी।



न्यूजीलैंड के खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते श्रीलंका के खिलाड़ी

श्रीलंका के लिए पहली पारी में प्रबाथ जयसूर्या ने 42 रन देकर छह विकेट लिए जबकि पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस ने 33 रन पर तीन विकेट चटकाने के बाद दूसरी पारी में लैथम को भी पवेलियन भेजा। जयसूर्या को सबसे तेज 100 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम करने के लिए छह विकेट की दरकार है। यह रिकॉर्ड 1896 से इंग्लैंड के जॉर्ज लोहमैन के नाम है।

## त्रीशा-गायत्री की जोड़ी मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**एजेंसी, मकाऊ**

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को शनिवार को यहां सेमीफाइनल में सीह पेई शैन और हुंग एन-जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे मकाऊ ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।



तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद चीनी ताइपे की दुनिया की 54वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम में 17-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी त्रीशा और गायत्री की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ इस साल यह तीसरी हार है।

सीह और हुंग ने अच्छी शुरुआत करते हुए 8-5 की बढ़त बनाई और फिर लगातार पांच अंक के साथ 13-8 से आगे हो गई। भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 15-15 किया, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने इसके बाद बेहतर खेलते दिखाते हुए पहला गेम जीत लिया।

## जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में मार्टिना ने सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, लियोन ( स्पेन )**

जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय युवा भारोत्तोलक मैबाम मार्टिना देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 87 किग्रा से अधिक भार वर्ग में क्लीन एंड जर्क के साथ कुल वजन वर्ग में सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।



मणिपुर की 18 वर्षीय खिलाड़ी ने स्नैच में अपना जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बेहतर किया। हालांकि वह तीनों वर्गों में पोडियम पर नहीं पहुंच सकीं। मार्टिना ने स्नैच में 101 किग्रा वजन उठाकर सात महिलाओं की श्रेणी में छठा स्थान हासिल किया और पिछले साल 95 किग्रा के अपने ही जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड को छह किग्रा से बेहतर किया। वह स्नैच में 104 किग्रा के सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड से तीन किग्रा से चूक गईं जो अभी पूर्णिमा पांडे के नाम है।

इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 136 किग्रा वजन उठाया और उनका यह प्रदर्शन 128 किग्रा के सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड से आठ किग्रा बेहतर था जो पंजाब की मनप्रीत कौर के नाम था। वह इसमें 5वें स्थान पर रहीं।

मार्टिना का इससे पहले का क्लीन एंड जर्क में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 123 किग्रा है जो जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। इससे उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 13 किग्रा अधिक वजन उठाया।

मार्टिना ने कुल 237 किग्रा वजन उठाया जिससे वह छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 231 किग्रा से छह किग्रा अधिक था जो केरल की एन मारिया एम टी के नाम था। इससे पहले कुल भार में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 218 किग्रा का था जो जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। इस प्रकार उन्होंने अपने कुल वजन में 19 किग्रा का सुधार किया।

## चाइना ओपन के दूसरे दौर में जीते सिनर

**बीजिंग।** शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी।

सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की।

महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया।

सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया।

## बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

**एजेंसी, बीजिंग**

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी-500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेंटीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा।



फाइल फोटो

बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी-500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा। बोपन्ना ने इस साल ऑस्ट्रेलिया ओपन ग्रैंडस्लैम और मियामी ओपन का खिताब जीता है।

## आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

**बेंगलुरु।** बीसीसीआई की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नए सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी-20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है। महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्तूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं।

### प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से होगी शुरू

## आनंद बैडमिंटन अकादमी के बच्चे चमकाएंगे ऊना जिले का नाम

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

पिछले महीने जिला ऊना के इंदिरा स्टेडियम इनडोर कोर्ट में संपन्न हुए बैडमिंटन के अंडर-11 व अंडर-13 प्रतियोगिता हुइ, जिसमें आनंद अकादमी अंब के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। आनंद बैडमिंटन अकादमी के होनहार बच्चे अब 29 सितंबर से शुरू होगी वाली प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए आज कुल्लू के लिए रवाना हुए।

अंडर-11 व अंडर-13 वर्ग में तविश चौधरी, निकुंज शर्मा, युवराज मेहरा, कनिश्का चौधरी, आरुषि चौधरी ने जिला स्तर पर आनंद बैडमिंटन अकादमी का नाम रोशन किया और अब जिला ऊना का प्रदेश स्तर पर कुल्लू में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता खेलने जा रहे हैं।



बच्चों को परिजनों और अकादमी की मालकिन रितु सिंह, असीम धीमान, रशपाल सिंह, राकेश शर्मा, सुनील शर्मा, पुरषोत्तम चौधरी,जवाहर स्कूल के पीटीआई अशोक चौधरी, सतीश कुमार, अभिषेक राणा, दीपक राणा, राजेश ठाकुर, रणजीत सिंह ने स्टेट खेलने जा रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी बधाई दी।

आनंद बैडमिंटन अकादमी अंब के कोच राकेश सिंह जसवाल ने कहा कि अकादमी के बच्चे नेशनल तक जिला का नाम रोशन कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** ऑस्ट्रेलिया महज 126 रन पर ऑलआउट, पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर

## मेजबान इंग्लैंड ने 186 रनों से जीता चौथा वनडे

**एजेंसी, लॉर्ड्स**

इंग्लैंड की धरती पर खेली जा रही वनडे सीरीज में मेजबान इंग्लिश टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर जोरदार पलटवार किया है। 5 मैचों की वनडे सीरीज के पहले 2 मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर कब्जा करती नजर आ रही थी, लेकिन फिर तीसरे मैच में इंग्लैंड ने जीत के साथ शानदार वापसी की और अब चौथे वनडे में कंगारू टीम को पटखनी देते हुए सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल कर ली है।

लॉर्ड्स में खेले गए चौथे वनडे में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर धोया। इस तरह इंग्लैंड की टीम 39 ओवर में 5 विकेट पर 312 रनों का स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही।

इसके जवाब में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो इंग्लैंड के गेंदबाजों ने कहर ढा दिया। इंग्लिश गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। यही वजह रही कि ऑस्ट्रेलिया महज 126 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया को वनडे में अपनी सबसे बड़ी हार में से एक का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 186 रनों से मात दी। ये रनों के हिसाब से ऑस्ट्रेलिया की चौथी सबसे बड़ी हार है। यह लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले आठ वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी हार है।




लियाम लिविंगस्टोन

## दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को हराया

अबुधाबी। रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जाएगा, लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रूगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में पहला अर्धशतक 30 गेंद में पूरा किया। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा, लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए।